शुक्रवार, 24 जनवरी 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 28 – 19 |
| आर्द्रता | 90% |
| सूर्योदय: 6:18 | सूर्यास्त: 17:19 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा
कोलकाता, माघ कृष्णपक्ष दशमी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



भारतीय रुपया दक्षिण-पूर्व एशिया की सबसे कमजोर प्रदर्शन वाली मुद्रा: मूडीज -पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : संघर्ष में आदमी अकेला होता है सफलता में दुनिया उसके साथ होती है।

# 'नेताजी बड़ी साजिश का शिकार हुए थे' : ममता बनर्जी

## कहा- सच्चाई का पता न लगा पाने का रहेगा हमेशा दुख



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सहित पूरे देश में नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई जा रही है, लेकिन आज भी उनकी पुण्यतिथी को लेकर भारतीयों में असमंजस की स्थिति है। भारत सरकार के के मुताबिक द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान रूस से सहायता मांगने जा रहे नेता जी सुभाष चंद्र बोस का प्लेन 18 अगस्त 1945 को ताईवान में क्रैश कर गया था। जिसमें उनकी मौत हो गई। हालांकि कुछ लोगों का मानना है कि वह इस हादसे में बच गए थे। आज भी उनकी मौत को लेकर अलग-अलग कॉन्सपिरेसी थ्योरी बताई जाती है। अब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक बड़ी साजिश का शिकार हुए थे और उन्होंने दुख जताया कि इतने वर्षों के बाद भी देश महान नेता के लापता होने के पीछे के रहस्य से पर्दा नहीं उठा पाया है। बनर्जी ने कहा कि मुझे बहुत दुख होता है कि नेताजी का जन्मदिन तो हम जानते हैं, लेकिन इतने सालों बाद भी हम उनके लापता होने के बारे में अंधेरे में हैं। उनकी मौत कब और कैसे हुई। वह एक बड़ी साजिश का शिकार हुए हैं। उन्होंने देश के लिए कितनी लड़ाइयां लड़ीं, लेकिन हमें अभी भी पता नहीं है कि वे कहां खो गए। अलीपुरद्वार जिले के कालचीनी में एक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सच्चाई का पता न लगा पाने का यह अफसोस हमेशा बना रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने नेताजी से संबंधित 64 फाइल को जनता के लिए सार्वजनिक कर दिया है। बनर्जी ने कहा कि नेताजी ने देश को आगे ले जाने के लिए लोगों को उनकी धार्मिक पहचान से ऊपर उठकर शिक्षित किया। गौरतलब है कि नेता जी सुभाष चंद्र बोस को केंद्र में रखकर राजनीतिक दल कांग्रेस पर निशाना भी साधते हैं। उनकी मौत की मिस्ट्री को साल्व न करने व उनसे जुड़ी फाइलों को सार्वजनिक न करने के लिए भाजपा व टीएमसी कांग्रेस को आड़े हाथों लेते रहे हैं। वहीं कांग्रेस पार्टी सुभाष चंद्र बोस को कांग्रेस पार्टी का नेता मानती है।

### ममता बनर्जी बोलीं- केंद्र सरकार मनरेगा के लिए फंड नहीं दे रही हैं

ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र सरकार मनरेगा के लिए धन आवंटित नहीं कर रही है। लेकिन हमने भीख मांगने की जगह 'कर्मश्री योजना' शुरू की है, जिससे लाखों लोग लाभान्वित हो रहे हैं।'' ममता बनर्जी ने समारोह में अंतरराष्ट्रीय सीमावर्ती क्षेत्र जयगांव में अवैध कब्जों के मुद्दे पर भी चर्चा की। सीएम ममता ने कहा, अवैध कब्जों के मामलों पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए...इसके लिए जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं। इस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हमारा मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने ये भी कहा कि गैरकानूनी कार्यों में लिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

# 'विकसित भारत' के संकल्प को पूरा करने के लिए एकजुट रहना होगा: पराक्रम दिवस पर मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को लोगों से 'विकसित भारत' के संकल्प को पूरा करने के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया और उन्हें देश को कमजोर करने और इसकी एकता को तोड़ने की कोशिश करने वाली ताकतों से आगाह भी किया। महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के मौके पर ओडिशा के कटक में आयोजित पराक्रम दिवस कार्यक्रम को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि नेताजी का जीवन लोगों के लिए निरंतर प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि नेताजी ने आराम का क्षेत्र छोड़ने का विकल्प चुना और देश की आजादी के लिए संघर्ष करना पसंद किया। मोदी ने कहा, ''नेताजी सुभाष कंफर्ट जोन के बंधन में नहीं बंधे। इसी तरह आज हम सभी को विकसित भारत के निर्माण के लिए अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलना है। हमें खुद को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बनाना है और उत्कृष्टता को चुनना ही है, दक्षता पर ध्यान केंद्रित करना है।'' उन्होंने कहा कि नेताजी ने देश की स्वतंत्रता के लिए आजाद हिंद फौज का गठन किया और इसमें देश के हर क्षेत्र व हर वर्ग के लोग शामिल थे, जिनकी भाषाएं अलग-अलग थीं लेकिन भावना एक थी और वह थी देश की आजादी। उन्होंने कहा, ''यही एकजुटता आज विकसित भारत के लिए भी बहुत बड़ी सीख है। तब स्वराज के लिए हमें एक होना था, आज विकसित भारत के लिए हमें एक रहना है।'' उन्होंने कहा कि भारत की एकता के लिए लोगों को बोस के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा, ''हमें उन लोगों से सतर्क रहना होगा जो देश को कमजोर करना चाहते हैं और इसकी एकता को तोड़ना चाहते हैं।'' उन्होंने अंडमान में बोस के नाम पर द्वीपों का नामकरण किए जाने और इंडिया गेट पर उनकी प्रतिमा की स्थापना और उनकी जयंती को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाने सहित कई फैसलों का जिक्र किया और कहा कि नेताजी भारत की विरासत पर बहुत गर्व किया करते थे। मोदी ने कहा कि विकास की तेज गति लोगों की प्रगति, सशस्त्र बलों की मजबूती और समग्र विकास के साथ-साथ चलती है। उन्होंने कहा कि बीते दशक में 25 करोड़ भारतीयों को गरीबी से बाहर निकाला गया है जो कि बहुत बड़ी सफलता है। उन्होंने कहा कि आज गांव हो या शहर, हर तरफ आधुनिक अवसंरचना का निर्माण हो रहा है और साथ ही भारत की सेना की ताकत में भी अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। मोदी ने कहा कि विश्व मंच पर भारत की भूमिका बढ़ रही है और भारत की आवाज बुलंद हो रही है। उन्होंने कहा, ''वह दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनेगा। हमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रेरणा से 'एक लक्ष्य-एक ध्येय' विकसित भारत के लिए निरंतर काम करते रहना है।''

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

### भाजपा नेता बारला ने ममता के साथ साझा किया मंच, टीएमसी में शामिल होने की अटकलें तेज

**अलीपुरद्वार :** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के नेता जॉन बारला ने बृहस्पतिवार को अलीपुरद्वार जिले में एक जन वितरण कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी के साथ मंच साझा किया। इससे उनके पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी)में शामिल होने की अटकलें तेज हो गईं। बारला (49) ने कहा कि उन्हें राज्य सरकार ने कालचीनी में कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया था। बार्ला ने संवाददाताओं से कहा, 'मुख्यमंत्री मैडम ने मुझे बुलाया था। इसलिए, मैं इस कार्यक्रम में आया हूं। अगर वह मुझे आशीर्वाद देती हैं, तो मैं उनके साथ काम करूंगा।' बारला ने कहा, 'मैं (भाजपा में) काम करने में असमर्थ था। मैं स्वतंत्र रूप से काम करना चाहता था, लेकिन नहीं कर सका। मुख्यमंत्री कोलकाता से आई हैं और दो या तीन दिन से यहां रह रही हैं। इस क्षेत्र के विकास के लिए उनके पास कुछ योजनाएं होनी चाहिए। उन्होंने बहुत कुछ किया है।' बारला ने तृणमूल में शामिल होने के सवाल पर कहा, 'यह भविष्य बताएगा। मैं चर्चा करूंगा और इस पर निर्णय लूंगा।' इस घटनाक्रम पर भाजपा के राज्यसभा सदस्य समिक भट्टाचार्य ने कहा, बारला अभी भी भाजपा के साथ हैं। लेकिन मुझे लगता है कि वह कोई कारक नहीं हैं।

# ओला-उबर के अलग-अलग किराया वसूलने पर सरकार सख्त, सीसीपीए ने भेजा नोटिस




**नयी दिल्ली :** उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने सॉफ्टवेयर और मूल्य निर्धारण से जुड़ी शिकायतें आने के बाद दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल इंक और कैब सेवा प्रदाताओं- ओला एवं उबर को नोटिस जारी किया है। हाल ही में सॉफ्टवेयर अपडेट के बाद आईफोन उपयोगकर्ताओं ने तकनीकी समस्याएं आने की शिकायत की थी। इस बारे में एप्पल से प्रतिक्रिया मांगी गई है। उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पर कहा, उपभोक्ता शिकायतों की जांच के बाद विभाग ने सीसीपीए के माध्यम से एप्पल को नोटिस जारी कर मामले पर जवाब मांगा है। सामुदायिक सोशल मीडिया मंच 'लोकल सर्किल्स' द्वारा किए गए सर्वेक्षण से पता चला है कि 60 प्रतिशत आईफोन उपयोगकर्ताओं को सेवा संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा, जिसमें कॉल न लगना या कॉल कट जाना सबसे बड़ी समस्या थी। सर्वेक्षण में शामिल 90 प्रतिशत आईफोन उपयोगकर्ताओं ने इन समस्याओं के लिए एप्पल के ऑपरेटिंग सिस्टम आईओएस में आए अपडेट को जिम्मेदार ठहराया। इन उपयोगकर्ताओं ने इसके लिए वाईफाई या मोबाइल नेटवर्क को दोषी नहीं ठहराया। एप्पल ने आईफोन के स्क्रीन और कैमरा फ्रीज होने जैसी समस्याएं ठीक करने के लिए अक्टूबर में आईओएस 18.0.1 और तकनीकी खामियां दूर करने के लिए नवीनतम 18.2.1 अपडेट सहित कई अपडेट जारी किए हैं। इसके साथ ऑनलाइन कैब सेवाएं देने वाली कंपनियों- ओला और उबर को भी नोटिस जारी किया गया है। इन कंपनियों के खिलाफ ऐसी शिकायतें आई हैं कि उपयोगकर्ताओं के मोबाइल फोन में मौजूद ऑपरेटिंग सिस्टम के आधार पर एक ही गंतव्य के लिए मंच पर अलग-अलग किराया दिखाती हैं। जोशी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, इस्तेमाल होने वाले मोबाइल फोन (आईफोन/ एंड्रॉयड) के विभिन्न मॉडलों के आधार पर अलग-अलग मूल्य-निर्धारण का अवलोकन करने के बाद उपभोक्ता मामलों के विभाग ने सीसीपीए के जरिये प्रमुख कैब सेवा प्रदाताओं ओला और उबर को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है।

# अमित शाह के 'आदेश' पर पुलिस ने विपक्षी कार्यकर्ताओं को मेरी कार पर हमला करने दिया : केजरीवाल



**नयी दिल्ली :** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आदेश पर विपक्षी उम्मीदवार के समर्थकों को उनकी कार पर हमला करने दिया। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक के आरोप पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। दिल्ली पुलिस ने केजरीवाल के दावे का खंडन करते हुए कहा कि जनसभा में पूर्व मुख्यमंत्री के साथ पुलिसकर्मियों की एक टीम थी। इस संबंध में एक अधिकारी ने नाम उजागर न करने की शर्त पर कहा, ''हरि नगर में केजरीवाल पर किसी हमले की कोशिश नहीं की गई। जनसभा के दौरान हमारी टीम उनके साथ मौजूद थी। पुलिस मामले की जांच करेगी, क्योंकि उन्होंने (केजरीवाल ने) सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है।'' दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने पश्चिमी दिल्ली के हरि नगर, राजौरी गार्डन और मादीपुर में आप उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार कर जनता से समर्थन मांगा और एक जनसभा को संबोधित किया। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आज हरि नगर में विपक्षी उम्मीदवार के लोगों को पुलिस ने मेरी जनसभा में घुसने दिया और फिर मेरी गाड़ी पर हमला करवाया। ये सब अमित शाह जी के आदेश पर हो रहा है। अमित शाह जी ने दिल्ली पुलिस को भाजपा की निजी आर्मी बना दिया है।'' उन्होंने कहा, '' चुनाव आयोग पर बड़े सवाल उठ रहे हैं कि एक राष्ट्रीय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उसके नेताओं पर लगातार हमले हो रहे हैं और चुनाव आयोग कुछ भी प्रभावी कदम उठाने में असमर्थ है।''

### इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुबियांतो भारत पहुंचे

**नयी दिल्ली :** इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो राष्ट्र प्रमुख के रूप में भारत की अपनी पहली यात्रा पर बृहस्पतिवार रात यहां पहुंचे। सुबियांतो भारत के 76वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली आए हैं। इंडोनेशियाई राष्ट्रपति का हवाई अड्डे पर विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने स्वागत किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर कहा, ''इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो का भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर नयी दिल्ली पहुंचने पर हार्दिक स्वागत है।'' उन्होंने कहा, ''यह यात्रा भारत-इंडोनेशिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगी।'' सुबियांतो की यात्रा के दौरान दोनों पक्षों द्वारा कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए कई समझौते किए जाने की उम्मीद है। वह भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले चौथे इंडोनेशियाई राष्ट्रपति होंगे। इंडोनेशिया के पहले राष्ट्रपति सुकर्णो 1950 में भारत के पहले गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि थे। इंडोनेशिया से 352 सदस्यीय मार्चिंग और बैंड दस्ता यहां कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेगा। यह पहली बार होगा कि इंडोनेशियाई मार्चिंग और बैंड दस्ता विदेश में राष्ट्रीय दिवस परेड में भाग लेगा। पिछले कुछ वर्षों में भारत-इंडोनेशिया संबंधों में मजबूती आई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2018 में इंडोनेशिया की यात्रा की थी, जिस दौरान भारत-इंडोनेशिया संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया। पिछले साल 19 नवंबर को प्रधानमंत्री मोदी ने रियो डी जनेरियो में जी20 शिखर सम्मेलन के मौके पर राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो से मुलाकात की थी। भारत और इंडोनेशिया एक सहस्राब्दी से अधिक पुराने सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों के साथ घनिष्ठ समुद्री पड़ोसी हैं।

# अमेरिका का स्वर्ण युग शुरू हो गया, अब पूरी दुनिया शांतिपूर्ण और समृद्ध होगी: ट्रंप

## अरब देशों को तेल की कीमतें कम करने की दी नसीहत



**दावोस :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनके दूसरे कार्यकाल के साथ अमेरिका का स्वर्णिम युग शुरू हो गया है और जल्द ही पूरी दुनिया अधिक शांतिपूर्ण और समृद्ध होगी। उन्होंने कहा कि वह सऊदी अरब और ओपेक (तेल निर्यातक देशों के संगठन) से तेल की कीमतें कम करने के लिए कहेंगे। 'अगर कीमतें कम होती हैं तो रूस-यूक्रेन युद्ध तुरंत समाप्त हो जाएगा।' वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए यहां विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा कि उनके प्रशासन ने चार दिनों में वह हासिल कर लिया जो अन्य सरकारें चार साल में भी हासिल नहीं कर सकीं। राष्ट्रपति के तौर पर कार्यकाल के लिए उन्होंने 20 जनवरी को शपथ ग्रहण की। इसी दिन पांच दिवसीय डब्ल्यूईएफ की वार्षिक बैठक शुरू हुई थी। ट्रंप ने कहा, अमेरिका का स्वर्णिम युग शुरू हो गया है, हमारा देश जल्द ही पहले से अधिक मजबूत, एकजुट और समृद्ध होगा।

# वाहनों की रफ्तार मापने वाले उपकरणों का अनिवार्य सत्यापन होगा जरूरी

**नयी दिल्ली :** सरकार ने देश भर में सड़क सुरक्षा और नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए वाहनों की रफ्तार मापने वाले उपकरणों के अनिवार्य सत्यापन की जरूरत वाले नए नियमों को अधिसूचित किया है। इन नियमों को एक जुलाई से लागू किया जाएगा। इससे नए प्रावधानों का अनुपालन करने के लिए हितधारकों को पर्याप्त समय मिल पाएगा। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा, सत्यापित रडार स्पीड गन वाहनों की रफ्तार को सटीक रूप से मापेंगे, उल्लंघनों की पहचान करेंगे और यातायात कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करेंगे। इस तरह बेहतर प्रवर्तन होने से लोगों को लाभ होगा। कानूनी माप विज्ञान (सामान्य) नियम, 2011 के अंतर्गत आने वाले नए नियम 'माइक्रोवेव डॉप्लर रडार उपकरण' पर लागू होंगे, जिनका व्यापक रूप से इस्तेमाल सड़कों पर दौड़ते वाहनों की गति मापने के लिए किया जाता है। नए नियमों के मुताबिक, गति मापने वाले सभी उपकरणों को तैनाती से पहले सत्यापन से गुजरना होगा और आधिकारिक मुहर लेनी होगी। इस प्रक्रिया का उद्देश्य यातायात कानून प्रवर्तन के लिए महत्वपूर्ण गति और दूरी मापने के लिए सटीक 'रीडिंग' की गारंटी देना है। मंत्रालय ने कहा कि सत्यापित रडार उपकरण यातायात कर्मचारियों को वाहनों की गति सीमा को प्रभावी ढंग से मापने में मदद करेगा। आधुनिक रडार सिस्टम अत्यधिक सटीक हैं, एक साथ कई वाहनों की गति को माप सकते हैं और अक्सर इसमें स्वचालित लक्ष्य ट्रैकिंग जैसी सुविधाएं शामिल होती हैं। ये नियम ऐसे समय आए हैं जब सरकार सड़क सुरक्षा रिकॉर्ड में सुधार करना चाहती है। उल्लंघनों की पहचान करने और खतरनाक ढंग से वाहन चलाने पर लगाम के लिए उनकी रफ्तार का सटीक ढंग से पता लगाना महत्वपूर्ण है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के वैध माप विज्ञान प्रभाग ने भारतीय कानूनी माप विज्ञान संस्थान, क्षेत्रीय संदर्भ प्रयोगशालाओं, विनिर्माताओं और वाहन प्रमाणन संगठनों के साथ व्यापक परामर्श के बाद नियमों को अंतिम रूप दिया है।

### देश को महंगाई से राहत देने वाला बजट चाहिए: कांग्रेस

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने बेरोजगारी तथा महंगाई के मुद्दे को लेकर बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि देश को अब महंगाई से राहत देने वाला बजट चाहिए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह आरोप भी लगाया कि सरकार की गलत नीतियों के कारण बेरोजगारी और महंगाई लगातार बढ़ रही है। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मोडानी सरकार ने पिछले दस सालों में केवल अपने अमीर मित्रों का ध्यान रखा है। सरकार की गलत नीतियों के कारण लगातार बढ़ रही बेरोज़गारी और महंगाई ने निम्न और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए जीवन बेहद मुश्किल बना दिया है।'' उन्होंने दावा किया, ''दूध, आटा, दाल, पेट्रोल, डीजल और सब्जियों की कीमतें आसमान छू रही हैं। ईएमआई और रोज़मर्रा की ज़रूरतों का बोझ हर घर पर बढ़ता जा रहा है। देश को अब महंगाई से राहत देने वाला बजट चाहिए।'' रमेश ने सवाल किया, ''क्या सरकार जनता की तकलीफें सुनकर कोई ठोस कदम उठाएगी?'' वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट आगामी एक फरवरी को पेश करेंगी।

# लाउडस्पीकार का इस्तेमाल किसी भी धर्म का आवश्यक हिस्सा नहीं : बंबई उच्च न्यायालय



**मुंबई :** बंबई उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को व्यवस्था दी कि लाउडस्पीकर का इस्तेमाल किसी भी धर्म का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। अदालत ने इसी के साथ कानून प्रवर्तन एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे ध्वनि प्रदूषण के मानदंडों और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करें। न्यायमूर्ति ए. एस. गडकरी और न्यायमूर्ति एस. सी. चांडक की पीठ ने कहा कि शोर स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा है और कोई भी यह दावा नहीं कर सकता कि अगर उसे लाउडस्पीकर के इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी गई तो उसके अधिकार किसी भी तरह प्रभावित होंगे। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह धार्मिक संस्थाओं को ध्वनि स्तर को नियंत्रित करने के लिए तंत्र अपनाने का निर्देश दे, जिसमें स्वत: 'डेसिबल' सीमा तय करने की ध्वनि प्रणालियां भी शामिल हों। अदालत ने यह फैसला कुर्ला उपनगर के दो आवास संघों – जागो नेहरू नगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन और शिवसृष्टि कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटीज एसोसिएशन लिमिटेड – द्वारा दायर याचिका पर पारित किया। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि क्षेत्र की मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकर से होने वाले ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि 'अजान' सहित धार्मिक उद्देश्यों के लिए लाउडस्पीकर का उपयोग शांति को भंग करता है और ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 के साथ-साथ पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों का उल्लंघन करता है। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि मुंबई एक महानगर है और जाहिर है कि शहर के हर हिस्से में विभिन्न धर्मों के लोग रहते हैं। उच्च न्यायालय ने कहा, ''यह जनहित में है कि ऐसी अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। ऐसी अनुमति देने से इनकार करने पर भारत के संविधान के अनुच्छेद 19 या 25 के तहत अधिकारों का उल्लंघन नहीं होता है। लाउडस्पीकर का इस्तेमाल किसी भी धर्म का अनिवार्य हिस्सा नहीं है।'' अदालत ने कहा कि राज्य सरकार और अन्य प्राधिकारियों का यह 'कर्तव्य' है कि वे कानून के प्रावधानों के तहत निर्धारित सभी आवश्यक उपाय अपनाकर कानून को लागू करें।

# भारत वैध दस्तावेज के बिना रह रहे भारतीयों की वैध वापसी के लिए हमेशा तैयार : जयशंकर



**वाशिंगटन :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत वैध दस्तावेज के बिना रह रहे भारतीयों की वैध वापसी के लिए हमेशा से तैयार रहा है। उन्होंने कहा कि भारत अब भी अमेरिका से उन लोगों के सत्यापन की प्रक्रिया में है जिन्हें भारत भेजा जा सकता है और ऐसे व्यक्तियों की संख्या अभी निर्धारित नहीं की जा सकती है। जयशंकर ने यहां भारतीय पत्रकारों के एक समूह से कहा, ''एक सरकार के रूप में हम स्पष्ट रूप से (लोगों की) वैध आवाजाही के बड़े समर्थक हैं क्योंकि हम वैश्विक कार्यबल में विश्वास करते हैं। हम चाहते हैं कि भारतीय प्रतिभा और भारतीय कौशल को वैश्विक स्तर पर अधिकतम अवसर मिले। साथ ही, हम अवैध आवाजाही और अवैध प्रवास का भी दृढ़ता से विरोध करते हैं।'' वैश्विक कार्यबल से तात्पर्य श्रमिकों के अंतरराष्ट्रीय श्रम पूल से है, जिसमें बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा नियोजित अथवा विदेशों में जाकर काम करने वाले विदेशी श्रमिक, अस्थायी प्रवासी श्रमिक, दूरस्थ श्रमिक, निर्यात से जुड़े रोजगार में लगे लोग, आकस्मिक कार्यबल तथा अन्य शामिल हैं। जयशंकर ने कहा, ''आप यह भी जानते हैं कि जब कुछ अवैध होता है, तो कई अन्य अवैध गतिविधियां भी उसके साथ जुड़ जाती हैं, जो ठीक नहीं है। यह निश्चित रूप से प्रतिष्ठा के लिए भी अच्छा नहीं है। यह हर देश के साथ है और अमेरिका कोई अपवाद नहीं है, हमने हमेशा यही कहा है कि अगर हमारा कोई नागरिक अवैध रूप से वहां है और अगर हमें लगता है कि वे हमारे नागरिक हैं, तो हम हमेशा उनकी वैध भारत वापसी के लिए तैयार हैं।''

### पाकिस्तान के साथ व्यापार फिर से शुरू करने पर कोई बातचीत नहीं हुई: जयशंकर

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ फिर से व्यापार शुरू करने को लेकर कोई बातचीत नहीं हुई है। वाशिंगटन में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा, ''पिछले साल के बाद से पाकिस्तान के साथ व्यापार पर कोई बातचीत नहीं हुई है और न ही उनकी (पाकिस्तान) तरफ से कोई पहल की गई है।'' उन्होंने कहा कि भारत ने कभी भी पाकिस्तान के साथ व्यापार बंद नहीं किया बल्कि 2019 में पाकिस्तान सरकार ने ही इसे बंद करने का फैसला किया। जयशंकर ने कहा, ''शुरू से ही हमारी कोशिश रही है कि भारत को सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र (एमएफएन) का दर्जा मिले। हम पाकिस्तान को एमएफएन का दर्जा देते थे, लेकिन उसने हमें वह दर्जा नहीं दिया।''

## साहसिक दृष्टिकोण मगर क्रियान्वयन तार्किक हो

उत्तराखंड समान नागरिक संहिता को लागू करने वाला देश का पहला राज्य होगा। सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने समान नागरिक संहिता नियमावली 2025 को मंजूरी दे दी है। इसके तहत विवाह, विवाह विच्छेद, उत्तराधिकार, लिव इन रिलेशन आदि के प्रावधान शामिल किए गए हैं। सरकार का दावा है कि यूसीसी के कुशल क्रियान्वयन के लिये अत्याधुनिक तकनीक आधारित व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। जिसके लिए नागरिकों व अधिकारियों के लिये ऑनलाइन पोर्टल तैयार किए गए हैं। यूसीसी के अंतर्गत विभिन्न पंजीकरण मसलन विवाह, तलाक, विवाह शून्यता, लिव इन रिलेशन, वसीयत आदि होंगे। सरकार ने त्वरित पंजीकरण के लिये अलग शुल्क भी निर्धारित किए हैं। सरकार का दावा है कि लिव इन रिलेशन के पंजीकरण व समाप्ति की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। एक साथी की ओर से समाप्ति के आवेदन पर दूसरे की पुष्टि अनिवार्य होगी। उल्लेखनीय है कि समान नागरिक संहिता के वेबपोर्टल के उपयोग की शुरुआत फिलहाल सरकार की मॉक ड्रिल का हिस्सा होगा। निस्संदेह, देश में पहली बार समान नागरिक संहिता को लागू करना उत्तराखंड सरकार का ऐतिहासिक कदम है। जो सभी धर्मों के व्यक्तिगत कानूनों को मानकीकृत करने के लक्ष्य को निर्धारित कर राज्य में समानता और न्याय की राह में कदम बढ़ाता है। हालांकि, कानून के विशेषज्ञ कुछ खमियों की ओर भी इशारा करते हैं। फाइलों में यह कोड एक साहसिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। मसलन विवाह व लिव इन संबंधों का अनिवार्य पंजीकरण, बहुविवाह और निकाह हलाला पर प्रतिबंध और बच्चों के लिये समान विरासत अधिकार देता है, चाहे उनके माता-पिता की वैवाहिक स्थिति कुछ भी हो। दूसरे शब्दों में स्त्री के अधिकारों को संरक्षण प्रदान करके समतामूलक समाज की स्थापना का वायदा करता है। एक मायने में यह लैंगिक न्याय और प्रगतिशील सोच व आधुनिक मूल्यों का प्रतीक है। लेकिन जब हम इसके प्रावधानों का गहराई से मूल्यांकन करते हैं तो कई तरह की विसंगतियां सामने आती हैं।

दरअसल, कई मुद्दों पर व्यापक विमर्श की कमी को लेकर भी सवाल उठते हैं। कुछ लोग समलैंगिक विवाहों की स्वीकार्यता के प्रश्न का जिक्र करते हैं। कुछ लोग कहते हैं कि यूसीसी के प्रावधानों में गोद लेने के कानूनों पर खामोशी क्यों है? सवाल यह है कि क्या ये प्रयास व्यापक सुधारों को अंजाम दे पाएंगे? या फिर ये महज पैचवर्क की कवायद मात्र है? सरकार की दलील है कि सांस्कृतिक रूप से संवेदनशीलता को ध्यान रखते हुए अनुसूचित जनजातियों को इसमें छूट दी गई है। सवाल उठाये जा रहे हैं कि क्या इससे समान नागरिक संहिता के आदर्श लक्ष्यों की पूर्ति होती है? इसको लेकर एकरूपता के सवाल उठाते हुए कहा जा रहा है कि क्या यूसीसी का सार इसे सभी पर समान रूप से लागू करना नहीं है? आलोचकों का कहना है कि इस मुद्दे पर पर्याप्त विधायी बहस नहीं हो पायी है। यह भी कि इस गंभीर मुद्दे पर सर्वसम्माति बनाने के लिये वास्तविक प्रयास नहीं हुए। बजाय इसके इसे जल्दीबाजी में अंजाम दिया गया। विपक्षी लोगों का कहना है कि इस गंभीर मुद्दे पर लोगों की सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए थी और सभी लोगों की आवाजें पर्याप्त रूप से सुनी जानी चाहिए थीं। यदि ऐसा नहीं हो पाया है तो इसे हम कैसे सब लोगों का कानून कह सकते हैं? कुछ लोगों की दलील है कि कुछ प्रावधान नैतिक पुलिसिंग के करीब हैं। दंड के साथ लिव इन संबंधों का अनिवार्य पंजीकरण निष्पक्षता सुनिश्चित करने की तुलना में अनुरूपता को लागू करने का प्रयास अधिक लगता है। कुछ का कहना है कि इसमें उत्तराधिकार को लेकर औपनिवेशिक युगीन अपरिवर्तित कानूनों की छाया नजर आती है। तो क्या समान नागरिक संहिता एक सुधारवादी प्रकाश स्तंभ की भूमिका निभा पाएगा? निस्संदेह, यह पहला कदम उठाने के लिये उत्तराखंड सरकार को श्रेय दिया जा सकता है। लेकिन समान नागरिक संहिता की मुहिम की आगे की राह अधिक साहस और रचनात्मकता की मांग करती है। यदि इस पहल से राष्ट्र को प्रेरित करना है, तो इसे प्रगतिशीलता से आगे बढ़ना चाहिए। सही मायनों में इसे भारत के आधुनिक, बहुलवादी लोकाचार को प्रतिबिंबित करना चाहिए।

# क्या वास्तव में जनप्रतिनिधि वेतन या पेंशन के हकदार हैं



बलदेव राज भारतीय

भारत एक गौरवशाली लोकतांत्रिक गणराज्य है, जो इस माह अपना 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। हमारा संविधान, जो लोकतंत्र की नींव और नागरिक अधिकारों का संरक्षक है, लागू हुए 75 वर्षों का ऐतिहासिक पड़ाव पूरा कर चुका है। हालांकि, विषय विचारणीय है कि संविधान में उल्लिखित आदर्श और सिद्धांत, जिनका उद्देश्य सभी नागरिकों को समान अधिकार और न्याय सुनिश्चित करना था, उनके अर्थों को समय-समय पर स्वहित में तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत करने की प्रवृत्ति भी उतनी ही पुरानी हो गई है। यह प्रवृत्ति संविधान के मूल उद्देश्य और राष्ट्र निर्माण के सपने को धूमिल करने का कार्य करती है। यह कहना गलत नहीं होगा कि यहां शब्दों की परिभाषाएं अक्सर अपने-अपने लाभ के अनुसार गढ़ी जाती हैं। यह विचित्र बात है कि जनसेवा और जनसेवक जैसे शब्द, जिनका सीधा अर्थ होता है - नि:स्वार्थ भाव से जनता की सेवा करना। परन्तु इनके अर्थ का उपयोग अक्सर सत्ता और लाभ अर्जित करने के लिए किया जाता है। यह विश्लेषण इस बात पर केंद्रित है कि किस प्रकार जनता के प्रतिनिधि के रूप में चुने गए जनसेवक वास्तव में वेतनभोगी कर्मचारी बन जाते हैं और पांच साल की सेवा के बाद भी पेंशन जैसी सुविधाओं के अधिकारी होते हैं।

लोकतंत्र में जनता अपने प्रतिनिधियों का चयन इस विश्वास के साथ करती है कि वे उनके अधिकारों और कल्याण के लिए कार्य करेंगे। ये प्रतिनिधि संसद (लोकसभा) या राज्य विधानसभाओं में जनता की आवाज़ बनते हैं। इन्हें जनसेवक कहा जाता है, लेकिन व्यवहार में इनका कार्य सेवा से अधिक सुविधा और लाभ की ओर झुका हुआ प्रतीत होता है। जब कोई व्यक्ति किसी सरकारी या निजी संस्थान में नौकरी करता है, तो उसे निश्चित वेतन और भत्ते दिए जाते हैं। यह वेतन उसके कार्य और प्रदर्शन के आधार पर तय होता है। इसी तरह, जनप्रतिनिधियों को भी वेतन और अनेक प्रकार के भत्ते दिए जाते हैं। ये भत्ते जनता के पैसों से, यानी करदाताओं के धन से आते हैं। इस प्रकार, इन प्रतिनिधियों का मूल उद्देश्य जनसेवा न होकर एक प्रकार की नौकरी का स्वरूप ग्रहण कर लेता है। यहां परिभाषा का एक बड़ा अंतर्विरोध सामने आता है। यदि कोई व्यक्ति जनसेवक है, तो उसे नि:स्वार्थ भाव से कार्य करना चाहिए। लेकिन वास्तविकता यह है कि जनसेवक के रूप में चुने गए प्रतिनिधि अपने पांच साल के कार्यकाल के दौरान वेतन, भत्ते, यात्रा भत्ते, आवासीय सुविधाएं, और अन्य कई प्रकार के लाभ प्राप्त करते हैं। यह सब इस बात की ओर संकेत करता है कि वे सेवक से अधिक वेतनभोगी कर्मचारी की भूमिका में हैं। यदि हम इसे एक साधारण कर्मचारी के संदर्भ में देखें, तो एक आम सरकारी कर्मचारी को पेंशन प्राप्त करने के लिए कम से कम 20-30 वर्षों तक सेवा करनी होती है। लेकिन जनता के चुने गए प्रतिनिधि केवल पांच वर्ष की सेवा के आधार पर पेंशन के अधिकारी बन जाते हैं। क्या यह व्यवस्था न्यायोचित है?

पेंशन का उद्देश्य है कि सेवा निवृत्त होने के बाद व्यक्ति को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जाए। यह उन लोगों के लिए है जो वर्षों तक निरंतर और समर्पित रूप से कार्य करते हैं। लेकिन जब यह सुविधा पांच वर्ष के सीमित कार्यकाल के लिए भी दी जाती है, तो यह न केवल संसाधनों का दुरुपयोग है, बल्कि इसे नैतिकता और न्याय की दृष्टि से भी गलत कहा जा सकता है।

भारत जैसे देश में, जहां बड़ी संख्या में लोग निर्धनता रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे हैं और लाखों युवा रोजगार के अवसरों की प्रतीक्षा कर रहे हैं, वहां जनप्रतिनिधियों का इस प्रकार की सुविधाएं लेना कहां की समझदारी है? वैसे भी जिस देश में महात्मा गांधी ने तब तक तन पर एक धोती पहनना ही स्वीकार किया था, जब तक कि समस्त लोगों के तन न ढांपे जा सकें, तो उन्हें अपना आदर्श मानने वाले हमारे जनप्रतिनिधि किस मुंह से इतनी सुविधाएं स्वीकार कर रहे हैं?

यह कहना भी महत्वपूर्ण है कि इस पूरी व्यवस्था में जनता की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जनता अपने प्रतिनिधियों को चुनने से पहले उनके कार्यों, नैतिकता और उनकी सेवा भावना का मूल्यांकन नहीं करती। अक्सर यह चयन जाति, धर्म, या व्यक्तिगत लाभ के आधार पर किया जाता है। यह प्रवृत्ति उन प्रतिनिधियों को प्रोत्साहित करती है, जो जनसेवा से अधिक स्व-सेवा में रुचि रखते हैं। आज जनप्रतिनिधि की आय पांच वर्ष के भीतर ही करोड़ों में पहुंच जाती है। पता नहीं जनसेवक बनते ही उनके घर कौन सा कल्पवृक्ष उग आता है कि वे जो भी इच्छा प्रकट करते हैं, वह तुरंत पूरी हो जाती है। धन की वर्षा होने लगती है, आगे पीछे चाटुकारों की फौज घूमने लगती है और ऊपर से भविष्य की कोई चिंता नहीं रहती। पेंशन इत्यादि सभी सुविधाओं का इंतजाम जो हो जाता है। जनता को यह समझने की आवश्यकता है कि उनके चुने हुए प्रतिनिधि उनकी सेवा के लिए हैं, न कि अपने व्यक्तिगत लाभों के लिए। इसके लिए जागरूकता, शिक्षा और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। जनप्रतिनिधियों की पेंशन व्यवस्था में बदलाव की आवश्यकता है। यह व्यवस्था इस तरह होनी चाहिए कि केवल उन जनप्रतिनिधियों को पेंशन मिले, जिन्होंने लंबे समय तक जनता की सेवा की हो और जिनका योगदान स्पष्ट और उल्लेखनीय हो, जो धरातल पर दिखाई देता हो। इसके अलावा, यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि प्रतिनिधियों को मिलने वाले वेतन और भत्ते केवल आवश्यकताओं तक सीमित हों, न कि उन्हें विलासिता का साधन बना दिया जाए।

भारत को अन्य लोकतांत्रिक देशों की व्यवस्था से प्रेरणा लेनी चाहिए। कई देशों में, जनप्रतिनिधियों को पेंशन की सुविधा केवल तभी दी जाती है, जब वे कई वर्षों तक सेवा करते हैं और उनके योगदान को समाज के लिए उपयोगी माना जाता है। इसके अतिरिक्त, वहां जनता के पैसों का दुरुपयोग रोकने के लिए सख्त कानून और नीतियां लागू की गई हैं।

शब्दों की परिभाषाएं और उनका व्यवहारिक उपयोग समाज की नैतिकता और न्याय का प्रतिबिंब होते हैं। जनसेवा और जनसेवक जैसे शब्दों का सही अर्थ तभी सिद्ध हो सकता है, जब ये नि:स्वार्थ सेवा और समर्पण के साथ जुड़े हों। यह आवश्यक है कि जनता अपने प्रतिनिधियों का चयन सोच-समझकर करे और यह सुनिश्चित करे कि वे सही मायनों में सेवा के लिए प्रतिबद्ध हों। साथ ही यह भी सुनिश्चित होना चाहिए कि प्रतिनिधियों को केवल आवश्यक सुविधाएं दी जाएं और पेंशन जैसी सुविधाओं का दुरुपयोग न हो। यदि हम इस दिशा में सुधार कर पाए, तो ही हमारा लोकतंत्र सही मायनों में जनता का, जनता के लिए, और जनता के द्वारा कहा जा सकेगा।

# महाकुंभ के मंच से भाजपा का राजनीतिक संदेश



अजय कुमार

उत्तर प्रदेश की राजनीति में बुधवार का दिन बेहद खास और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण रहा, जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज के महाकुंभ में अपनी पूरी कैबिनेट की बैठक आयोजित की। यह आयोजन सिर्फ धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि राजनीतिक संदेश देने के लिहाज से भी अहम था। संगम के पवित्र तट पर मंत्रिमंडल की बैठक के साथ मुख्यमंत्री ने न केवल प्रदेश सरकार के विकास कार्यों पर चर्चा की, बल्कि अपने सहयोगी दलों को भी एकजुटता का संदेश देने का प्रयास किया। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत अन्य मंत्रियों के साथ संगम में डुबकी लगाई। इस धार्मिक अनुष्ठान को भाजपा की संस्कृति और परंपरा से जुड़े रहने की विचारधारा के प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की और कई बड़े फैसले लिए। इनमें प्रदेश के पिछड़े इलाकों में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की घोषणा, बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने के लिए नई योजनाओं की शुरुआत और औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए रक्षा उत्पादन नीति में बदलाव शामिल थे। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी सरकार समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस बैठक का एक प्रमुख उद्देश्य यह दिखाना था कि भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ खड़ी है, खासकर उन राजनीतिक अटकलों के बीच जो यह कह रही थीं कि भाजपा के सहयोगी दल उससे नाराज हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर सहयोगी दलों के नेताओं को विशेष महत्व दिया। उन्होंने अपना दल (सोनेलाल) के नेता आशीष पटेल और निषाद पार्टी के नेता संजय निषाद को आमंत्रित कर स्पष्ट संदेश दिया कि गठबंधन मजबूत है। आशीष पटेल ने हाल ही में सरकारी अधिकारियों पर अपने खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया था, और उनकी नाराजगी की अटकलें भी लगाई जा रही थीं। इसी तरह, संजय निषाद भाजपा द्वारा कटेहरी उपचुनाव में अपने उम्मीदवार उतारने के कारण कथित तौर पर नाराज बताए जा रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस बैठक के जरिए इन विवादों को हल करने और गठबंधन में विश्वास बहाल करने की कोशिश की।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, भाजपा का यह कदम विपक्ष के गठबंधन को कमजोर करने और भाजपा के सहयोगियों के बीच विश्वास बनाए रखने का प्रयास है। इस रणनीति का उद्देश्य समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) गठजोड़ के जरिए अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिशों को विफल करना भी है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस बैठक को राजनीतिक दिखावा करार देते हुए भाजपा पर आरोप लगाया कि वह धार्मिक स्थलों को राजनीतिक संदेश देने के लिए इस्तेमाल कर रही है। अखिलेश ने कहा कि कुंभ जैसे धार्मिक आयोजन राजनीति का मंच नहीं होना चाहिए, लेकिन भाजपा ने इसे प्रचार का जरिया बना लिया है।

इन सबके बीच, मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव ने प्रदेश की राजनीति को और गर्मा दिया है। यह उपचुनाव भाजपा और समाजवादी पार्टी दोनों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। भाजपा ने इस चुनाव को पूरी गंभीरता से लिया है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद इसके प्रचार की कमान संभाल रहे हैं। मिल्कीपुर की यह सीट सपा के अवधेश प्रसाद के इस्तीफे के बाद खाली हुई है। भाजपा के उम्मीदवार चंद्रभानु पासवान मैदान में हैं, और भाजपा हर संभव कोशिश कर रही है कि यह सीट उनके खाते में जाए।

### मिल्कीपुर उपचुनाव में उभरेंगे नए समीकरण

भाजपा ने इस चुनाव के लिए एक विस्तृत रणनीति तैयार की है। जातीय गणित को ध्यान में रखते हुए पार्टी ने दलित, ब्राह्मण और पिछड़े वर्गों के मतदाताओं को साधने का प्रयास तेज कर दिया है। पार्टी ने बूथ स्तर पर मजबूत टीम बनाई है, जो मतदाताओं से सीधा संपर्क कर रही है। घर-घर जाकर वोटर पर्चियों का वितरण किया जा रहा है, और इस प्रक्रिया को दो बार दोहराने की योजना बनाई गई है ताकि कोई भी मतदाता छूट न जाए। भाजपा के प्रचार अभियान में मुख्यमंत्री के साथ-साथ पार्टी के वरिष्ठ मंत्री और नेता भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

दूसरी ओर, समाजवादी पार्टी भी इस चुनाव को जीतने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है। सपा ने अपने उम्मीदवार अजीत प्रसाद को जिताने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान शुरू किया है। सपा का प्रचार अभियान भाजपा की नीतियों और शासन को मुद्दा बनाकर मतदाताओं को आकर्षित करने पर केंद्रित है। सपा के प्रचारकों का कहना है कि भाजपा सरकार ने प्रदेश में विकास को पीछे छोड़ दिया है और कानून-व्यवस्था की स्थिति को बिगाड़ा है। सपा ने पीडीए फॉर्मूले के जरिए पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वोटों को अपने पक्ष में करने की कोशिश की है। मिल्कीपुर के उपचुनाव में बहुजन समाज पार्टी ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारा है, जिससे मुकाबला भाजपा और सपा के बीच सीधा हो गया है। हालांकि, चंद्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी ने संतोष कुमार को उम्मीदवार बनाया है। वह सपा के पूर्व नेता रह चुके हैं और अब सपा के वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश कर रहे हैं। उनके दलित मतदाताओं पर पड़ने वाले प्रभाव का चुनाव परिणाम पर गहरा असर पड़ सकता है। यह उपचुनाव भाजपा और सपा दोनों के लिए राजनीतिक प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है। भाजपा जहां अपनी विकास योजनाओं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता के सहारे जीत की उम्मीद कर रही है, वहीं सपा अपनी सामाजिक समीकरणों और भाजपा सरकार की कथित नाकामियों को मुद्दा बनाकर मैदान में उतरी है। दोनों ही दल यह समझते हैं कि इस उपचुनाव का परिणाम प्रदेश की राजनीति में बड़ा बदलाव ला सकता है।

5 फरवरी को होने वाले मतदान के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर है। भाजपा और सपा दोनों ही दल अपने-अपने स्टार प्रचारकों को मैदान में उतारने की योजना बना रहे हैं। अखिलेश यादव और शिवपाल यादव सपा के प्रचार अभियान को गति देने वाले हैं, जबकि भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य वरिष्ठ नेताओं का फोकस क्षेत्र में रहेगा। जातीय गणित, विकास के मुद्दे और भाजपा-सपा के बीच की टकराहट इस चुनाव को और रोचक बना रही है। मिल्कीपुर का यह उपचुनाव प्रदेश की राजनीति के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। भाजपा जहां अपने गठबंधन के साथ मजबूती से खड़ी नजर आ रही है, वहीं सपा अपने सामाजिक समीकरणों के सहारे जीत का दावा कर रही है। चुनाव परिणाम आने के बाद यह साफ हो जाएगा कि जनता किस दल पर भरोसा जताती है और प्रदेश की राजनीति किस दिशा में आगे बढ़ेगी।

-उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 24 जनवरी, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, माघ कृष्णपक्ष दशमी, 19:21 तक, नक्षत्र : अनुराधा, 31:01 तक, योग : वृद्धि, 29:03 तक, सूर्योदय: 6:19, सूर्यास्त: 17:18 चन्द्रोदय : 01:33, चन्द्रास्त: 12:28, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 10:26 से 11:48

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए दिन बहुत शुभ है। सफलता आपके कदम चूमेगी और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। हर फैसले में आपको फायदा होगा। पूजा-पाठ में आपकी रुचि बढ़ेगी।

**वृष :** वृष राशि वालों का भाग्य साथ देगा। करियर में आपको सम्मान के साथ-साथ पैसा भी मिलेगा। घर से निकलने से पहले माता-पिता का आशीर्वाद लें, इससे आपको फायदा होगा।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों के लिए दिन अच्छा नहीं है। पैसों के मामले में आपको परेशानी हो सकती है। कोई फैसला न ले पाने की वजह से कामों में रुकावट आ सकती है और नुकसान हो सकता है।

**कर्क :** कर्क राशि वालों को भाग्य का साथ मिलेगा और आपकी आपकी पदोन्नति रुकी हुई है तो आज उसके रास्ते खुलेंगे। आंखों से जुड़ी परेशानियों में कमी आएगी।

**सिंह :** सिंह राशि वालों के लिए दिन व्यापार में सफलता से भरा होगा। व्यापार में कुछ बदलाव करने से आपको लाभ होगा और आपके नए आइडिया क्लिक कर जाएंगे।

**कन्या :** कन्या राशि वालों को करियर में लाभ होगा। आपके अधिकार बढ़ेंगे, लेकिन साथ ही आपकी जिम्मेदारियां भी बढ़ेंगी। आप अपनी शान-शौकत पर पैसा खर्च कर सकते हैं।

**तुला :** तुला राशि वालों के लिए दिन लाभ और सम्मान दिलाने वाला रहेगा, किसी मामले में नुकसान भी हो सकता है। अचानक कहीं से पैसा मिल सकता है। जोखिम भरे कामों से दूर रहें।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों के लिए दिन लाभ और सम्मान से भरा होगा। अगर आप नौकरी करते हैं तो आपके अधिकार बढ़ेंगे। साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी और रुके हुए काम पूरे होंगे।

**धनु :** धनु राशि वालों के लिए दिन लाभ और सम्मान दिलाने वाला रहेगा। बुद्धि, विवेक और ज्ञान में वृद्धि होगी। रुके हुए पैसे मिलने से काम पूरे हो सकते हैं।

**मकर :** मकर राशि वालों के लिए दिन शुभ है। व्यापार में मनचाहा मुनाफा होने से आपका मन खुश रहेगा। कुछ ऐसे खर्चे सामने आएंगे जो आपको मजबूरी में करने पड़ सकते हैं।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों को करियर में लाभ होगा और सारे काम पूरे होंगे। लेकिन पैसों के मामले में नुकसान हो सकता है। शेयर बाजार में निवेश न करें, वरना नुकसान हो सकता है।

**मीन :** मीन राशि वालों को लाभ होगा। अगर आप कहीं से लोन लेने के बारे में सोच रहे हैं तो आसानी से मिल जाएगा। नई-नई योजनाएं बनाएं और उन्हें सफल बनाने की पूरी कोशिश करें।

## विदेश की खबरें

### एअर इंडिया दो मार्च से तेल अवीव और दिल्ली के बीच उड़ानें फिर से शुरू करेगा

**यरूशलम :** इजराइल के उत्तर और दक्षिण की ओर युद्ध विराम लागू रहने के मद्देनजर, एअर इंडिया सहित कई प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एयरलाइन ने युद्धग्रस्त क्षेत्र में हवाई संपर्क का विस्तार करते हुए उड़ानें फिर से शुरू करने की घोषणा की है। इजराइल में एअर इंडिया के एक प्रतिनिधि ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'अब यह आधिकारिक हो गया है। हम 2 मार्च 2025 से उड़ानें फिर से शुरू कर रहे हैं।' इजराइल में रह रहे कई भारतीयों को इससे राहत मिलने की उम्मीद है, क्योंकि भारतीय एयरलाइन की वेबसाइट ने उक्त मार्ग पर बुकिंग शुरू कर दी है। इजराइल की यात्रा करना चुनौतीपूर्ण हो गया है, क्योंकि अधिकांश प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों ने देश के उत्तर में हिजबुल्ला के खिलाफ और दक्षिण में गाजा में हमास के खिलाफ युद्ध के मद्देनजर यहूदी राष्ट्र (इजराइल) के लिए अपनी उड़ानें रद्द कर दी हैं। फलस्तीनी इस्लामी समूह द्वारा 23 अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हमला किये जाने के बाद यह निर्णय लिया गया था। एयर फ्रांस ने घोषणा की है कि वह इस सप्ताह शनिवार से पेरिस-तेल अवीव मार्ग पर दैनिक उड़ानें पुनः शुरू करेगी।

### सिंगापुर पर्यटन बोर्ड ने भारतीय यात्रियों के लिए साल भर चलने वाले कार्यक्रम की शुरूआत की

**सिंगापुर :** सिंगापुर पर्यटन बोर्ड ने भारतीय पर्यटकों के लिए साल भर चलने वाले कार्यक्रम की शुरुआत की है। दोनों देश अपने राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। बोर्ड के भारत, पश्चिम एशिया, दक्षिण एशिया और अफ्रीका मामलों के क्षेत्रीय निदेशक मार्कस टैन ने बृहस्पतिवार को कहा, 'इस साल, हम भारत में अपने दोस्तों को रोमांचक अनुभवों के लिए हमारे साथ जुड़ने के लिए आमंत्रित करते हैं। हम दोनों देशों के बीच मित्रता के अगले दशक की शुरुआत करने के लिए उत्सुक हैं।' टैन ने कहा, 'सिंगापुर का भारतीय पर्यटकों के लिए एक पसंदीदा गंतव्य होना, दोनों देशों के बीच कई समानताएं साझा करने का एक सबसे सुखद पहलू है।' जनवरी से दिसंबर तक, सिंगापुर में कैपिटललैंड मॉल, चांगी एयरपोर्ट ग्रुप, आईओएन ऑर्चर्ड, ज्वेल चांगी एयरपोर्ट, पैरागॉन और मुस्तफा में खरीदारी के लिए पहुंचने वाले भारतीय पर्यटकों को विभिन्न उत्पादों पर विशेष छूट मिलेगी। टैन ने कहा कि इसके अलावा, भारत में 12 प्रमुख ट्रैवल एजेंसियां और एअर इंडिया, इंडिगो और सिंगापुर एयरलाइंस जैसी विमानन कंपनियां 2025 में सिंगापुर की यात्रा को प्रोत्साहित करने के लिए अभियान चलाएंगे।

### अमेरिका में रिपब्लिकन के नियंत्रण वाली प्रतिनिधि सभा ने लैकेन रिले विधेयक को मंजूरी दी

**वाशिंगटन :** अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी के नियंत्रण वाली प्रतिनिधि सभा ने बुधवार को उस विधेयक को अंतिम मंजूरी दे दी, जिसका मकसद अवैध प्रवासियों पर अंकुश लगाना है। यह ऐसा पहला विधेयक होगा जिस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हस्ताक्षर कर सकते हैं। इस विधेयक के तहत चोरी और हिंसक अपराधों के आरोपी अवैध प्रवासियों को हिरासत में लेने की बात कही गई है। इस विधेयक का नाम जॉर्जिया नर्सिंग छात्र लैकेन रिले के नाम पर रखा गया है। लैकेन की पिछले साल वेनेजुएला में हत्या कर दी गई थी। इस विधेयक का पारित होना यह दर्शाता है कि ट्रंप की चुनावी जीत के बाद अप्रवास पर राजनीतिक बहस कितनी तेज हो गई है। आव्रजन नीति अक्सर अमेरिकी संसद (कांग्रेस) में सबसे अधिक जटिल मुद्दों में से एक रही है, लेकिन राजनीतिक रूप से कमजोर डेमोक्रेट्स के एक महत्वपूर्ण गुट ने रिपब्लिकन के साथ मिलकर इस प्रस्ताव को 263-156 मतों से पारित करा लिया। अलबामा से रिपब्लिकन सीनेटर कैटी ब्रिट ने कहा, 'दशकों से, हमारी सरकार के लिए हमारी सीमा पर और हमारे देश के भीतर समस्याओं के समाधान पर सहमत होना लगभग असंभव रहा है।'

## वर्ग पहेली नं. 2985

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | |
| ■ | ■ | | ■ | 6 | 7 | | ■ | | ■ |
| 8 | | | 9 | ■ | 10 | | 11 | | ■ |
| | ■ | ■ | 12 | | | ■ | | ■ | 13 |
| 14 | 15 | | | ■ | | ■ | 16 | | |
| ■ | | ■ | ■ | 17 | | | | ■ | ■ |
| 18 | | 19 | | | ■ | ■ | 20 | | 21 |
| | ■ | | ■ | ■ | 22 | | | ■ | |
| | ■ | 23 | | | | ■ | ■ | 24 | |

*बायें से दायें :-* 1) यातायात, 4) चुटकुलेबाज़; विदूषक; मज़ाकिया, 6) पौधे रोपने का पात्र, 8) दिग्दर्शक; सूत्रधार; *सुपरवाइज़र*, 10) तहलका, 12) चिड़ीमार; पारधी; अर्धमासिक; *फ़ोर्टनाइटली*, 14) अल्लम गल्लम; अंडशंट; मगजचट्टी; निरर्थक बात, 16) मसालेदार भरवाँ पूरी, 17) निरंतर, 18) मृणाल, 20) झाड़ातलाशी, 22) शरणदाता; *गार्जियन*; एक साग, 23) दुग्ध पशु, 24) टनाटन; तंदुरुस्त; निरोग; स्वस्थ.

*ऊपर से नीचे :-* 2) भाग्यचक्र; संकट, 3) अदद; पर्वत, 4) खेद; शोक; पश्चात्ताप, 5) बाधा; अवरोध, 7) महकीला, 8) धड़-जाँघ जोड़; पुट्ठा; कूल्हा, 9) अंबरद; रुई, 11) तड़कभड़क; नाज़नख़रा, 13) लटकन छल्ला; पीढ़ी; ज़ंजीर, 15) उक्ति; वचन, 17) समाधान; उत्तर, 18) उड़ीसा का एक पूर्वनाम, 19) घाघरा, 21) गुंडा; लंपट; दुर्जन, 22) पड़ोस; स्वीकृत; निकट.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | दा | ■ | बे | ■ | बे | ता | ब | ■ | अ |
| नु | ■ | ■ | जा | सू | स | ■ | स | दे | व |
| रू | ब | रू | ■ | ति | न | का | ■ | ■ | ग |
| प | द | ■ | ना | का | ■ | ज | मा | न | त |
| ■ | बू | झ | ना | ■ | मा | ल | ■ | ग | ■ |
| कि | ■ | ल | ■ | शू | न्य | ■ | प | र | दा |
| च | म | क | दा | र | ■ | ब | द | ना | मी |
| कि | ■ | ना | ला | ■ | म | हा | ■ | यि | ■ |
| च | ढ़ा | ■ | न | नि | हा | ल | ■ | का | ढ़ा |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2945

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | | | 3 | | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | 7 |
| | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | 8 | 5 | |
| 6 | | | 1 | | | | | |
| | | | 7 | | | | | |
| | | | | | 6 | | 4 | |
| | 7 | 2 | | | | | | |
| | | | | 5 | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 2944 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 3 | 4 | 9 | 6 | 8 | 2 | 1 |
| 4 | 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 6 | 9 | 5 |
| 6 | 9 | 1 | 2 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 2 | 8 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 6 | 5 | 1 | 7 | 3 | 2 | 4 | 9 |
| 2 | 1 | 7 | 6 | 4 | 9 | 3 | 5 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 7 | 6 | 3 |
| 5 | 3 | 2 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 9 | 7 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 8 | 2 |

# बागुईआटी में फिर झुके फ्लैट, स्थानीयों लोगों में डर का माहौल

**कोलकाता, समाज्ञा :** बागुईआटी में दो फ्लैट बिल्डिंग्स झुकने का मामला सामने आया है। यह घटना विधाननगर नगर निगम के 23 नंबर वार्ड के जगतपुर इलाके में घटित हुई।

स्थानीय निवासियों ने देखा कि एक फ्लैट बिल्डिंग झुकने लगी है, जिससे उनके बीच चिंता का माहौल है। वहीं, दूसरा फ्लैट बिल्डिंग के 3 नंबर वार्ड में झुका हुआ है। जैसे ही यह जानकारी फैलने लगी विधाननगर नगर निगम के 23 नंबर वार्ड के काउंसलर झुंकु मंडल ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया और फिर निगम में लिखित शिकायत दर्ज करवाई।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह बिल्डिंग पहले एक पोखर को भरकर बनाई गई थी, और अब यह दूसरी बिल्डिंग के ऊपर झुक रही है। झुकी हुई बिल्डिंग के मालिक मिथुन कर ने इस बारे में किसी भी प्रकार का कोई बयान नहीं दिया है, लेकिन वहां के निवासी डर के साये में जी रहे हैं। उनका कहना है कि किसी भी समय ये फ्लैट गिर सकते हैं, जिससे बड़ी दुर्घटना हो सकती है और उन्हें अपने घरों से बाहर भी निकलना पड़ सकता है। विधाननगर नगर निगम की मेयर कृष्णा चक्रवर्ती ने कहा कि इन दोनों बिल्डिंगों का निर्माण बाम शासन के दौरान हुआ था। उन्होंने बताया कि जब इन बिल्डिंगों का निर्माण हुआ था, तब यह क्षेत्र विधाननगर नगर निगम में शामिल नहीं था। उन्होंने कहा, बिल्डिंगों का निर्माण 2003-04 के आसपास हुआ था, जब बाम सरकार थी। लेकिन अब चूंकि हम सत्ता में हैं, हम सभी जरूरी कदम उठा रहे हैं। हमारे काउंसलर घटना स्थल पर जा रहे हैं।

इसके अलावा, विधाननगर नगर निगम के 3 नंबर वार्ड के दक्षिण नारायणपुर इलाके में भी एक और फ्लैट बिल्डिंग झुकने की खबर आई है, जिससे वहां के निवासियों में भी डर फैल गया है। इससे पहले बुधवार को टेंगरा इलाके में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग झुक गई थी, जिसमें कोई घायल नहीं हुआ। लेकिन इसके कारण पास की बिल्डिंग के निवासियों में भय फैल गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण के दौरान कोलकाता नगर निगम के नियमों का पालन नहीं किया गया। इसके अलावा, बाघाजतिन क्षेत्र में भी एक फ्लैट बिल्डिंग झुकी थी। लगातार हो रही इस तरह की घटनाओं से कोलकाता नगर निगम की बिल्डिंग विभाग पर सवाल उठने लगे हैं।

कोलकाता नगर निगम के मेयर फिरहाद हकीम से इस बारे में सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा, क्या नगर निगम बांस लेकर खड़ा होगा और झुकी हुई बिल्डिंग को सीधा करेगा? उन्होंने यह भी कहा कि नगर निगम को कानून के अनुसार काम करना होगा।

## टेंगरा के हिले हुए बहुमंजिला बिल्डिंग को खाली कराने के लिए नगर निगम सक्रिय, निवासियों में हड़कंप



**कोलकाता, समाज्ञा :** टेंगरा के क्रिस्टोफर रोड स्थित निर्माणाधीन बहुमंजिला बिल्डिंग में अचानक झुकाव देखे जाने के बाद नगर निगम ने इसे 24 घंटे के अंदर खाली कराने का आदेश दिया है। बुधवार रात को बिल्डिंग में पानी की आपूर्ति बंद कर दी गई और बिजली का कनेक्शन भी काट दिए गए। इस अप्रत्याशित घटना ने भवन में रह रहे निवासियों के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं और वे इस कम समय में कहां जाएंगे, यह सोचने में परेशान हैं। घटना की शुरुआत बुधवार सुबह हुई, जब क्रिस्टोफर रोड पर स्थित निर्माणाधीन बिल्डिंग में झुकाव देखा गया। भवन में कार्य चल रहा था और कई परिवार वहां रह रहे थे। जैसे ही यह घटना सामने आई, हड़कंप मच गया। नगरपालिका ने बाघाजतिन कांड से शिक्षा लेते हुए तत्काल कार्रवाई की और रात तक भवन को खाली करने का नोटिस जारी किया। बताया गया कि भवन की चौथी और पांचवी मंजिल में खतरनाक स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे सुरक्षा खतरे में है। इन्हें तुरंत ढहाने की योजना बनाई गई है और निवासियों से तुरंत खाली करने की अपील की गई है। हालांकि, यह घटनाक्रम रातों-रात निवासियों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया। भवन के निर्माण में शामिल जमीन मालिकों का कहना है, हमने जमीन दी थी और प्रमोटर ने फ्लैट बनाए। अब जब यह घटना हुई है, तो नगरपालिका कह रही है कि इसे तोड़ दिया जाएगा। अगर निर्माण में कोई खामी थी, तो यह देखना नगर निगम का काम था। अब तक क्यों कोई कार्रवाई नहीं की गई? निवासियों का कहना है, कुछ ही घंटों में हमारे सिर से छत हट गई। अब हम कहां जाएंगे? कहां रहेंगे? उनका यह भी आरोप है कि अगर नगरपालिका ने पहले ही अवैध निर्माण पर कार्रवाई की होती, तो आज यह स्थिति नहीं उत्पन्न होती।

# काल सेंटर-क्रिप्टोकरेंसी रैकेट के खिलाफ बंगाल में ईडी की 10 स्थानों पर छापेमारी

❑ **साफ्टवेटर के बहाने विदेशों में ठगी करने और उसे क्रिप्टोकरेंसी में बदलने का चल रहा था धंधा**



**कोलकाता :** ईडी ने गुरुवार को बंगाल में कई स्थानों पर छापेमारी कर रही है, जिनमें से अधिकतर कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों है। यह छापेमारी राज्य से संचालित एक काल सेंटर-कम-क्रिप्टोकरेंसी रैकेट के खिलाफ है।

सूत्रों ने बताया कि वर्तमान में ईडी अधिकारियों की अलग-अलग टीमें कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों में में छापेमारी और तलाशी अभियान चला रही हैं और एजेंसी की प्रत्येक टीम को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवान सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं।

यह विशेष रैकेट फर्जी काल सेंटरों के माध्यम से साफ्टवेयर से संबंधित सेवाएं प्रदान करने के बहाने विदेशों में रहने वाले लोगों को ठगने और उसके बाद क्रिप्टोकरेंसी के रूप में एकत्र की गई राशि को विदेश में भेजने में शामिल है। छापेमारी और तलाशी अभियान सुबह से 10 अलग-अलग स्थानों पर एक साथ शुरू हुआ और रिपोर्ट दर्ज किए जाने तक ईडी अधिकारियों द्वारा अभियान अभी भी जारी था।

ईडी के अधिकारी जिन स्थानों पर छापेमारी और तलाशी अभियान चला रहे हैं, उनमें कोलकाता में बालीगंज, तपसिया और पिकनिक गार्डन, साल्टलेक, राजारहाट और शहर के उत्तरी बाहरी इलाके में सेक्टर फाइव का सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि ईडी अधिकारियों ने उन स्थानों से कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए हैं, जिनमें कागज और डिजिटल दोनों तरह के दस्तावेज हैं। सूत्रों ने बताया कि कोलकाता के व्यवसायी राजेश गोयनका विशेष रूप से केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारियों की जांच के दायरे में हैं। गुरुवार की कार्रवाई उन व्यक्तियों से मिली शिकायतों के बाद की जा रही है, जिनके साथ धोखाधड़ी की गई है। इसके बाद ईडी ने प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआइआर) दर्ज करने के बाद जांच शुरू की। सूत्रों ने यह भी बताया कि जांच अधिकारियों का मानना है कि हालांकि इस रैकेट की मुख्य जड़ पश्चिम बंगाल में है, लेकिन इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि इसकी शाखाएं अन्य राज्यों, खासकर पूर्वी भारत में भी हों। सूत्रों ने बताया कि जब्त किए गए कागज और डिजिटल दस्तावेजों की जांच करके ईडी के अधिकारी पूरे जालसाजी में शामिल मौद्रिक मात्रा का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

### रवींद्र सरोवर स्टेडियम में मिला युवक का कंबल में लिपटा हुआ शव

**कोलकाता, समाज्ञा :** रवींद्र सरोवर स्टेडियम में बुधवार को एक युवक का कंबल में लिपटा शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है, लेकिन मौत के कारण का अभी तक नहीं पता चल पाया है। मिली जानकारी के अनुसार, सुबह के समय स्टेडियम में प्रैक्टिस करने के लिए पहुंचे लोगों ने कंबल में लिपटा हुआ शव देखा, जब पास जाकर देखा तो युवक बेहोश पड़ा था। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को एमआर बंगुर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**NOTIFICATION**

I, Manindra Jha Declare on the affirm of the Affidavit before the Court of Ld. Executive Magistrate 1st Class at Barasat dated 20.12.2024 that my fathers nick name B. Jha (Biswambhar Jha) was in advartantly Recorded in my Service record of M.G.M. Rubber Company to be Corrected as his original name as Late Markanda Jha which already recorded in my Aadhaar Card no. 34261665 and Voter I.D. No. CKW5025754. Late Biswambhar Jha and Late Markanda Jha is the same and one person.

# कोलकाता हवाई अड्डे पर घने कोहरे के कारण 72 उड़ानें प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा:** घने कोहरे के कारण बृहस्पतिवार को कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय (एनएससीबीआई) हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन बाधित रहा, जिसकी वजह से कम से कम 72 उड़ानों की आवाजाही प्रभावित हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कोलकाता हवाई अड्डे के निदेशक प्रवत रंजन बेउरिया ने कहा कि कोहरे के कारण 39 उड़ानों के प्रस्थान और 21 के आगमन में देरी हुई, जबकि 12 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया।

बेउरिया ने कहा, आने वाली 12 उड़ानों में से सात को भुवनेश्वर, तीन को रांची, एक को चेन्नई और एक को शमशाबाद भेजा गया। उन्होंने कहा कि दो विमान वापस पार्किंग में खड़े कर दिए गए हैं। हवाई अड्डे पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के एक प्रवक्ता ने कहा, सुबह 5 बजे से 10 बजे के बीच उड़ान संचालन प्रभावित रहा। सुबह 9 बजे के बाद दृश्यता में सुधार होने लगा और सुबह 10 बजे के आसपास स्थिति सामान्य हो गई। सुबह की कई उड़ानों में देरी के कारण यात्रियों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ा। एक अधिकारी ने कहा, जब कोहरे के कारण सुबह की उड़ानें विलंबित होती हैं, तो विमानन कंपनियों का पूरा कार्यक्रम प्रभावित हो जाता है और पूरे दिन इसका असर देखने को मिलता है।

**पूर्व रेलवे**

एनआईटी सं. 315_2024-25, 316_2024-25 और 317_2024-25, दिनांक 20.01.2025, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है **(वरिष्ठ डीईएन/1/ हावड़ा के क्षेत्राधिकार के लिए): क्रम सं. 1, एनआईटी सं. 315_2024-25, कार्य का विवरण :** एईएन/बीडीसी के अधीन बैण्डेल (03 अदद) में 50000 गैलन क्षमता के आरसीसी ओ.एच. टैंक द्वारा स्टील ओ.एच. टैंक की बदली। **अनुमानित मूल्य :** रु. 4,68,54,188.82, **बयाना राशि:** रु. 3,84,300/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 माह। **क्रम सं. 2, एनआईटी सं. 316_2024-25, कार्य का विवरण :** एईएन/बीडीसी के अधीन मेमारी (01 अदद) और बैंची (01 अदद) में 50000 गैलन क्षमता के आरसीसी ओ.एच. टैंक द्वारा स्टील ओ.एच. टैंक की बदली। **अनुमानित मूल्य :** रु. 3,12,40,893.01, **बयाना राशि:** रु. 3,06,200/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 माह। **क्रम सं. 3, एनआईटी सं. 317_2024-25, कार्य का विवरण :** एईएन/बीडीसी के अधीन बैण्डेल में ब्रिज नं. 77 के रूफ कवरिंग, वाटर स्टोरेज रिजर्वायर, ड्रेनेज के प्रावधान द्वारा वर्तमान सबवे के उन्नयन के साथ सुधार कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,86,98,314.72, **बयाना राशि:** रु. 2,43,500/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 06 माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 10.02.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-561/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**सं. ओ-एसी-टी-193 से 196-24-25 (खुली), दिनांक 21.01.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, केस सं. ओ-एसी-टी-193-24-25, कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/4/आसनसोल के कार्यक्षेत्र में एसएसई/डब्ल्यू/II/यूडीएल के अधीन अंडाल के रिवर साइड पर इनटेक वेल, एक पंप हाउस के प्रावधान एवं अन्य सहायक कार्य के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 1,89,52,436.23, **बयाना राशि :** रु. 2,44,800/-, **कार्य की समापन अवधि:** 09 माह। **क्रम सं. 2, केस सं. ओ-एसी-टी-194-24-25, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के तहत ट्रैक रिन्यूअल एवं रखरखाव गतिविधियों के संबंध में पी-वे एवं अन्य रेलवे सामग्री के परिवहन के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 3,50,38,630/-, **बयाना राशि :** रु. 3,25,200/-, **क्रम सं. 3, केस सं. ओ-एसी-टी-195-24-25, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल में सेस मरम्मत/सब-बैंक द्वारा बैंक (तट) के पुनर्वास के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 17,91,31,250.38, **बयाना राशि :** रु. 10,45,700/-, **क्रम सं. 4, केस सं. ओ-एसी-टी-196-24-25, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल में मधुपुर, बासुकीनाथ, बैद्यनाथधाम, देवघर, भलुआ हॉल्ट, धनपतडीह, गिरिडीह, घोरमारा, जगदीशपुर, जामताड़ा, जोरमऊ, कुमराबाद रोहिणी, के.बी. सहाय हॉल्ट, ककबारा, महेशमुंडा, मदनकट्टा, मथुरापुर, नारगंजो, आरजे और पानागढ़ स्टेशनों पर दिव्यांगजन हेतु न्यूनतम अनिवार्य सुविधाओं के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 6,01,46,942.06, **बयाना राशि :** रु. 4,50,700/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह (क्रम सं. 2, 3 एवं 4 प्रत्येक हेतु)। **बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 17.02.2025 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण के लिए रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।

ASN-306/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## ठाकुरपुकुर में घर से महिला का रक्तरंजित शव बरामद, शरीर पर चोट के निशान

**कोलकाता :** दक्षिण कोलकाता के ठाकुरपुकुर इलाके में डायमंड पार्क स्थित एक मकान से गुरुवार को एक महिला का रक्तरंजित शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतका के शरीर पर चोट के कई निशान थे। प्रारंभिक अनुमान है कि उनकी हत्या की गई है। हालांकि, पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि मौत के पीछे कोई और कारण तो नहीं है। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार महिला बुधवार को इस क्षेत्र में पहुंची थी। घटना से स्थानीय लोग भयभीत हैं। हालांकि, यह अभी स्पष्ट नहीं है कि यह घटना किस कारण से घटित हुई। शंकर दास नामक एक स्थानीय निवासी के शब्दों में, मुझे दोपहर में हत्या के बारे में पता चला। जब मैं वहां पहुंचा तो मैंने देखा कि उस घर के सामने बहुत सारी पुलिस थी। शंकर और अन्य निवासियों ने कहा कि ठाकुरपुकुर के उस इलाके में ऐसी घटना पहले कभी नहीं हुई थी। उनके शब्दों में, यह पहली बार है जब हमारे यहां ऐसी घटना घटी है। मैंने सुना है कि वह महिला अपने पति के साथ रहती थी। लेकिन मुझे नहीं पता कि मृतक का पति कहां है।

सूचना मिलने पर ठाकुरपुकुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। घटना की सूचना कोलकाता पुलिस मुख्यालय लालबाजार स्थित होमिसाइड ब्रांच के जासूसों को भी दी गई। उपायुक्त स्तर के एक अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने भी आकर नमूना संग्रह किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# माणिकतला में हुई लाखों की सोने की चोरी का खुलासा, महिला आरोपी गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा:** 4 जनवरी 2025 को दोपहर के समय कोलकाता के सीआईटी रोड पर हुंडको क्रॉसिंग और कांकुड़गाछी क्रॉसिंग के बीच एक बस में सोने की ज्वेलरी चोरी की घटना हुई थी। शिकायतकर्ता शंकर रॉय, जो पेशे से सुनार हैं, ने माणिकतला थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उनकी साइड बैग से लगभग 279.700 ग्राम (करीब 20 लाख रुपये मूल्य) की सोने की ज्वेलरी चोरी हो गई। ये ज्वेलरी वह पीसी चंद्रा शो रूम, उल्टाडांगा और गरियाहाट में डिलीवर करने जा रहे थे।

इस घटना को लेकर माणिकतला थाना में केस नंबर 03/05.01.25 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

**महिला आरोपी गिरफ्तार और चोरी का सामान बरामद**

जांच के दौरान विश्वसनीय स्रोतों से मिली जानकारी के आधार पर आज (23 जनवरी 2025) निश्चिंदा थाना (हावड़ा पुलिस कमिश्नरेट) के तहत एक ठिकाने पर छापेमारी की गई। इस दौरान आरोपी महिला भारती बरबरिया (30), जो कि गुजरात के अहमदाबाद की निवासी है, को उसके अस्थायी ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने पूछताछ में चोरी की बात स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की गई पूरी ज्वेलरी, जिसका वजन 279.700 ग्राम है, और कुछ दस्तावेज बरामद कर लिए।

पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला को कल न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपी का कोई अन्य साथी इस घटना में शामिल था या नहीं।

### वाम मोर्चा के नेताओं ने दी बोस को श्रद्धांजलि, अन्याय-असमानता के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान



**कोलकाता :** वाम मोर्चा के नेताओं ने अध्यक्ष बिमान बोस के नेतृत्व में यहां सुबोध मलिक चौराहे पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर शुक्रवार को उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। बोस ने स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए भारत के स्वतंत्रता संग्राम के प्रति नेताजी के समर्पण को रेखांकित किया। बोस ने कहा, 'उन्होंने (बोस ने) सभी जातियों, पंथों और धर्मों के लोगों को लेकर भारतीय राष्ट्रीय सेना का गठन किया और देश की आजादी की लड़ाई में उन्होंने कभी अपनी सुरक्षा की परवाह नहीं की।' मध्य कोलकाता के सुबोध मलिक चौराहे पर नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने वाले अन्य नेताओं में फॉरवर्ड ब्लॉक के राज्य सचिव नरेन चटर्जी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता रॉबिन देब और रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) महासचिव नेता मनोज भट्टाचार्य शामिल थे। बोस ने कहा, 'हमें नेताजी के एकता के आदर्शों का पालन करने और जीवन के हर क्षेत्र में अन्याय व असमानता के खिलाफ एक साथ खड़े होने की शपथ लेनी चाहिए।'

# बंगाल में भाजपा का पार्टी संगठन में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने पर जोर

❑ **ममता से मुकाबले के लिए जमीनी स्तर पर संगठन में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने की योजना**



**कोलकाता :** बंगाल में महिला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुकाबले के लिए उनके खिलाफ किसी महिला चेहरे को लाया जाए या नहीं, इस बात को लेकर राज्य में मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा के भीतर लंबे समय से बहस चल रही है। लेकिन पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का मानना है कि केवल महिलाओं को प्रदेश भाजपा में शीर्ष पदों पर लाना पर्याप्त नहीं है। उनमें से कुछ का कहना है कि हमें जमीनी स्तर पर संगठन में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने की आवश्यकता है। इसको ध्यान में रखते हुए अगले साल राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा नेतृत्व पार्टी में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने पर जोर दे रहा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार निचले स्तर पर महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए कई रूपरेखाएं पहले ही तैयार की जा चुकी हैं। हाल में कोलकाता में केंद्रीय नेताओं के साथ प्रदेश नेताओं की हुई अहम सांगठनिक बैठक में कहा गया कि प्रत्येक मंडल में एक महिला सदस्य होनी चाहिए। केंद्रीय नेताओं ने राज्य में बूथ समितियों के गठन का कार्य भी जल्द पूरा करने का निर्देश दिया है।

भाजपा सूत्रों के अनुसार, होली से पहले मंडल कमेटी के गठन का कार्य पूरा हो सकता है। उसके बाद भाजपा राज्य में ममता सरकार व तृणमूल के खिलाफ महिला नेताओं को आगे कर बड़ा आंदोलन भी शुरू करने की तैयारी में है। जिसमें आरजी कर कांड सहित बांग्लादेश में ङ्क्षहदुओं पर अत्याचार, सरकारी मेदिनीपुर मेडिकल कालेज अस्पताल में कथित एक्सपायर सेलाइन चढ़ाने से महिला व नवजाद की हुई मौत, स्वास्थ्य प्रणाली में गिरावट और राज्य में महिलाओं के खिलाफ ङ्क्षहसा आदि के खिलाफ ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### फिर घने कोहरे के कारण नदी में फंसी यात्रियों से लदी लांच



**कोलकाता :** एक बार फिर घने कोहरे के कारण हुगली नदी में यात्रियों से लदी एक लांच फंस कई। उक्त घटना के कारण लांच में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया और कुछ लोग दहशत में शोर मचाने लगे। वहीं घने कोहरे के कारण डायमंड हार्बर में जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया और डायमंड हार्बर-कुंकरहाटी लांच सेवा भी बाधित हुई। लांच में लगभग 150 यात्री सवार थे। सूचना मिलने पर डायमंड हार्बर दमकल विभाग ने बचाव अभियान शुरू किया। आज सुबह से ही घना कोहरा छाया हुआ है। परिणामस्वरूप, यात्रियों से भरा एक लांच हुगली नदी में फंस गया। बताया गया है कि उस नाव पर 150 यात्री सवार थे। खबर लिखे जाने तक लांच हुगली नदी के उद्गम स्थल पर अटका हुआ था।लांच पर बुजुर्ग लोग, महिलाएं और बच्चे भी थे। दमकल कर्मियों ने कई यात्रियों को उठाकर बाहर निकाला। उन्हें कीचड़ और गाद से होकर बचाया गया। लोगों को चिकित्सा भी उपलब्ध कराई गई।

**इच्छा की अभिव्यक्ति (ईओआई)**

**माल परिवहन व्यवस्था के विषय से संबंधित पेशेवर अध्ययन सेवा हेतु**

**ईओआई सूचना सं.: सी.375/एन्गेजमेंट ऑफ कॉन्सलटेंट/एफएम/2024 दिनांक: 23.01.2025**

**संशोधन**

नीचे उल्लेखित कार्य के लिए इच्छुक अनुभवी **लॉजिस्टिक बिजनेस कॉन्सलटेंट** से निर्धारित प्रारूप में इच्छा की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रण के संबंध में नीचे उल्लेखित संशोधन किए गए हैं: **कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे में परिवहन गुणांक वृद्धि के उद्देश्य हेतु, पूर्व रेलवे की सीमाओं के भीतर विभिन्न प्रकार के माल परिवहन के वर्तमान परिमाण मूल्यांकन एवं अगले 10 वर्षों एवं उससे आगे के समय में रेलवे के जरिए परिवहन योग्य मालों के संभावित परिमाण के संबंध में सर्वांगीण लॉजिस्टिक मार्केट अध्ययन के लिए परामर्श सेवाओं की नियुक्ति के लिए सलाहकार का चयन। **ईओआई की उपलब्धता:** आधिकारिक वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** से **दिनांक 07.01.2025 से 06.02.2025 तक** अथवा ईओआई फ्रेट मार्केटिंग सेक्शन, पहली मंजिल, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक का कार्यालय, पूर्व रेलवे, 3, कोयलाघाट स्ट्रीट, कोलकाता-700001 से दिनांक 06.02.2025 तक काम के घंटे के दौरान भी संग्रह किए जा सकते हैं। **ईओआई जमा:** दिनांक **07.02.2025 को अपराह्न 3.00 बजे** तक। आवेदन प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे के कार्यालय में इस उद्देश्य के लिए रखी पेटी में बंद होने की तारीख एवं समय के अंदर जमा किए जाने चाहिए। **ईओआई खुलेगी:** दिनांक **07.02.2025 को अपराह्न 4.00 बजे**। किसी भी अप्रत्याशित अवकाश अथवा बंद इत्यादि के कारण निर्धारित तारीख एवं समय को कार्यालय के बंद रहने पर इच्छा की अभिव्यक्ति (ईओआई) के लिए आवेदन अगले कार्यकारी दिवस को यथावत समय पर स्वीकार किए एवं खोले जाएंगे। ईओआई का सम्पूर्ण विवरण पूर्व रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** पर देखे एवं वहां से डाउनलोड किए जा सकते हैं तथा फ्रेट मार्केटिंग सेक्शन, पहली मंजिल, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक का कार्यालय, पूर्व रेलवे, 3, कोयलाघाट स्ट्रीट, कोलकाता-700001 से संग्रह किए जा सकते हैं।

**प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, कोलकाता**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# हत्यारोपी की हत्या में दोषी को आजीवन कारावास की सजा

## कृष्णानगर कोर्ट ने चार साल पुराने मामले में सजा की घोषणा की



**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के कृष्णानगर कोर्ट ने चार साल पुराने हत्यारोपी की हत्या के मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कर्ज के विवाद में धारदार हथियार से वार कर हत्यारोपी की हत्या कर दी गई थी। नदिया के नकाशीपाड़ा थाना अंतर्गत दोगाछी पंचायत में चार साल पहले हुई हत्या के मामले में बुधवार को फैसला सुनाया गया। कृष्णानगर जिला न्यायालय ने पद्मपाड़ा गांव निवासी अब्दार शेख की हत्या के मामले में दोषी महफूज शेख को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। महफूज पर 15,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। न्यायाधीश ने ऐसा न करने पर छह महीने की अतिरिक्त जेल की सजा का आदेश दिया। अब्दार के खिलाफ हत्या और अपहरण का मामला दर्ज था। वह जमानत पर रिहा होने के बाद घर लौट आया था।

महफूज के भाई अयूब शेख और पड़ोसी हलीमा बीबी के खिलाफ भी मामला लंबित था। लेकिन अदालत ने सुबूतों के अभाव में उन्हें रिहा कर दिया। सरकारी वकील अर्नब गंगोपाध्याय ने कहा कि न्यायाधीश बसंत शर्मा ने दोषी महफूज शेख को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने साक्ष्य के अभाव में शेष आरोपितों को रिहा कर दिया है।

❑ **कर्ज के विवाद में हत्या कर दी गई थी :**

अदालती सूत्रों के अनुसार, 30 अक्टूबर 2020 को सुबह करीब 8 बजे स्थानीय निवासी अब्दार शेख महफूज के भाई अयूब के पास बकाया पैसे मांगने गया था। लेकिन अयूब ने बकाया पैसा लौटाने से इन्कार कर दिया। इसके बजाय, उसने अब्दार की पिटाई की और उसके साथ दुर्व्यवहार किया। उसे घर से भी निकाल दिया गया। महफूज उस समय घटनास्थल पर मौजूद था। अयूब द्वारा पीटे जाने के बाद अब्दार अपने रिश्तेदार व अन्य लोगों के साथ महफूज के घर गया। दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर हमला कर दिया। इसी दौरान महफूज ने धारदार हथियार से अब्दार पर वार कर दिया। अब्दार मौके पर ही जमीन पर गिर पड़ा। लहूलुहान हालत में उसे बेथुआधारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

❑ **दो लोगों को रिहा कर दिया गया :**

अब्दार के परिवार ने नकाशीपाड़ा पुलिस स्टेशन में हलीमा बीबी, अयूब और महफूज के खिलाफ हत्या की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने इस तरह जांच शुरू की। तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। लेकिन अदालती सूत्रों के अनुसार, अदालत में यह साबित नहीं हो सका कि अयूब और हलीमा बीबी भी हत्या में शामिल थे। इसलिए न्यायाधीश ने उन्हें रिहा कर दिया।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
• MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
• PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
• RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# नेताजी को ब्रिटिश अधिकारी द्वारा दी गई चाय का कप और प्लेट आज भी सुरक्षित रखे हैं नोआपाड़ा थाने में



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में श्यामनगर रेलवे स्टेशन से महज डेढ़ किलोमीटर दूरी पर नोआपाड़ा थाना है जिसकी नेताजी सुभाष चंद्र बोस से ऐतिहासिक कड़ियां जुड़ी हैं। इस थाने में पुलिसकर्मी हर साल 23 जनवरी को न केवल नेताजी की जयंती मनाते हैं, बल्कि स्टेशन पर उनके संक्षिप्त प्रवास को भी याद किया जाता है, जब उन्हें 1931 में अंग्रेजों ने हिरासत में लिया था। लगभग 93 साल पहले, 11 अक्टूबर 1931 को शाम पांच बजे के आसपास, नेताजी को ब्रिटिश पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था, जब वहजगद्दल के गोलघर में बंगाल जूट मिल मजदूर संगठन की बैठक को संबोधित करने जा रहे थे । उन्हें नोआपाड़ा पुलिस स्टेशन ले जाया गया, जहां उन्हें कुछ घंटों तक हिरासत में रखा गया। हिरासत के दौरान, बोस को चाय की पेशकश की गई, जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया क्योंकि यह एक ब्रिटिश अधिकारी द्वारा दी गई थी। उस अवसर पर इस्तेमाल किए गए सिरेमिक कप और तश्तरी को पुलिस स्टेशन द्वारा महान स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि के रूप में सावधानीपूर्वक संरक्षित किया गया है। सम्मान के प्रतीक के रूप में, पुलिस स्टेशन ने अपने परिसर के अंदर एक छोटा सा स्मारक स्थापित किया। इसमें संरक्षित कप और तश्तरी के बगल में नेताजी की एक तस्वीर रखी गई है। एक कमरे को पुस्तकालय का स्वरूप प्रदान किया गया है जिसमें नेताजी के जीवन और विरासत पर किताबें रखी गई हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''हम खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि हमें इस पुलिस स्टेशन में काम करने का मौका मिला, जहां हमारे प्रिय नेताजी ने कदम रखा था। वे हमारे लिए प्रेरणास्रोत रहे हैं। यहां उनके आगमन के बारे में बहुत कम लोग जानते हैं और हमारा मानना है कि इतिहास के इस अध्याय के बारे में सभी को जानना चाहिए।'' ऐतिहासिक विवरणों के अनुसार, बोस को बैठक के लिए जाते समय ब्रिटिश पुलिस ने रोक लिया था और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था, क्योंकि उन्हें डर था कि नेताजी के भाषण से अशांति भड़क सकती है। अधिकारी ने कहा, ''नेताजी यहां कुछ घंटे तक रुके और तत्कालीन प्रभारी अधिकारी ने उन्हें चाय की पेशकश की, जिसे उन्होंने विनम्रता से अस्वीकार कर दिया।'' नेताजी को 12 अक्टूबर, 1931 को बैरकपुर के तत्कालीन जिला मजिस्ट्रेट के हस्तक्षेप के बाद आधी रात के आसपास रिहा किया गया था। हालांकि, नेताजी के जीवन पर शोध करने वाले जयंत चौधरी के अनुसार, बोस को यह शर्त दी गई थी कि वह तीन महीने तक नोआपाड़ा में प्रवेश नहीं कर सकते। नोआपाड़ा पुलिस स्टेशन बैरकपुर पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत आता है। हर साल, नेताजी को श्रद्धांजलि देने के लिए उनके जन्मदिन पर स्मारक कक्ष को जनता के लिए खोला जाता है और बैरकपुर पुलिस आयुक्तालय के वरिष्ठ अधिकारी इस स्मारक कार्यक्रम में भाग लेते हैं। एक अधिकारी ने कहा, ''इस साल भी, हमने नेताजी के जन्मदिन का जश्न मनाने की व्यवस्था की है, ताकि जनता कमरे में जा सके, इतिहास के इस हिस्से को देख सके और उन्हें सम्मान दे सके।'' थाने के बाहर, नेताजी की एक मूर्ति खड़ी है, जो उनकी विरासत का प्रतीक है।

# आयुष मंत्री मलय घटक के घर पर हमले के बाद 4 पुलिस अधिकारियों को बदलने का आदेश



**आसनसोल :** घर के पास स्थित कार्यालय में हमले के बाद आयुष मंत्री मलय घटक की सुरक्षा पर सवाल उठ गए हैं। इस घटना के बाद सुरक्षा के जिम्मेदार 4 पुलिस कर्मियों को बदलने का आदेश दिया गया है। वहीं, गिरफ्तार किए गए युवक को गुरुवार को अदालत में पेश किया गया, और उसके परिवार का दावा है कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ है। बुधवार शाम को एक युवक मंत्री के कार्यालय में घुसा। उसके हाथ में एक बड़ा ईंट था, जिसे उसने मंत्री की टेबल पर फेंक दिया। हालांकि, मंत्री घर पर नहीं थे, वह कोलकाता में थे, इस कारण उन्हें चोट नहीं आई। इस घटना के बाद मंत्री के परिवार में घबराहट फैल गई। मंत्री की पत्नी सुधेष्णा घटक ने सुरक्षा को लेकर चिंता जताई।

आसनसोल के 'आपके गार्डन' स्थित मंत्री मलय घटक के घर में हुई तोड़फोड़ को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे हैं, क्योंकि मंत्री के घर में हमेशा 5 पुलिस कर्मी तैनात रहते हैं। इनमें एक अधिकारी और चार कांस्टेबल शामिल हैं, साथ ही वहां सीसी कैमरे भी लगे हुए हैं। पुलिस ने घटना के बाद आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही डिसी (सेंट्रल) ध्रुव दास और एसीपी (सेंट्रल) विश्वजीत नस्कर मंत्री के घर पहुंचे। बाद में मंत्री के भाई अभिजीत घटक भी वहां पहुंचे। गिरफ्तार युवक का नाम विक्की कावड़ा है, जो आसनसोल के 54 नंबर वार्ड के कुमारपुर स्थित कालिकापुर के सायरपाड़ा का निवासी है। पार्षद सोना गुप्ता ने बताया कि उन्होंने खुद उस युवक से पूछताछ की। गिरफ्तार युवक को गुरुवार को अदालत में पेश किया गया।

# गणतंत्र दिवस के मद्देनजर बीएसएफ ने भारत–बांग्लादेश सीमा पर शुरू किया आप्स अलर्ट अभ्यास

- **बीएसएफ के एडीजी ने सीमा का दौरा कर तैयारियों का लिया जायजा**
- **सीमा सुरक्षा मजबूत करने के लिए शुरू किया है आप्स अलर्ट अभ्यास**



**कोलकाता :** बांग्लादेश में बदले हुए परिदृश्य के मद्देनजर 76वें गणतंत्र दिवस से पहले 4,096 किलोमीटर लंबी भारत–बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा की कड़ी सुरक्षा के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने अपने सभी क्षेत्रीय संरचनाओं में आप्स अलर्ट अभ्यास शुरू किया है। आप्स अलर्ट अभ्यास के जरिए सीमा पर गश्त और अन्य आपरेशनल गतिविधियों को मजबूत किया जा रहा है। इस संबंध में बीएसएफ के पूर्वी कमान के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) रवि गांधी और सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने पूर्वी कमान के क्षेत्र में दिन और रात के प्रभुत्व की समीक्षा की है। एडीजी रवि गांधी गणतंत्र दिवस से पहले बीएसएफ की परिचालन तैयारियों और रणनीतिक तैनाती की निगरानी के लिए भारत–बांग्लादेश सीमा पर बल के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के सीमावर्ती क्षेत्रों का दो–तीन दिनों से दौरा भी कर रहे हैं। एडीजी ने सभी क्षेत्रीय संरचनाओं को निगरानी बढ़ाने और विशेष रूप से नदी की सीमाओं और बिना बाड़ वाले क्षेत्रों में जवानों व अधिकारियों को अत्यधिक सतर्क रहने का निर्देश दिया है।

कोलकाता में बीएसएफ के पूर्वी कमान मुख्यालय द्वारा एक बयान में बताया गया कि आप्स अलर्ट अभ्यास के दौरान, बीएसएफ के जवान सीमा तथा सीमा के निकट आंतरिक इलाकों में विभिन्न सुरक्षा अभ्यास करेंगे। इसके अलावा सीमाओं पर होने वाली घटनाओं से निपटने के लिए विभिन्न परिचालन प्रक्रियाओं की वैधता के साथ–साथ सीमावर्ती आबादी क्षेत्रों के साथ बातचीत के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। 22 जनवरी से शुरू यह आप्स अलर्ट अभ्यास 31 जनवरी तक चलेगा।

# भारत-बांग्लादेश सीमा पर शांति और सहयोग के लिए बीएसएफ और बीजीबी ने की बैठक

- **तनाव के बीच दोनों बलों ने सीमा पर आपसी सहयोग और समन्वय बढ़ाने पर दिया जोर**
- **बीएसएफ डीआइजी बोले– ये बैठकें भारत और बांग्लादेश के बीच अटूट साझेदारी का प्रमाण**



**कोलकाता :** बंगाल में भारत–बांग्लादेश सीमा पर कुछ क्षेत्रों में कांटेदार तार की बाड़ लगाने के काम में बार्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) द्वारा सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को हाल में बाधा देने को लेकर जारी तनाव के बीच दोनों बलों के अधिकारियों के बीच मालदा जिले से लगती बीओपी सोनामस्जिद, बांग्लादेश में बुधवार को सेक्टर कमांडर स्तर की सीमा समन्वय बैठक आयोजित की गई। सीमा पर शांति, आपसी सहयोग और समन्वय बढ़ाने के उद्देश्य से हुई इस बैठक में बीएसएफ प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बल के मालदा सेक्टर के डीआइजी तरुण कुमार गौतम ने किया, जबकि बीजीबी प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई कर्नल मोहम्मद इमरान इब्ने रौफ, सेक्टर कमांडर, राजशाही ने की। प्रतिनिधिमंडल में दोनों बलों के संबंधित बटालियन कमांडर और स्टाफ अधिकारी शामिल थे। बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर मुख्यालय की ओर से गुरुवार को जारी एक बयान में कहा गया कि बैठक में दोनों बलों के बीच सीमा प्रबंधन संबंधित सीमावर्ती क्षेत्रों में आपसी हितों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार–विमर्श किया गया। बैठक में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूती, सीमा क्षेत्र में अवैध गतिविधियो पर नियंत्रण, अंतरराष्ट्रीय सीमा के समीप किसानों के अतिरिक्त अन्य के आवागमन पर रोक आदि मुद्दों पर चर्चा की गई और सहमति बनी। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि सीमा संबंधित समस्याओं पर आपसी बातचीत और सहमति से निदान ढूंढने पर दोनों पक्षों ने जोर दिया। बैठक में सीमा संबंधित विवादों को मीडिया के कुछ वर्गों में बढ़ा चढ़ा कर प्रस्तुत करने और अफ़वाहों पर दोनों पक्षों ने चिंता व्यक्त की और इस पर रोकथाम के प्रति सहमति व्यक्त की। बैठक में प्रभावी सीमा प्रबंधन सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक में हाल की घटनाओं पर भी चर्चा की गई, जिसमें 18 जनवरी को मालदा जिले में सुकदेवपुर सीमा पर दोनों देशों के किसानों के बीच झड़प की घटना शामिल है। बीएसएफ ने भारत–बांग्लादेश सीमा पर शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए बीजीबी के साथ मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बयान में कहा गया कि बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई, जिसमें दोनों बलों ने द्विपक्षीय सहयोग और सीमा सुरक्षा के लिए अपनी निरंतर प्रतिबद्धता व्यक्त की।

दक्षिण बंगाल फ्रंटियर, बीएसएफ के डीआइजी व प्रवक्ता एनके पांडे ने बयान में कहा कि ये उच्च स्तरीय बैठकें भारत और बांग्लादेश के बीच अटूट साझेदारी का प्रमाण है। खुले संवाद और सहयोग के माध्यम से दोनों बलों ने साझा चिंताओं को संबोधित करते हुए अंतरराष्ट्रीय सीमा की पवित्रता बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि बीएसएफ अपनी सीमाओं की ईमानदारी से रक्षा करने और अपने पड़ोसियों के साथ सद्भाव को बढ़ावा देने के अपने मिशन में दृढ़ है।

# नोआपाड़ा में एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट और सोलर प्लांट का शुभारंभ



**कोलकाता :** नोआपाड़ा कारशेड में गुरुवार को एक एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन किया गया। यह प्लांट प्रति घंटे 5 क्यूबिक मीटर प्रदूषित औद्योगिक जल को शुद्ध करने की क्षमता रखता है। इसका उद्घाटन कुंतल मित्रा, वरिष्ठ तकनीशियन, ने पी. उदय कुमार रेड्डी, महाप्रबंधक, मेट्रो रेलवे और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया।

इसके साथ ही, भारत का सबसे उच्च क्षमता वाला 33 केवी डीसी ट्रैक्शन सब–स्टेशन भी उद्घाटित किया गया। 15 मेगावॉट डीसी ट्रैक्शन क्षमता वाले इस सब–स्टेशन का उद्घाटन गोपाल मजूमदार, वरिष्ठ तकनीशियन, ने किया। यह सब–स्टेशन ट्रेनों और अन्य विद्युत प्रणालियों को ऊर्जा प्रदान करेगा। महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी ने नोआपाड़ा कारशेड में 7.5 मेगावॉट के सोलर प्लांट की आधारशिला भी रखी। इस प्लांट से कार्बन फुटप्रिंट में सालाना 3750 मीट्रिक टन की कमी आएगी। यह परियोजना 2030 तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जक बनने के भारतीय रेलवे के लक्ष्य में योगदान देगी। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक ने वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया, जिसमें नारियल, शीशम, सुपारी और इमली के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर मेट्रो रेलवे की अध्यक्ष पी. श्रीलता और एमआरडब्ल्यूडब्लूओ के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।



76वें गणतंत्र दिवस पर आरपीएफ और जीआरपीएस डॉग स्क्वॉड टीम के साथ पार्किंग एरिया में तलाशी अभियान करते हुए

## शॉर्ट टर्म में होने वाला उतार–चढ़ाव लंबे समय के लिए खरीदारी का अवसर है : पीएल एसेट मैनेजमेंट

**कोलकाता :** पीएल एसेट मैनेजमेंट ने अपनी नवीनतम 'पीएमएस स्ट्रैटेजी अपडेट्स एंड इनसाइट्स' रिपोर्ट को जारी कर दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा अस्थिरता ने शेयर बाजार में लंबे समय में खरीदारी का अवसर पैदा किया है। मौजूदा गिरावट के कारण, 3–वर्षीय औसत पी/ई से ऊपर लार्ज–कैप, मिड–कैप और स्मॉल–कैप शेयरों का प्रतिशत घट रहा है, जो कमजोर बाजार रुझान और कमजोर आय प्रदर्शन से प्रेरित वैल्यूएशन के सामान्यीकरण का संकेत दे रहा है। इसकी वजह से अर्निंग यील्ड और बॉन्ड यील्ड प्रसार में ऊपर की ओर बदलाव हुआ है, जिससे इक्विटी तुलनात्मक रूप से अधिक आकर्षक हो गई है। क्वॉन्ट इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजीज़ और फंड मैनेजर, पीएल एसेट मैनेजमेंट,पीएल कैपिटल प्रभुदास लीलाधर के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर सिद्धार्थ वोरा ने कहा, वैल्यू स्टाइल फैक्टर का बेहतर प्रदर्शन आम चुनाव के नतीजों के दिन के आसपास समाप्त हो गया और तब से, क्वॉलिटी स्टाइल बेहतर प्रदर्शन कर रही है।

## महाप्रसाद रसोई में अदाणी परिवार की सास–बहू का दिखा अद्भुत रूप

**प्रयागराज/कोलकाता, समाज्ञा :** महाकुंभ 2025 के दौरान प्रयागराज में इस्कॉन पंडाल में अदाणी परिवार का सेवा भाव देखने को मिला। गौतम अदाणी की पत्नी डॉ. प्रीति अदाणी अपनी बहू परिधि अदाणी और नन्ही पोती के साथ इस्कॉन की रसोई में सेवा करती नजर आईं। मटर छीलने से लेकर रोटियों पर घी लगाने तक, सास–बहू ने जमीन पर बैठकर पूरे समर्पण के साथ श्रद्धालुओं के लिए कार्य किया। इस्कॉन रसोई में महिलाओं की टोली के साथ काम करते हुए डॉ. प्रीति अदाणी और परिधि अदाणी ने सहजता से सेवा भावना का उदाहरण पेश किया। उनकी नन्ही पोती भी उनके साथ इस कार्य में शामिल होती दिखी। वहीं, करण अदाणी अपनी मां, पत्नी और बेटी को गर्व भरी निगाहों से देख रहे थे। महाकुंभ के इस पावन अवसर पर अदाणी समूह ने इस्कॉन के साथ मिलकर प्रतिदिन 1 लाख लोगों को महाप्रसाद और गीता प्रेस के साथ 1 करोड़ आरती संग्रह वितरण का संकल्प लिया है। यह प्रेरणादायक पहल कुंभनगरी में अदाणी परिवार की सेवा भावना और समर्पण को रेखांकित करती है।



**73वें वार्षिक डोवर लेन संगीत सम्मेलन में डॉ. एलम इंदिरा देवी को मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य, मेयर–इन–काउंसिल देबाशीष कुमार, डोवर लेन संगीत सम्मेलन के संरक्षक संजय बुधिया, 73वें वार्षिक डोवर लेन संगीत सम्मेलन के महासचिव मोनोतोष मुखर्जी और अन्य की उपस्थिति में संगीत सम्मान पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस मौके पर 13 वर्षीय बांसुरी वादक मास्टर अनिर्बान रॉय को इस वर्ष युवा प्रतिभाओं के लिए केयरिंग माइंड्स इंटरनेशनल अवार्ड मिला।**

# श्री जैन विद्यालय, हावड़ा, का 'वार्षिक खेलकूद उत्सव सम्पन्न'



**हावड़ा :** श्री जैन विद्यालय हावड़ा, का 'वार्षिक खेलकूद उत्सव' हावड़ा के शैलेन मन्ना स्टेडियम (डालमिया पार्क) में रंग–बिरंगे इंद्रधनुषी वेश–भूषा में विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित कई आकर्षक खेलकूद और विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने के साथ सम्पन्न हुआ। वार्षिक खेलकूद उत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि डो देवाश्री लाहिडी (एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज,हावड़ा)एवं समाजसेविका सीमा सांड द्वारा मशाल प्रज्ज्वलन से हुआ। प्रज्ज्वलित मशाल के सम्मुख विद्यालय के प्रतिनिधि छात्र– छात्राओं ने सामूहिक रूप से खेल शपथ लिया। फिर विद्यालय के प्रातः और दिवा विभाग के विभिन्न हाउस की रंगीन टुकड़ियों ने बैंड की धुन पर आगत अतिथि को सलामी दी।

श्री जैन विद्यालय के संस्थापक, सुप्रसिद्ध समाजसेवी सरदारमल कांकरिया ने विद्यालय के 'वार्षिक खेलकूद उत्सव' के उद्बोधन भाषण में कहा कि जहाँ पढ़ाई से बाल मस्तिष्क और बुद्धि का विकास होता है, वहीं खेलकूद से मस्तिष्क और बुद्धि सहित शारीरिक स्वस्थता का भी तीव्र विकास होता हैं। इसी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ही विद्यालय द्वारा 'वार्षिक खेलकूद उत्सव' का आयोजन किया जाता है। विद्यालय के इस वार्षिक खेलकूद उत्सव में विद्यालय के सचिव ललित कांकरिया, प्रदीप पटवा, सुरेंद्र बांठिया, अशोक मिन्नी, विनोद मिनी, बालिका विभाग की प्रधानाध्यापिका मौसमी घोषाल, बालक विभाग की प्रिन्सिपल इंदु जोसफ चौधरी की उपस्थिति सभी के लिए उत्साहवर्द्धक रही है।

तत्पश्चात खेलकूद संबंधित छात्र–छात्राओं के अनेक प्रकार की आकर्षक दौड़ हुई। छोटे–छोटे विद्यार्थियों के अनुकूल चाकलेट रेस, फ्राग रेस, स्कूल बैग रेस, बैलेंस रेस आदि बहुत ही आकर्षक रहा है। प्रतिभागियों के चेहरे की मुस्कुराहट दर्शक दीर्घा में बैठे उनके अभिभावकों को प्रसन्नता से ओत–प्रोत कर दिया। बाद में कुछ बड़े छात्र–छात्राओं के 100 मीटर, 200 मीटर, 300 मीटर, 400 मीटर, 500 मीटर, 1000 मीटर रेस, रिले रेस, पैराशूट रेस, बटन रेस, रस्सा खींचना आदि ने दर्शकों को बहुत ही आनंदित और रोमांचित किया।

सभी विजयी प्रतिभागियों को आगत अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के 'वार्षिक खेलकूद उत्सव' को सफल बनाने के लिए विद्यालय के क्रीड़ा अध्यापक विनोद सिंह, अनिल तिवारी, गरिमा सिंह, शिक्षक–प्रतिनिधि संतोष कुमार तिवारी, संजय सिंह, सरिता सिंह, दिबेदु भट्टाचार्य, अंजू सिंह, सतीश सिंह, सोमेन चक्रवर्ती, भीम महतो, चंद्रदेव चौधरी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

बालक एवं बालिका विभाग की प्रधानाध्यापिकाओ मौसमी घोषाल एवं इंदु जोसफ चौधरी दोनों ने सभी विजयी प्रतिभागियों को बधाई दी। विद्यालय के सचिव ललित जी कांकरिया ने सभी शिक्षक– शिक्षिकाओं, दर्शकों, अभिभावकों सहित छात्र–छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए सबका धन्यवाद ज्ञापन किया। उपस्थित सभी विद्यार्थियों को अल्पाहार भी प्रदान किया गया।

# सीएस चंदन गुप्ता ने आईसीएसआई हुगली चैप्टर के चेयरमैन का कार्यभार संभाला



**हुगली, समाज्ञा :** कंपनी सचिव चंदन गुप्ता ने इंस्टिट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रीटरीज ऑफ इंडिया – हुगली चैप्टर के नए चेयरमैन के रूप में 19 जनवरी, 2025 से कार्यभार संभाल लिया है। सीएस चंदन गुप्ता की नियुक्ति से हुगली चैप्टर में नए बदलाव और नई दिशा से विकास की उम्मीद जताई जा रही है। उनका मुख्य उद्देश्य चैप्टर के सदस्यों के लिए नए अवसरों और चैप्टर से जुड़े कार्यक्रमों की शुरुआत करना है।

सीएस चंदन गुप्ता ने हुगली चैप्टर के लिए पूर्व में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। वर्ष 2023 में उन्होंने इसी चैप्टर में सचिव के पद और पिछले वर्ष 2024 में उपाध्यक्ष के पद को बखूबी संभाला था और अपनी सूझबूझ से इस चैप्टर के लिए कई महत्वपूर्ण और सराहनीये कार्य किये है। उनकी विशेषज्ञता, नेतृत्व क्षमता और अनुभव से आईसीएसआई हुगली चैप्टर को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने अपने कार्यभार संभालते हुए कहा, यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मुझे इस प्रतिष्ठित संस्था का नेतृत्व करने का अवसर मिला। मैं पूरे समर्पण के साथ चैप्टर के उद्देश्यों को आगे बढ़ाऊंगा और मैं चैप्टर को और भी मजबूत बनाने और इसके सदस्यों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के लिए पूरी तरह से प्रयास करूंगा और साथ ही साथ अपने रीजनल और सेंट्रल के सभी निर्देशों के पालन करने और उनके साथ मिलजुलकर कार्य करूँगा।

## हावड़ा के मंडल रेलवे अस्पताल ने चलाया टीबी जागरूकता अभियान




**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के मंडल रेलवे अस्पताल में गुरुवार को टीबी जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान का नेतृत्व वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी (सीनियर डीएमओ/एच एंड एफडब्ल्यू), सहायक स्वास्थ्य अधिकारी (एएचओ/एचडब्ल्यूएच) और मंडल रेलवे अस्पताल के समर्पित कर्मचारियों ने किया। गुलमोहर रेलवे कॉलोनी के निवासियों ने कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिसका उद्देश्य समुदाय को टीबी से जुड़े लक्षणों, निदान, उपचार और पोषण संबंधी आवश्यकताओं के बारे में शिक्षित करना था। इस मौके पर एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया। जहां चिकित्सा विशेषज्ञों ने दर्शकों के प्रश्नों को संबोधित किया, टीबी और इसकी रोकथाम के बारे में उनकी समझ को बढ़ाने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान की। जागरूकता बढ़ाने के लिए, रेलवे कॉलोनी के अंदर निवासियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी के साथ एक रैली आयोजित की गई। रैली ने तपेदिक के खिलाफ लड़ाई में सामुदायिक भागीदारी के संदेश को मजबूत किया, जिससे स्वास्थ्य और कल्याण के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता पैदा हुई।

## छात्र – छात्राओं को लंच होम की सुविधा, लायंस क्लब ऑफ कलकत्ता पार्क–एवेन्यू की पहल




**कोलकाता :** लायंस क्लब ऑफ कलकत्ता पार्क एवेन्यू ने कोलकाता नगर निगम के सहयोग से अपने स्थायी प्रोजेक्ट – लंच होम का उद्घाटन किया, जो छात्र – छात्राओं और समुदाय के लोगों को निःशुल्क मध्याह्न भोजन सुविधा वाला सामुदायिक रसोईघर है। सील लेन में स्थित यह रसोईघर एक दिन में 3000 लोगों को भोजन परोसने के लिए सुसज्जित है। लायन प्रदीप नैयर, सूरज बागला ने बताया कोलकाता नगर निगम के मेयर फिरहाद हकीम, एंटाली विधानसभा के विधायक स्वर्ण कमल साहा, पार्षद संदीपन साहा, लायंस इंटरनेशनल के प्रथम उपाध्यक्ष लायन ए.पी. सिंह, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक प्रेम लाहोटी, संगीता जटिया, अंतर्राष्ट्रीय निदेशक राज कुमार अग्रवाल, जिला गवर्नर सलोनी साल्वी और लायन बन्धु तथा अतिथि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने इस परियोजना, पहल की सराहना की, जिससे कोलकाता के सरकारी स्कूलों में स्वच्छ भोजन उपलब्ध होगा।

# बाली ब्रिज के मरम्मत कार्य से यात्री हो रहे परेशान, वैकल्पिक व्यवस्था से भी पूरी राहत नहीं




**कोलकाता, समाज्ञा :** बाली ब्रिज के मरम्मत कार्य की शुरुआत 22 जनवरी की रात 12 बजे से हो चुकी है, जिसके बाद से यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। प्रशासन द्वारा पहले ही सूचित किया गया था कि बाली ब्रिज, जिसे अब विवेकानंद सेतु के नाम से भी जाना जाता है, 100 घंटे तक बंद रहेगा। इस दौरान 23 जनवरी से 27 जनवरी तक यातायात प्रभावित रहेगा। इसके अलावा, बेलघरिया एक्सप्रेसवे और दक्षिणेश्वर के कुछ प्रमुख रास्तों पर भी यातायात में रुकावट की योजना बनाई गई है। वैकल्पिक मार्ग के रूप में प्रशासन ने बाली हॉल्ट स्टेशन के पास, निवेदिता सेतु के टोलप्लाजा के पास कुछ बदलाव किए थे ताकि यात्रियों को सुविधा मिल सके। हालांकि, यह व्यवस्था पूरी तरह से कारगर साबित नहीं हुई और कई यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बाली हॉल्ट से बस पकड़ने वाले यात्रियों को निवेदिता सेतु के टोलप्लाजा से लगभग 1 से 1.5 किमी दूर राजचंद्रपुर तक बस में बैठना पड़ता है। इसके बाद उन्हें लगभग 2.5 किमी पैदल चलकर बाली मेन स्टेशन पहुंचना पड़ा, जिससे यात्रियों में काफी नाराजगी देखने को मिली। पुलिस ने स्थिति को सुधारने के लिए बाली हॉल्ट के पास निवेदिता सेतु के टोलप्लाजा के पास एक दीवार का कुछ हिस्सा तोड़कर यात्रियों को बस से उतरने की व्यवस्था की। इसके बाद यात्रियों को कुछ राहत मिली। इस बीच, बाली ब्रिज के बाली से दक्षिणेश्वर जाने वाले रास्ते पर यातायात सामान्य था, जहां बस, टैक्सी, ऑटो और निजी वाहन चल रहे थे। हालांकि, दक्षिणेश्वर से बाली जाने वाली सड़कों पर केवल दो पहिया और तीन पहिया वाहन ही सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक चलने की अनुमति थी। प्रशासन ने पहले ही संभावित समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कई योजनाएं तैयार की थीं, जिसके कारण अब यातायात में कोई बड़ी समस्या नहीं उत्पन्न हो रही है। परिवहन विभाग ने यह भी बताया कि 23 जनवरी से 26 जनवरी तक सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक बाली ब्रिज से मोटरसाइकिल, टोटो और ऑटो वाहन चल सकते हैं।

# आगामी तीन वर्ष में ममता बनर्जी देश की सुप्रीम कमांडर होगी : प्रसून बनर्जी



**हुगली, समाज्ञा :** 22वें सिंगुर मेला का उद्घाटन करने विशेष अतिथि के तौर पर पहुंचे पूर्व फुटबॉलर एवं तृणमूल सांसद प्रसून बनर्जी समेत मंत्री बेचाराम मन्ना, विधायक कारवी मन्ना, जिला कर्माध्यक्ष रंजन धारा और ग्रामीण पुलिस सुपर ने दीप प्रज्वलित करके मेले का विधिवत उद्घाटन किया। मेले के मंच का नामकरण मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन के नाम पर किया गया। मंच से जिले के उच्च पदस्य अधिकारीयों एवं सिंगुर विधानसभा क्षेत्र में पंचायत प्रधान उप प्रधान को सम्मानित किया गया। इस कार्यकर्म में अभिनेत्री रितुपर्णा सेनगुप्ता, सौमित्स्य कुंडू, डीएसपी ग्रामीण अग्नेश्वर चौधरी, सीआईसी प्रशांत चटर्जी, झुमुर फिल्म निर्माता सोना सील समेत तमाम विशिष्ठ अतिथि शामिल रहे। मंत्री बेचाराम मन्ना ने कहा कि सिंगुर मेले का मतलब मिलन मेला, सांस्कृतिक शांति एकता सद्भाव और विविधता में एकता का मेला है। लोग सालभर तक इस मेले का इंतजार करते हैं। रोजगार का सृजन होता है। तरह तरह के सामान इस ममले में मिलते हैं। मेला 02 फरवरी तक चलेगा। रोजाना सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। सांसद प्रसून बनर्जी कहा कि आने वाले तीन साल में प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी देश की सुप्रीम कमांडेंट होगी। उनके नेतृत्व में चुनाव लड़ने वाला पराजित नहीं होता क्योंकि वह जनता से जुड़ी है। आने वाले 100 वर्षों तक ममता बनर्जी जैसी नेता जन्म नहीं लेगी। कहा कि भाजपा भ्रम का नाम है। भाजपा सिर्फ बांटने की राजनीति करती है। बंगाल के साथ दोहरा मापदंड करती है। वह बंगाल के विकास को रोककर मुख्यमत्री के कदमों को बढ़ने से रोकने का मिथक प्रयास कर रही है। 2026 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का करारा जबाव मिलेगा। कहा कि वह एक फुटबॉलर थे लेकिन प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें लोकसभा का टिकट दिया और ममता बनर्जी के वजह से वह सांसद बने। आज पूरा देश उन्हें चाहता है। आने वाले समय में देश की कमान उनके हाथ में होगी। कहा कि देश की जनता अब पीएम मोदी पर विश्वास नहीं करती। इसलिए ट्रम्प ने उन्हें अमीरिका आने का न्योता नहीं दिया। सिर्फ जुमले से काम नहीं चलता। भाजपा नेतृत्व की साख घटते चली जा रही है।

# दोस्तों के हाथों गोलियों से घायल हुआ युवक, बैरकपुर शूटआउट में 3 गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** दिनदहाड़े सड़क पर शूटआउट की घटना के बाद बैरकपुर के सोदपुर में बुधवार रात को पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनके बारे में दावा किया गया है कि उन्होंने अपने दोस्त को गोली मारी। गिरफ्तार आरोपियों के नाम शेख कौसर उर्फ अरियन, कुलदीप दास उर्फ चुआ और दीपक बाल्मीकि हैं। पुलिस अब इन आरोपियों से विस्तृत जानकारी हासिल करने की कोशिश कर रही है। पूछताछ में पता चला कि गोली लगने वाले युवक की तीनों आरोपियों से दोस्ती थी। तीन-चार दिन पहले किसी मामले को लेकर उनके बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद बुधवार शाम को पाइपरोड पर शूटआउट की घटना हुई। बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट के डीसी (सेंट्रल) इंद्रबदन झा ने बताया कि 24 घंटे के अंदर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

गौरतलब है कि बुधवार शाम को बैरकपुर के चिड़ियामोड़ इलाके के पास पाइपरोड पर एक सुनसान जगह पर अचानक शूटआउट हुआ। मोटरसाइकिल पर सवार अपराधी आए और मोहम्मद इमदाद नामक युवक को गोली मारकर फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट ने जांच शुरू की। पुलिस ने घायल युवक मोहम्मद इमदाद से शुरुआती पूछताछ की और उसके बयान के आधार पर बुधवार रात सोदपुर से तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया। डीसी इंद्रबदन झा ने बताया कि गिरफ्तारी से यह पता चला है कि आरोपियों और घायल युवक के बीच दोस्ती थी और कुछ दिन पहले किसी विवाद के कारण यह घटना घटी। फिलहाल, पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है ताकि घटना के अन्य पहलुओं का पता चल सके।

## मेट्रो के सामने फिर से आत्महत्या करने की कोशिश, करीब एक घंटे बाद सामान्य हुई सेवा

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो के सामने कूदकर गुरुवार को फिर से एक महिला ने आत्महत्या करने की कोशिश की। हालांकि, महिला को वक्त रहते बचा लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार शाम करीब 4:28 बजे कवि नजरूल में एक महिला ने दक्षिणेश्वर जाने वाली मेट्रो के सामने कूद पड़ी। इसे देखते ही हंगामा मच गया। मेट्रो ड्राइवर ने तेजी से ब्रेक लगाया और महिला को बचाने का कार्य शुरू कर दिया गया। कुछ देर के बाद महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना के कारण कुछ देर के लिए सेवा पूरी तरह से ठप हो गयी। बाद में रवींद्र सरोवर से दक्षिणेश्वर तक सेवाएं शुरू की गई। टॉलीगंज से कविसुभाष तक मेट्रो का परिचालन लंबे समय से बंद रहा। जिसके करीब 1 घंटे बाद स्थिति सामान्य हुई। मेट्रो में आत्महत्या के कोशिश की यह पहली घटना नहीं है। इस घटना के बाद से सनसनी मच गई थी।

## गणतंत्र दिवस परेड के लिए सागरदीघी और सोदपुर के छात्रों को केंद्र सरकार से निमंत्रण





**कोलकाता, समाज्ञा :** इस वर्ष के गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर केंद्र सरकार ने दो विशेष मेहमानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 26 जनवरी को दिल्ली में होने वाली परेड देखने के लिए आमंत्रित किया है। एक ओर, मुर्शिदाबाद जिले के सागरदीघी के बीए तृतीय वर्ष के छात्र अली अकबर को और दूसरी ओर कोलकाता के सोदपुर की बी.टेक छात्रा तनिमा दास को यह विशेष अवसर प्राप्त हुआ है। अली अकबर, जो एक प्राथमिक राज्य सरकार द्वारा संचालित स्कूल के शिक्षक के बेटे हैं, ने अपनी पढ़ाई के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया है। उन्होंने रक्तदान, अनाथालयों के लिए काम किया और माई भारत ऐप के माध्यम से शिक्षण सेवाएं भी प्रदान की हैं। अकबर ने बताया, 4 जनवरी को मुझे सरकार से एक पत्र मिला, जो मेरे लिए एक सुखद आश्चर्य था। मेरे पिता ने सबसे पहले पत्र पढ़ा और मैं इस सम्मान के लिए बहुत गर्व महसूस कर रहा हूं। वहीं, तनिमा दास, जो ब्रेनवेयर यूनिवर्सिटी से बी.टेक कर रही हैं, ने भी एनएसएस के तहत सामाजिक कार्यों में भाग लिया है। उन्होंने कहा, सरकार से पत्र मिलने पर मुझे बहुत खुशी हुई और मेरे पिता ने सबसे पहले उसे पढ़ा। मैं इस सम्मान को प्राप्त करने पर गर्व महसूस कर रही हूं। सरकार ने इन दोनों छात्रों के लिए 23-27 जनवरी तक दिल्ली में रहने और खाने की व्यवस्था की है। 26 जनवरी को आयोजित 76वें गणतंत्र दिवस परेड को देखने के लिए लगभग 10 हजार विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है, जिनमें 'स्वर्णिम भारत' के निर्माता और सरकारी योजनाओं के लाभार्थी शामिल हैं। यह आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर जन भागीदारी को बढ़ावा देने और भारतीय संस्कृति एवं समाज के निर्माण में योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने 'योग और विज्ञान' पर विशेष सत्र का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा**




हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने भारतीय योग संघ के सहयोग से गुरुवार को हेरिटेज कैंपस में 'योग और विज्ञान' विषय पर एक विशेष सत्र आयोजित किया। यह कार्यक्रम नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती और 'पराक्रम दिवस' के अवसर पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में एस-व्यासा कोलकाता चैप्टर, योगा एंड लाइफ, कोलकाता, एनएसएचएम नॉलेज कैंपस और योग एंड हैप्पीनेस का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। सत्र की मुख्य वक्ता पद्मश्री डॉ. एच.आर. नागेंद्र, एस-व्यासा योग विश्वविद्यालय के चांसलर, जो नासा के पूर्व वैज्ञानिक और वर्तमान में योग गुरु के रूप में प्रसिद्ध हैं। डॉ. नागेंद्र ने योग के वैज्ञानिक पहलुओं पर प्रकाश डाला और इसके माध्यम से मानवता की भलाई में योगदान के महत्व को बताया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। जिसके बाद डॉ. नागेंद्र ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस और स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने योग और विज्ञान के बीच के संबंध पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर हेरिटेज ग्रुप के चेयरमैन एच.के. चौधरी, सीईओ पी.के. अग्रवाल और भारतीय योग संघ के सचिव डॉ. अभिजीत घोष भी उपस्थित रहे। इस मौके पर पी.के. अग्रवाल ने इस कार्यक्रम के दौरान कहा, योग मानवता की पुरानी बीमारियों का समाधान है। भारत ने योग के क्षेत्र में एक आदर्श प्रस्तुत किया है, जो आज पूरी दुनिया में फैल रहा है।

# केंद्र और राज्य सरकार झींगा निर्यात बढ़ाने के लिए मिलकर करेंगी काम



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल से झींगा (चिंगड़ी) का निर्यात बढ़ाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने साझा पहल शुरू की है। इसका उद्देश्य न केवल मछुआरों की आय बढ़ाना है, बल्कि सरकारी राजस्व में भी इजाफा करना है। सरकारी अधिकारियों का मानना है कि इस योजना से मछुआरों को बेहतर अवसर मिलेंगे और निर्यात में आ रही रुकावटों को दूर किया जा सकेगा।

2017 से अमेरिका ने समुद्र से पकड़ी गई झींगा मछलियों का आयात बंद कर दिया था। उनका तर्क है कि मछली पकड़ते समय कछुए जाल में फंस रहे हैं, जिससे इन दुर्लभ प्रजातियों के विलुप्त होने का खतरा बढ़ गया है। अमेरिकी राष्ट्रीय महासागरीय और वायुमंडलीय प्रशासन ने समुद्र में झींगा पकड़ने के दौरान टर्टल एक्सक्लूडर डिवाइस (ढएऊ) का उपयोग अनिवार्य करने की मांग की है। इस उपकरण के उपयोग से जाल में केवल झींगा और अन्य मछलियां फंसेंगी, लेकिन कछुए बच निकलेंगे।

केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को इस दिशा में कदम उठाने के लिए अधिसूचना जारी की है। इसके बाद पश्चिम बंगाल सरकार ने भी इसे लागू करने के लिए मछुआरों को निर्देशित किया है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय ने मछुआरों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए एक करोड़ रुपये का कोष बनाया है। दिसंबर 2024 से अब तक राज्य में सात जागरूकता शिविर आयोजित किए जा चुके हैं।

केंद्रीय एजेंसी के उप निदेशक और राज्य प्रमुख धीरित एक्का ने कहा कि जागरूकता शिविर लगातार आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा, राज्य के ईएमपीईडीए नेटफिश के संयोजक अतनु राय ने कहा कि मछुआरों के लिए जागरूकता के साथ-साथ प्रशिक्षण और परीक्षण भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि तटीय पुलिस और राज्य मत्स्य विभाग इस अभियान में सहयोग कर रहे हैं।

## राज्य सरकार ने स्वास्थ्य योजना पोर्टल का डेटा राष्ट्रीय डाटा सेंटर को न देने का फैसला किया

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार ने अपने सरकारी कर्मचारी स्वास्थ्य योजना पोर्टल की सभी जानकारियों को अब केवल राज्य के अपने डाटा सेंटर में ही संग्रहित करने का निर्णय लिया है। पहले ये डेटा राष्ट्रीय डाटा सेंटर में भी अपलोड किया जाता था। वित्त विभाग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, यह कदम राज्य सरकार की योजनाओं और उनके डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

राज्य सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण सामाजिक और जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जिनमें कृषक बंधु, बांग्लार बाड़ी, कन्याश्री जैसी योजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं का क्रियान्वयन और वित्तीय प्रबंधन पूरी तरह राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। इसके साथ ही, राज्य सरकार अपने कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य योजना की सभी लागतों का भी भुगतान स्वयं करती है।

राज्य सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि इन योजनाओं से संबंधित सभी डेटा केवल पश्चिम बंगाल राज्य डाटा सेंटर में ही अपलोड और संग्रहित किया जायेगा। इस बदलाव के मद्देनजर, स्वास्थ्य योजना पोर्टल को डेटा ट्रांसफर कार्यों के लिए 7 फरवरी को सुबह 10 बजे से 10 फरवरी को दोपहर 12 बजे तक बंद रखा जाएगा। इस दौरान राज्य के कर्मचारी पोर्टल का उपयोग नहीं कर पाएंगे।

यह निर्णय राज्य सरकार की योजनाओं के डेटा को अधिक सुरक्षित और केंद्रीकृत बनाने की दिशा में उठाया गया है। इससे न केवल डेटा सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि राज्य सरकार को अपनी योजनाओं पर और अधिक नियंत्रण भी प्राप्त होगा।

# सियालदह डिवीजन में पुराने स्टील गर्डर को बदलने का कार्य शुरू, सुरक्षा और गति में सुधार की उम्मीद



**कोलकाता :** सियालदह डिवीजन के तहत एक और विशाल अवसंरचना विकास प्रयास की शुरुआत हुई है। जिसमें डुमडम जंक्शन और बाली हाल्ट के बीच सात जगहों पर आरओबी के पुराने स्टील गर्डर को बदला जाएगा। यह महत्वपूर्ण कार्य पूरे सेक्शन की सुरक्षा और गति को बेहतर बनाने में मदद करेगा। उल्लेखनीय है कि, जिन पुराने गर्डरों और ब्रिजों को बदला जा रहा है, वे 1930 के दशक में बने थे और अब 95 साल से भी अधिक पुराने हो चुके हैं। पुराने स्टील गर्डर को हटाने के बाद पूरे सेक्शन में ट्रैक को बैलास्ट किया जाएगा। इस व्यापक अवसंरचना विकास के तहत कई लंबित इंजीनियरिंग और सिग्नल एवं टेलीकम्युनिकेशन कार्य भी पूरे किए जाएंगे। यह कार्य 23 जनवरी की सुबह से शुरू हुआ, जिसमें ब्रिज नंबर 11 सीसीआर के दोनों अप और डाउन स्पैन के रिगर्डिंग का कार्य किया गया। इसके अलावा, अप लाइन में पहले ही 12 जोड़ी स्ट्रिंगर बदल दिए गए हैं, और ब्रिज नंबर 19 सीसीआर के अप और डाउन दोनों हिस्सों की जंग लगी टॉप प्लेट्स को भी बदल दिया गया है। ब्रिज नंबर 19 सीसीआर पर एस एंड टी केबल्स को शिफ्ट करने के लिए हेवी ड्यूटी केबल ट्रे भी स्थापित की गई है। इस लंबित अवसंरचना विकास कार्य को आगे बढ़ाने के लिए, ब्रिज नंबर 15 सीसीआर पर 2 आठ-व्हीलर टॉवर वैन और ब्रिज नंबर 10 सीसीआर तथा ब्रिज नंबर 11 सीसीआर पर 4 टॉवर वैन के साथ 5 टन क्रेन तैनात की गई हैं। सियालदह डिवीजन, पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देवस्कर के गतिशील नेतृत्व में इस कार्य को 26 जनवरी तक पूरा करने के लिए 24 घंटे निगरानी रख रहा है।

## नेता जी की 128वीं जन्म जयंती पर रक्तदान



**हुगली, समाज्ञा :** नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जन्म जयंती के अवसर पर कन्हैया लाइफ केयर की तरफ से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। हिन्दमोटर के जनता सारणी इलाके में यह रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। कन्हैया लाइफ केयर परिवार के सदस्य असेस चौधरी ने कहा कि कन्हैया लाइफ केयर का मकसद समाज के लिए सेवामूलक काम करके जरूरतमंदों की मदद करना है। साल भर तक संस्था सामाजिक कार्य में जुटी रहती है। वर्ष 2017 से यह संस्था लगातार समाज की सेवा करते आ रही है। रक्त संकट से उबारने और अस्पताल में संक्रामक बिमारियों से जूंझ रहे रोगियों की प्राणों की रक्षा के लिए संस्था के 60 सदस्यों ने रक्तदान किया। रक्त दाताओं में महिला पुरुष युवाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। रक्तदाताओं को उपहार व प्रमाणपत्र भेंट किया गया।

# कोलकाता में वायुसेना कप घुड़दौड़ का भव्य आयोजन

❑ **भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह रहे उपस्थित**






**कोलकाता :** महानगर के रायल कलकत्ता टर्फ क्लब ग्राउंड में गुरुवार को प्रतिष्ठित भारतीय वायुसेना (आइएएफ) कप और पूर्वी वायु कमान (ईएसी) कप घुड़दौड़ भव्यता के साथ आयोजित की गई। 1990 से ही भारतीय वायुसेना द्वारा यहां हर साल इस घुड़दौड़ का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह उपस्थित रहे, जिन्होंने विजेता को प्रतिष्ठित आइएएफ कप प्रदान किया। वहीं, पूर्वी वायुसेना कमान के प्रमुख (एयर आफिसर कमांडिंग इन चीफ) एयर मार्शल सूरत सिंह ने ईएसी कप प्रदान किया। आइएएफ कप पर दुबई प्रिंसेज नामक घोड़े ने कब्जा जमाया जबकि ईएसी कप कन्या राशि ने जीता।

कार्यक्रम में वायुसेना के अलावा सेना, नौसेना और तटरक्षक बल के वरिष्ठ अधिकारियों समेत उनके परिवार के सदस्य व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे, जिन्होंने इस घुड़दौड़ का लुत्फ उठाया। इस मौके पर वायुसेना की बैंड टुकड़ी ने भी आकर्षक व सुरीली प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसमें भारतीय वायुसेना की भावना और गौरव का समावेश था। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे सौहार्द को बढ़ावा देने और सशस्त्र बलों और समुदाय के बीच बंधन को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया।

कार्यक्रम में कोलकाता में वायुसेना के एडवांस्ड हेडक्वार्टर, ईएसी के एयर आफिसर कमांडिंग एयर वाइस मार्शल अमिताभ राजा शिंदे, वीएम, स्टाफ आफिसर (टेक्निकल) विंग कमांडर गौरव आनंद व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बामनगाछी में पराक्रम दिवस और भारत हैं हम श्रंखला पर प्रश्नोतरी प्रतियोगिता



**कोलकाता :** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, बामनगाछी में पराक्रम दिवस अत्यंत उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को एक प्रेरणादायक अवसर के रूप में चिह्नित किया। कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की संपूर्ण योजना और आयोजन केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस मुख्यालय) के निर्देशानुसार किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय समशेर कुमार सिंह प्रभारी प्राचार्य महोदय द्वारा नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। समशेर कुमार सिंह(प्रभारी प्राचार्य) ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि हम सभी पराक्रम दिवस के इस शुभ अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाने के लिए एकत्र हुए हैं। इसी कड़ी में परीक्षा पर चर्चा के अंतर्गत भारत हैं हम श्रंखला के पांच कड़ियों को बच्चों को दिखाया गया। इस कार्यक्रम में 09 विभिन्न विद्यालयों के कुल लगभग 100 छात्रों ने भाग लिया।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर नेताजी मंच का भव्य कार्यक्रम



**कोलकाता, समाज्ञा :** मां भारती के वीर सपूत और आजाद हिंद फौज के संस्थापक, भारतीय स्वतंत्रता के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती के अवसर पर नेताजी मंच (कोलकाता) द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी सुभाष रोड स्थित उनके प्रतिमा पर 128 लोगों ने सिखला विधि से गुलाब की पंखुड़ियों से पुष्पांजलि अर्पित कर की। इसके बाद, कार्यक्रम में 350 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और 1 हजार लोगों को कंबल उपहार स्वरूप वितरित किए गए। इसके अलावा, खीर एवं मिठाई का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में 'नेताजी मंच' के अध्यक्ष शिशिर बाजोरिया उपस्थित रहे। इसके साथ ही डॉ. ऐ.के सिंह, डॉ. पूनम चंद्र पोगलिया, विकास चांडक, मंच के सचिव दीपू बैठा, एडवोकेट पूजा सोनकर, अवधेश साव, अखिलेश सिंह, संतोष चौरसिया, और अश्विनी सोनकर भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर कोविड काल के योद्धाओं-बबलू सोनकर, गोपाल शुथार, शंकर ठाकुर और सिवांकु मंडल को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर नेताजी मंच के महामंत्री भोला प्रसाद सोनकर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के उपाध्यक्ष अच्युतानंद दीपक ने किया।

## बिना टिकट के साथ यात्रा करना पड़ेगा महंगा, सियालदह-बजबज सेक्शन पर विशेष टिकट जांच अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन ने यात्रियों के लिए एक सुरक्षित और परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। 22 जनवरी को सियालदह-बजबज सेक्शन पर एक विशेष टिकट जांच अभियान आयोजित किया गया। जिसका नेतृत्व प्रिंसिपल चीफ कमर्शियल मैनेजर डॉ. उषा शंकर झा और सीनियर डिवीजनल कमर्शियल मैनेजर सियालदह पवन कुमार ने की। इस अभियान का उद्देश्य यात्रियों में टिकट खरीदने और रेलवे नियमों का पालन करने के महत्व को बढ़ावा देना था, साथ ही टिकट रहित यात्रा को हतोत्साहित करना था। यह अभियान पूर्व रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो यात्रियों के बीच अनुपालन और जिम्मेदारी की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इस दौरान 661 लोगों को बिना टिकट पकड़ा गया। जिससे कुल 1,76,675 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा 105 मामलों में बिना बुक किए गए सामान को पकड़ा गया, जिसके चलते 23,125 रुपये का जुर्माना लगाया गया। कुल मिलाकर, 766 मामले दर्ज किए गए और 2,01,374 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इस दौरान डॉ. उषा शंकर झा ने कहा, टिकट खरीदना केवल नियमों का पालन करना नहीं है, यह यात्रियों के लिए निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करता है और रेलवे प्रणाली की कार्यक्षमता को बढ़ाता है। हम यात्रियों से आग्रह करते हैं कि वे टिकट खरीदने को प्राथमिकता दें और रेलवे अधिकारियों के साथ सहयोग करें। डीआरएम दीपक निगम ने कहा, यह विशेष टिकट जांच अभियान हमारे निरंतर प्रयासों का हिस्सा है, ताकि हम यात्री अनुभव को बेहतर बना सकें। हम भविष्य में और इस तरह के अभियानों का आयोजन करेंगे।

# सदस्य (ट्रैक्शन एवं रोलिंग स्टॉक) रेलवे बोर्ड ने किया चिरेका का दौरा



**चित्तरंजन, समाज्ञा :** ब्रज मोहन अग्रवाल,सदस्य(ट्रैक्शन एवं रोलिंग स्टॉक) रेलवे बोर्ड ने चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका ) का दो दिवसीय दौरा व निरीक्षण किया। सर्वप्रथम अग्रवाल ने प्रथम दिन 22 जनवरी को प्रशासनिक भवन स्थित देशबंधु चित्तरंजन दास के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात विजय कुमार,महाप्रबंधक और प्रधान विभागाध्यक्षों के साथ अग्रवाल ने प्रशासनिक भवन बैठक कक्ष सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता की और चिरेका पर आधारित प्रस्तुति के पश्चात विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। ब्रज मोहन अग्रवाल ने दौरा के अंतिम दिन आज 23 जनवरी को सर्वप्रथम गणपति मेमोरियल में पौधारोपण किया। अग्रवाल ने कारखाना अंतर्गत क्रमशः व्हील शॉप, शेल शॉप,बॉगी शॉप ,टी एम शॉप और शॉप संख्या 16 एवं 19 का दौरा किया। कारखाना में इनके निरीक्षण के दौरान इनके साथ विजय कुमार,महाप्रबंधक;श्री अविनाश सिंह कुशवाह, कार्यकारी निदेशक, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (रॉलिंग स्टॉक-खख) रेलवे बोर्ड; श्री एस.के.वर्मा, प्रधान मुख्य इलेक्ट्रिकल इंजीनियर; विभिन्न विभागों के प्रधान प्रमुख और वरीय अधिकारिगण मौजूद थे।

## न्यूज इन ब्रीफ

### उत्तर प्रदेश के आबकारी मंत्री की बहन से जुड़े धोखाधड़ी मामले में पूर्व विधायक सुभाष पासी गिरफ्तार

**हरदोई (उप्र) :** हरदोई पुलिस ने उत्तर प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल की बहन और एक अन्य व्यक्ति से धोखाधड़ी के मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व विधायक सुभाष पासी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। हरदोई देहात कोतवाली पुलिस ने पासी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, हरदोई के रेलवेगंज के निवासी प्रकाश चंद्र गुप्ता ने 10 अक्टूबर 2023 को शिकायत दर्ज कराई थी। गुप्ता ने आरोप लगाया कि मूल रूप से गाजीपुर के निवासी और मुंबई के जुहू चर्च इलाके में रहने वाले सुभाष पासी ने एक परिचित अक्षय अग्रवाल के जरिए उनसे संपर्क किया। गुप्ता ने कहा कि पासी ने अपनी पत्नी रीना के साथ मिलकर मुंबई के आरामनगर में एक फ्लैट 2.5 करोड़ रुपये में बेचने की पेशकश की।

### हाथरस: दो नाबालिग बहनों की गला रेतकर हत्या, माता-पिता पर भी जानलेवा हमला किया

हाथरस (उप्र) : उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में एक युवक ने कथित तौर पर गला रेत कर अपनी दो चचेरी बहनों की हत्या कर दी और पूरे परिवार को खत्म करने के इरादे से अपने चाचा-चाची पर भी जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि निर्मम हत्या की यह घटना हाथरस के सदर कोतवाली क्षेत्र में आशीर्वाद धाम कॉलोनी में बुधवार और बृहस्पतिवार की दरमियानी रात हुई। अधिकारियों ने बताया कि विकास ने कथित तौर पर अपनी दो चचेरी बहनों सृष्टि (14) और विधि (छह) की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी, जिसके बाद उसने अपने चाचा छोटे लाल गौतम और चाची वीरांगना उर्फ गौरी पर भी हमला कर दिया।

# महाकुम्भ: अब तक 10 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई त्रिवेणी संगम में डुबकी



**महाकुम्भ नगर :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित किए जा रहे महाकुम्भ में अब तक 10 करोड़ से अधिक श्रद्धालु गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती नदी के त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा चुके हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक बयान के अनुसार, 10 करोड़ श्रद्धालुओं के डुबकी लगाने का यह आंकड़ा बृहस्पतिवार दोपहर 12 बजे पार हो गया। सरकार ने इस बात पर प्रकाश डाला कि श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, प्रतिदिन संगम में डुबकी लगाने और आध्यात्मिक पुण्य के लिए लाखों लोग पहुंच रहे हैं। स्नान पर्वों के दौरान यह संख्या करोड़ों में पहुंच जाती है। उत्तर प्रदेश सरकार का अनुमान है कि इस बार महाकुम्भ में 45 करोड़ से अधिक लोग डुबकी लगाएंगे। महाकुम्भ की शुरुआत में ही 10 करोड़ का आंकड़ा पार कर जाना सरकार के सटीक अनुमान की ओर संकेत दे रहा है। बयान में कहा गया, ''अकेले बृहस्पतिवार को ही दोपहर 12 बजे तक 30 लाख लोगों ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई जिसमें 10 लाख कल्पवासी और विदेश से आए श्रद्धालु तथा साधु-संत शामिल हैं।'' इसमें कहा गया कि 23 जनवरी तक संगम में स्नान करने वाले कुल श्रद्धालुओं की संख्या 10 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है। सबसे अधिक करीब 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के दौरान डुबकी लगाई, जबकि पौष पूर्णिमा के दौरान 1.7 करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान किया।

### धर्म की स्वतंत्रता का दिवस मनाया जाएगा 27 जनवरी को : कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर



प्रख्यात कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने बृहस्पतिवार को कहा कि 27 जनवरी को धर्म की स्वतंत्रता के दिवस के तौर पर मनाया जाएगा और इस दिन धर्म संसद में सनातन बोर्ड के संविधान का प्रारूप प्रस्तुत किया जाएगा। यहां निरंजनी अखाड़े में आयोजित पत्रकार वार्ता में देवकीनंदन ठाकुर ने कहा, हमें हमारी बात को आगे बढ़ाने के लिए सनातन बोर्ड चाहिए। हम सनातन बोर्ड लिए बिना कुंभ से नहीं जाएंगे। उन्होंने बताया कि धर्म संसद में सभी अखाड़ों के प्रतिनिधि, चारों शंकराचार्यों के प्रतिनिधि समेत सनातन से जुड़े सभी लोगों का प्रतिनिधित्व होगा। आगामी 27 जनवरी को यहां के सेक्टर 17 में धर्म संसद का आयोजन किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में मौजूद अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने कहा, आगामी 27 जनवरी को होने वाली धर्म संसद में सभी धर्माचार्यों की उपस्थिति में सनातन बोर्ड के प्रारूप को अंतिम रूप दिया जाएगा और इसकी घोषणा की जाएगी।

## बिहार में सौ वर्ष से अधिक उम्र के 41 हजार व 120 वर्ष से अधिक आयु के 143 मतदाता



**पटना :** बिहार में कुल मतदाताओं की संख्या 7.80 करोड़ से ज्यादा है, जिनमें से 41,000 मतदाता सौ वर्ष से अधिक आयु के हैं। अहम बात यह है कि इनमें भी 120 वर्ष से अधिक आयु के 143 मतदाता हैं। निर्वाचन आयोग के नवीनतम आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आंकड़ों के मुताबिक, कुल मतदाताओं में 30 वर्ष से कम आयु वाले लगभग 21 प्रतिशत वोटर हैं, जबकि 80 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाता 2.06 प्रतिशत हैं। बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा बृहस्पतिवार को साझा किए गए आंकड़ों अनुसार राज्य में 80 से 120 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के 12,822,96 मतदाता हैं। राज्य में 100 वर्ष से अधिक आयु के कुल मतदाताओं की संख्या 40,601 (पुरुष-17,445, महिला-23,153 और तीन तृतीय लिंगी) है, जबकि 110 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की संख्या 247 (पुरुष-120 और महिला-127) है। आंकड़ों के अनुसार, राज्य में 120 वर्ष से अधिक आयु के कुल मतदाताओं की संख्या 143 (पुरुष- 74 और महिला-69) है। बिहार में वर्तमान में पंजीकृत मतदाताओं की कुल संख्या 7,80,22,933 (पुरुष-4,07,63,352 और महिला-3,72,57,477) है। आंकड़ों के मुताबिक, 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के मतदाताओं की अधिकतम संख्या वाला जिला वैशाली है, जहां ऐसे मतदाताओं की संख्या 82,758 है। इसके बाद नालंदा में 67,161, लखीसराय में 21,118, पटना में 13,514, सीतामढ़ी में 69,558, बांका में 39,436, नवादा में 43,511, कैमूर में 27,711 और शिवहर में 6,760 ऐसे मतदाता हैं।

## महिला सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार: मुख्यमंत्री शर्मा



**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि महिलाएं आधी आबादी जबकि बच्चे भविष्य की नींव हैं और उनके विकास व सशक्तिकरण से ही देश-प्रदेश मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने, उनका बेहतर स्वास्थ्य एवं गुणवत्तापूर्ण पोषण सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है, साथ ही महिला सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। शर्मा जयपुर में 'सशक्त नींव-उज्ज्वल भविष्य' की थीम पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाओं एवं बच्चों को सशक्त बनाने में महिला एवं बाल विकास विभाग महत्वपूर्ण कड़ी है और महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए विभागीय योजनाओं का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी पूर्ण जिम्मेदारी, पारदर्शिता और निष्ठा से काम करते हुए योजनाओं का लाभ धरातल तक सुनिश्चित करें, साथ ही नवीनतम तकनीक एवं नवाचारों से खुद को अपडेट रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के लगभग 43 लाख बच्चों और महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषाहार उपलब्ध कराया जा रहा है।

### बीपीएससी ने 13 दिसंबर की परीक्षा के नतीजे घोषित किए, 13 उम्मीदवार प्रतिबंधित किए गए

**पटना :** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने एकीकृत 70वीं संयुक्त (प्रारंभिक) परीक्षा 2024 के नतीजे बृहस्पतिवार को घोषित कर दिए। इस परीक्षा में कथित तौर पर अनियमितताओं को लेकर राज्य में कई हफ्तों तक बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। बीपीएससी ने अनुचित व्यवहार में संलिप्तता के कारण 13 अभ्यर्थियों को तीन वर्ष के लिए अपने द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया। बीपीएससी ने 'एक्स' पर अपने एक पोस्ट में कहा, एकीकृत 70वीं संयुक्त (प्रा.) परीक्षा का परिणाम घोषित। कुल 21581 अभ्यर्थी सफल हुए हैं। सफल उम्मीदवारों को बधाई और आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं। परीक्षा संचालन में सहयोग देने वाले सभी अधिकारियों और कर्मियों का आभार। आयोग द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है, 13 दिसंबर को राज्य के 911 केन्द्रों पर एवं चार जनवरी को पटना में 22 केन्द्रों पर आयोजित एकीकृत 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता (प्रा.) परीक्षा का परिणाम घोषित करते हुए आयोग को खुशी हो रही है। बयान में कहा गया है कि इस परीक्षा में कुल 328990 अभ्यर्थियों ने भाग लिया था। बीपीएससी परीक्षा नियंत्रक राजेश कुमार सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि परीक्षा में शामिल कुल 13 उम्मीदवारों को अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने के कारण प्रतिबंधित किया गया है।

## न्यूज अपडेट

### महाकुंभ मेला क्षेत्र से करीब 300 अवैध एलपीजी सिलेंडर जब्त



**महाकुंभ नगर (उप्र) :** महाकुंभ नगर में हाल ही में लगी भीषण आग की घटना के बाद अग्निशमन विभाग ने एक अभियान चलाकर बृहस्पतिवार को करीब 300 अवैध सिलेंडर जब्त किए। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (कुंभ) प्रमोद शर्मा ने बताया कि मेला क्षेत्र में अवैध सिलेंडरों के उपयोग के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए बृहस्पतिवार को करीब 300 अवैध एलपीजी सिलेंडर जब्त किए गए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं से विनम्र अनुरोध किया गया है कि वे अधिकृत सिलेंडर का ही उपयोग करें जो मेला क्षेत्र में हर जगह उपलब्ध कराया जा रहा है क्योंकि आगजनी की ज्यादातर घटनाएं अनधिकृत सिलेंडरों की वजह से होती हैं। शर्मा ने कहा कि साथ ही श्रद्धालुओं से यह भी निवेदन है कि यदि कहीं अवैध सिलेंडर की बिक्री होती है या उन्हें कोई अवैध सिलेंडर देता है तो वे इसकी सूचना 1920 नंबर पर उपलब्ध कराएं। गत 19 जनवरी को मेला क्षेत्र के सेक्टर 19 में गीता प्रेस द्वारा कल्पवासियों के लिए लगाए शिविर में एक रसोई में आग लगने के बाद करीब 18 शिविर आग की चपेट में आकर पूरी तरह खाक हो गए थे। हालांकि उस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई थी।

### 'इंडियन स्टेट' वाले बयान को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ संभल में परिवाद दायर

**संभल (उप्र) :** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के विरुद्ध सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खिलाफ बयान देने के आरोप में संभल की विशेष सांसद/विधायक अदालत में एक परिवाद दायर किया गया है। वादी के अधिवक्ता सचिन गोयल ने बृहस्पतिवार को बताया कि उनके मुवक्किल और हिंदू शक्ति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिमरन गुप्ता ने विशेष न्यायाधीश (सांसद/विधायक न्यायालय) आदित्य सिंह की अदालत में एक परिवाद दायर किया है। उनके मुताबिक, परिवाद में आरोप लगाया गया है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पिछली 15 जनवरी को दिल्ली में नये कांग्रेस मुख्यालय के उद्घाटन के दौरान कहा था कि उनकी लड़ाई न सिर्फ भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से है, बल्कि 'इंडियन स्टेट' (भारतीय व्यवस्था) के साथ भी है। गोयल के मुताबिक, उनका यह बयान देश की एकता और अखंडता के लिए खतरा है।

### एसटीएफ निरीक्षक सुनील कुमार का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया

**मेरठ (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के शामली में कग्गा गिरोह के साथ मुठभेड़ में जान गंवाने वाले उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के निरीक्षक सुनील कुमार का बृहस्पतिवार को शामली जिले में उनके पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। सुनील, गिरोह के साथ 20 जनवरी देर रात हुई मुठभेड़ के दौरान पेट में दो गोली लगने से घायल हो गए थे। उन्हें हरियाणा के गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी सर्जरी हुई। पुलिस के अनुसार, 36 घंटे बाद अस्पताल में उनकी मौत हो गई। मुठभेड़ में पुलिस ने चार बदमाशों को भी मार गिराया था। बुधवार देर रात उनका पार्थिव शरीर मेरठ लाकर जसवंत राय अस्पताल में रखा गया। बृहपतिवार को पार्थिव शरीर पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर लाया गया जहां 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया।

समीक्षा CINE मंत्र

## सैफ पर हमला करने वाले शरीफुल के पिता ने दिया चौंकाने वाला बयान



पुलिस ने कुछ दिन पहले मुंबई के ठाणे से सैफ अली खान पर हमला करने वाले आरोपी शरीफुल इस्लाम (30 साल उम्र) को गिरफ्तार किया। यह एक बांग्लादेशी नागरिक है, जो भारत में अवैध तरीके से नाम बदलकर रख रहा था। इसने अपना नाम विजय दास रखा हुआ था। 16 जनवरी को बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान के घर में यह शख्स चोरी के इरादे से घुसा और बाद में एक्टर पर चाकू से हमला किया था।

**सीसीटीवी वाला शख्स अलग है**

शरीफुल इस्लाम जिसे पुलिस ने सैफ अली खान पर हमला करने के आरोप में पकड़ा है, उसके पिता रुहुल अमीन का कहना है कि सीसीटीवी में जो लड़का दिख रहा है, वह उनका बेटा नहीं है। हां, जिस मुंबई पुलिस ने पकड़ा है, वह जरूर उनका बेटा है। रुहुल अमीन के इस बयान के बाद से सैफ अली खान का केस अलग मोड़ ले सकता है।

**पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज का सहारा लिया**

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ही पुलिस ने शरीफुल को पकड़ा था। पुलिस ने बताया था कि एक लंबी प्रक्रिया के बाद ही शरीफुल की पहचान हमलावर के रूप में हुई है। लेकिन अब हमलावर के पिता अलग ही बयान दिया है। वह सीसीटीवी फुटेज वाले लड़के को अपना बेटा नहीं मान रहे हैं।

**सैफ का भी बयान लिया गया**

सैफ अली खान को हमले में कई चोटें आई थीं। लीलावती हॉस्पिटल में उनकी सर्जरी हुई। डॉक्टर्स ने सैफ अली खान की रीढ़ में फंसे नुकीले चाकू को भी निकाला। हमले के पांच दिन बाद यानी मंगलवार को सैफ को हॉस्पिटल से छुट्टी मिल गई है। पुलिस एक्टर का बयान लेने भी उनके घर पहुंची थी।

## अक्षय कुमार ने उठाए इतिहास की किताबों पर सवाल



बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने हाल ही में एक इंटरव्यू में इतिहास की किताबों में 'सुधार' की जरूरत पर जोर दिया। वह अपनी नई फिल्म स्काई फोर्स के प्रमोशन के दौरान इस मुद्दे पर बात कर रहे थे। अक्षय ने कहा कि इतिहास की किताबों में भारतीय सैनिकों की वीरता की कहानियों को भी शामिल किया जाना चाहिए, क्योंकि अक्सर हमें अकबर और औरंगजेब जैसी शख्सियतों के बारे में पढ़ने को मिलता है, लेकिन हमारे असली नायक, जिनकी बहादुरी ने देश को बचाया है, उनकी कहानियां नदारद रहती हैं।

**जानबूझकर चुनता हूं ऐसी कहानियां**

एक इंटरव्यू के दौरान अक्षय ने कहा, हमारी किताबों में बहुत सारी चीजें नहीं हैं। मैं जानबूझकर उन किरदारों को चुनता हूं जो हमारी किताबों का हिस्सा नहीं हैं। मैं यही करना चाहता हूं। ये सभी अनजाने नायक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि लोग इन नायकों के बारे में इसलिए नहीं जानते, क्योंकि कोई भी इनकी कहानी को गहराई से नहीं खोजता। अक्षय ने कहा, मैं इस प्रकार के किरदारों को चुनता हूं, क्योंकि ये कहानियां बहुत महत्वपूर्ण हैं।

**इतिहास की किताबों में सुधार की जरूरत**

अक्षय ने आगे कहा, इतिहास की किताबों में कई चीजें सुधारने की जरूरत है। हमें अकबर और औरंगजेब के बारे में तो पढ़ने को मिलता है, लेकिन हमारे खुद के नायकों के बारे में नहीं। इनका नाम भी किताबों में होना चाहिए। अभिनेता ने उन बहादुर सैनिकों का भी उल्लेख किया, जिन्हें परम वीर चक्र जैसे सम्मान मिले हैं। उन्होंने कहा कि उनकी साहसिक कहानियों को भी महत्व देना चाहिए। अक्षय ने कहा हमारे पास सेना से जुड़ी बहुत सारी कहानियां हैं, जिनमें से कई सैनिकों को परम वीर चक्र मिला है। मुझे लगता है कि इतिहास को ठीक करने की जरूरत है। साथ ही, ऐसे ही नायकों की कहानियां नई पीढ़ी को बताई जानी चाहिए।

**केओ आहूजा के किरदार में दिखेंगे अक्षय**

फिल्म स्काई फोर्स में अक्षय कुमार विंग कमांडर केओ आहूजा का किरदार निभा रहे हैं, जो भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर ओम प्रकाश तनेजा पर आधारित है। 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान ओम प्रकाश तनेजा ने दुश्मन के विमान और रनवे को नष्ट करके वीरता का परिचय दिया था, जिसके लिए उन्हें वीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

**ये सितारे भी फिल्म में हैं मौजूद**

फिल्म में अक्षय के साथ वीर पहाडिया, निम्रत कौर और सारा अली खान भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का निर्देशन अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी ने किया है। यह फिल्म 24 जनवरी को रिलीज होने जा रही है।

## क्या 'पंचायत 4' में नजर आएंगे अमिताभ बच्चन?



किसी भी सुपरस्टार का फैन-फेवरेट शो में आना हमेशा देखने लायक होता है। ऐसे में सोचिए जरा, जब अमिताभ बच्चन 'पंचायत' की दुनिया में शामिल होंगे तो कैसा दिलचस्प माहौल होगा। लोकप्रिय वेब सीरीज द वायरल फीवर के निर्माता ने शो के कलाकारों के साथ बिग बी की कुछ तस्वीरें जारी कीं, जिससे तुरंत यूजर्स के बीच हलचल मच गई। कई लोगों ने निर्माताओं से छिपी हुई कहानी के बारे में पूछा कि वे बहुप्रतीक्षित सहयोग को कब देखने की उम्मीद कर सकते हैं। हालांकि, बच्चन ने कुछ ही समय में अपने सोशल मीडिया पेजों पर साझा किए गए एक वीडियो के साथ सभी सवालों का जवाब दे दिया।

अगर आप सोच रहे हैं कि 'पंचायत 4' में अमिताभ बच्चन नजर आएंगे तो नहीं, यह पंचायत एपिसोड नहीं है, बल्कि दुनिया भर में जागरूकता बढ़ाने का एक संयुक्त प्रयास है। दिग्गज स्टार ने चंदन रॉय के साथ एक वीडियो पोस्ट किया, जो प्राइम वीडियो सीरीज में विकास शुक्ला की भूमिका निभाते हैं। वीडियो में वह किसी जॉब ऑफर के बारे में एक धोखाधड़ी कॉल लेते हुए दिखाई देते हैं, लेकिन सही समय पर बिग बी फ्रेम में आते हैं और उन्हें साइबर अपराध का शिकार होने से बचाते हैं।

इस बीच टीवीएफ ने अपने सोशल मीडिया पेज पर अभियान की बीटीएस तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, 'देखो, देखो, कौन आया है फुलेरा में। छोटी सी मुलाकात, लेकिन बड़े काम की है बात। वहीं, बात करें सीरीज के अगले सीजन की तो 'पंचायत' के अगले चौथे सीजन का निर्माण अक्तूबर 2024 में शुरू हुआ। तीसरे सीजन के बेहद लोकप्रिय प्रीमियर के बाद अब चौथा सीजन जल्द आने वाला है।

## रंगमंच ने ओटीटी के आने के बावजूद अपना अस्तित्व बनाए रखा है: त्रिपाठी

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) के निदेशक चित्तरंजन त्रिपाठी का कहना है कि रंगमंच ने सिनेमा, टेलीविजन और अब ओटीटी (ओवर-द-टॉप) के आने के बावजूद अपना अस्तित्व बनाए रखा है। उन्होंने लाइव मीडियम की आदत की सराहना तो की लेकिन साथ ही कहा कि इसमें कंटेंट की उपेक्षा और संकट है। एक साल से अधिक समय से इस प्रतिष्ठित नाट्य विद्यालय की कमान संभाल रहे निदेशक त्रिपाठी ने कहा कि उस भूमि में सांस्कृतिक पुनर्जागरण होना चाहिए जिसने दुनिया को 'नाट्य शास्त्र' दिया।

नाट्य शास्त्र प्रदर्शन कलाओं पर एक प्राचीन भारतीय ग्रंथ है और माना जाता है कि इसे तीन हजार साल से भी पहले लिखा गया था। त्रिपाठी ने समाचार एजेंसी 'पीटीआई' के मुख्यालय में एक साक्षात्कार में कहा कि पश्चिमी दुनिया द्वारा वर्णित रंगमंच के सभी गुणों का उल्लेख नाट्य शास्त्र में किया गया है, जिसे अपने मूल देश में उपेक्षा का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने कहा, ''यदि आप 'नाट्य शास्त्र' में 6,000 श्लोकों को पढ़ेंगे, तो आपको लगेगा कि आपने इसे कहीं पढ़ा है लेकिन यहां नहीं, किसी और जगह। हमारा घर ही वह जगह है जहां यह पहले से ही मौजूद है, इसलिए यह सांस्कृतिक जागृति महत्वपूर्ण है।'

'सेक्रेड गेम्स' के अभिनेता ने 'सनातन' के गुणों की भी वकालत की, जिसका प्रयोग धर्म के साथ 'शाश्वत' को दर्शाने के लिए किया जाता है और हिंदू धर्म के पर्याय के रूप में देखा जाता है।

त्रिपाठी ने कहा, 'समाजशास्त्र संस्कृति को जीवन जीने के तरीके के रूप में सबसे सरल रूप में समझाता है। यह समय के साथ बदलता रहेगा, इसलिए एक मुख्यधारा या समकालीन संस्कृति होगी, लेकिन मूल संस्कृति भी है। जब हम इसके बारे में बात करते हैं तो आपको 'सनातन' को देखना होगा और इसमें कोई हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए...'।

उन्होंने कहा कि उनके विचार में संस्कृति को राजनीति से अलग करना संभव नहीं है। समस्या इसकी धारणा में है।

त्रिपाठी ने कहा, 'यदि हम अपनी संस्कृति को त्याग देते हैं, तो हम अनाथ हैं। यहां कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। लेकिन दुर्भाग्य से, लोग यहां राजनीति करते हैं। जब मैं भारतीय कहता हूं, तो वहां कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए।'



उन्हें ''समुद्र मंथन', 'गन्नू भाई' और 'ताजमहल का टेंडर' जैसी थिएटर प्रस्तुतियों में उनके काम और 'तलवार', 'जुबान' और 'मुक्काबाज' जैसी हिंदी फिल्मों में उनकी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है। उन्होंने 'रसभरी', 'रक्तांचल', 'फर्जी' और 'मॉम' समेत कई वेब सीरीज में भी काम किया है। त्रिपाठी ने कहा कि जिस तरह कई ग्रंथों के लिए किसी एक व्यक्ति को श्रेय नहीं दिया जाता, उसी तरह किसी नाटक के निर्देशक के बारे में भी कम ही बात की जाती है। उन्होंने भारतीय परंपराओं, विशेषकर मंदिरों में नाट्य मंडपों के अस्तित्व को तोड़ने के लिए ब्रिटिश शासन को दोषी ठहराया।

उन्होंने कहा, 'इसी तरह, हमारे पूर्वजों ने पहले ही बहुत कुछ किया है और यह सिलसिला टूट गया क्योंकि अंग्रेजों ने हम पर शासन किया और वे चाहते थे कि हम उनकी भाषा सीखें। उन्होंने संस्कृत विद्यालय और स्थानीय भाषा के विद्यालय बंद कर दिए। वे मुख्यधारा बन गए और हम पाठ्येतर गतिविधियों में शामिल हो गए।'

त्रिपाठी ने विषय-वस्तु के संकट पर भी बात की। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति वित्तीय संभावनाओं की कमी के कारण नए नाटक नहीं लिख रहा है। उन्होंने कहा, 'अगर आप एक भी लिखेंगे तो कोई भी उसे प्रकाशित नहीं करेगा, मंच पर उतारना तो दूर की बात है। जो लोग प्रतिभावान हैं और 10 पेज लिख सकते हैं, वे 'डेली सोप' के लिए ऐसा करते हैं, जहां उन्हें प्रतिदिन 20,000 रुपये मिलते हैं। रंगमंच में इस तरह से भुगतान नहीं किया जा सकता। प्रतिभाएं ओटीटी पर चली गई हैं।'

उन्होंने कहा कि नए नाटकों की कमी को दूर करने के लिए, नाट्य विद्यालय जल्द ही 'कंटेंट राइटिंग' में एमए कोर्स शुरू करने जा रहा है, जिसके तहत छात्रों को एक वर्ष में एक लघु फिल्म, एक विज्ञापन फिल्म, एक फिल्म और एक नाटक लिखना होगा। वर्ष 1959 में स्थापित यह नाट्य विद्यालय अभिनय, तकनीक, निर्देशन और डिजाइन समेत रंगमंच के विभिन्न पहलुओं में प्रशिक्षण प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि लोग नसीरुद्दीन शाह, पंकज त्रिपाठी या राजपाल यादव जैसी हस्तियों की सफलताओं को याद कर सकते हैं, लेकिन ऐसे कई और लोग हैं जिन्होंने मंच के पीछे रहकर ही फिल्म उद्योग में सफल करियर बनाया है। त्रिपाठी ने कहा, 'जब भी हम एनएसडी में कोई नाटक करते हैं तो आपको आश्चर्य होगा कि ज्यादातर युवा ही इसे देखने आते हैं, जो लोग कहते हैं कि वे (युवा) सिर्फ सोशल मीडिया और रील में ही डूबे रहते हैं और फिर भी वे आते हैं। इसका मतलब है कि उस जिज्ञासा, उस रहस्य को हराना वाकई मुश्किल है।' रंगमंच को इससे जुड़े लोगों के लिए अधिक लाभदायक बनाने के प्रयास में, एनएसडी ने पिछले वर्ष अपने नाटकों के लिए टिकट की कीमतें बढ़ा दी थीं और इस निर्णय की काफी आलोचना हुई थी।

त्रिपाठी ने कहा, 'समाज से रंगमंच के लिए भुगतान करने के लिए कहे, समाज असहाय नहीं है, वह बस इस विचार का आदी हो गया है कि 'मैं तभी जाऊंगा जब मुझे पास मिलेगा'। ऐसा करना बंद करो। भले ही सिर्फ दो लोग ही देखने आएं, लेकिन वे ही आपके असली दर्शक हैं।'

## न्यूज इन ब्रीफ

### फिल्मकार राम गोपाल वर्मा को चेक बाउंस मामले में तीन महीने की सजा, गिरफ्तारी वारंट जारी

**मुंबई :** मुंबई की एक अदालत ने चेक बाउंस मामले में फिल्मकार राम गोपाल वर्मा को तीन महीने की सजा सुनाई है और उनके खिलाफ एक गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। अंधेरी में न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) वाई पी पुजारी ने मंगलवार को वर्मा को परक्राम्य लिखत अधिनियम के प्रावधानों के तहत दंडनीय अपराध के लिए दोषी ठहराया। अदालत ने फिल्म निर्माता को आदेश की तारीख से तीन महीने के भीतर शिकायतकर्ता को 3,72,219 रुपये का मुआवजा देने का निर्देश भी दिया है। विस्तृत आदेश अभी उपलब्ध नहीं है। चूंकि आदेश पारित होने के समय वर्मा अदालत के समक्ष उपस्थित नहीं थे, इसलिए दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के अनुसार सजा के निष्पादन के लिए उनकी गिरफ्तारी के लिए उनके खिलाफ एक स्थायी गैर-जमानती वारंट जारी किया गया। वर्मा की कंपनी के खिलाफ 2018 में एक कंपनी ने चेक बाउंस की शिकायत दर्ज कराई थी। अदालत ने अप्रैल 2022 में 5,000 रुपये की नकद जमानत पर वर्मा को जमानत दे दी थी।

### कश्मीर में तापमान में गिरावट, श्रीनगर में पारा शून्य के नीचे दो डिग्री पर पहुंचा

**श्रीनगर :** कश्मीर में बृहस्पतिवार को न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने महीने के अंत तक मुख्यतः शुष्क मौसम रहने का अनुमान लगाया है। गुलमर्ग को छोड़कर कश्मीर घाटी के सभी मौसम केंद्रों पर रात का तापमान कम हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, श्रीनगर में बुधवार रात न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, यह पहले से 0.6 डिग्री सेल्सियस कम था। दक्षिण कश्मीर के वार्षिक अमरनाथ यात्रा के आधार शिविरों में से एक पहलगाम में तापमान शून्य से नीचे 5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह पिछली रात शून्य से नीचे 4.2 डिग्री सेल्सियस था। गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 7.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो एक रात पहले की तुलना में एक डिग्री अधिक है। काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 2.6 डिग्री सेल्सियस, पंपोर के कोनिबल में शून्य से नीचे 4 डिग्री सेल्सियस, कुपवाड़ा में शून्य से नीचे 2.2 डिग्री सेल्सियस और कोकरनाग में शून्य से नीचे 1.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### जम्मू कश्मीर के पुलवामा में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़, हथियार और गोला-बारूद बरामद

**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ कर हथियार और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दक्षिण कश्मीर जिले के लारमुह अवंतीपोरा इलाके में तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान सुरक्षा बलों ने एक हथगोला, एक यूबीजीएल, एक इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, दस एपीआई 7.62 राउंड, एक पिस्तौल मैगजीन, एक पिस्तौल राउंड, एक आईईडी ट्रिगरिंग उपकरण और एक टूटी हुई मैगजीन सहित अन्य हथियार और गोला-बारूद बरामद किए।

### वर्ष 2007 से भारत में अवैध रूप से रह रहे अफगान नागरिक को 11 महीने जेल की सजा

**मुंबई :** मुंबई की एक अदालत ने भारत में अवैध रूप से रहने पर अफगानिस्ता के एक नागरिक को 11 महीने कारावास की सजा सुनाई। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एस्प्लेनेड कोर्ट) केएस झंवर ने बुधवार को हबीबुल्ला प्रांग (38) को भारतीय दंड संहिता, पासपोर्ट अधिनियम और विदेशी अधिनियम के तहत दोषी ठहराया। विस्तृत आदेश अब तक उपलब्ध नहीं कराया गया है। अदालत ने अभियोजन पक्ष को निर्देश दिया कि अगर 11 महीने की सजा काटने के बाद आरोपी की किसी अन्य मामले में जरूरत न हो तो उसके खिलाफ निर्वासन की कार्रवाई की जाए। प्रांग को पिछले वर्ष 22 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था और जेल में बिताए गए समय को सजा में से घटा दी जाएगी।

# 'आप' ने दिल्ली को 'कूड़े के ढेर' में बदला ; अवैध बांग्लादेशियों, रोहिंग्याओं को बसाया: आदित्यनाथ

**नयी दिल्ली :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधते हुए कहा कि उसकी सरकार ने दिल्ली को ''कूड़े के ढेर'' में बदल दिया और इसे ''अव्यवस्था का अड्डा'' बना दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि 'आप' सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को बसने में मदद की। दिल्ली विधानसभा के लिए पांच फरवरी को होने वाले चुनाव से पहले, किराड़ी इलाके में अपनी पहली रैली को संबोधित करते हुए योगी ने आरोप लगाया कि एक सुनियोजित साजिश के तहत 'आप' ने दिल्लीवासियों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा



और अपने कृत्यों से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाला। उन्होंने 'आप' के पार्षदों और विधायकों पर भी इस पूरी साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया और कहा कि 'आप' संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने यमुना को 'गंदे नाले' में बदलने का अपराध किया है। योगी ने किराड़ी में कहा, ''कल मैंने अपने सभी मंत्रियों के साथ प्रयागराज में संगम में डुबकी लगाई, जहां महाकुंभ चल रहा है। मैं केजरीवाल से पूछना चाहता हूं कि क्या वे अपने मंत्रियों के साथ दिल्ली में यमुना में स्नान कर सकते हैं। अगर उनमें थोड़ा भी नैतिक साहस है तो उन्हें जवाब देना चाहिए।'' मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि मथुरा-वृंदावन में श्रद्धालु और संत भी 'आप' के ''पापों'' के शिकार हैं, क्योंकि ''मां यमुना'' एक गंदे नाले के रूप में वहां पहुंचती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ''अरविंद केजरीवाल एंड कंपनी'' ने नमामि गंगे परियोजना के तहत यमुना की सफाई के लिए कभी सहयोग नहीं किया। योगी ने आरोप लगाया कि वे सहयोग नहीं करना चाहते, विकास कार्य नहीं करना चाहते और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराना चाहते। उन्होंने कहा, ''उनका (आप) एकमात्र काम लोगों को गुमराह करने के लिए सोशल मीडिया और संवाददाता सम्मेलनों के माध्यम से झूठ फैलाना है।'' उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के किराड़ी, करोल बाग और जनकपुरी में तीन रैलियां कीं। केजरीवाल पर कटाक्ष करते हुए योगी ने कहा कि दिल्ली में 'झूठ की एटीएम मशीन' है। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में सड़कों की खराब स्थिति, अस्वच्छता, पेयजल की समस्या और सीवर का पानी सड़कों पर बहने का आरोप लगाते हुए 'आप' की आलोचना की।

## कर्नाटक: दुबई से आया व्यक्ति जांच में मंकीपॉक्स से संक्रमित पाया गया

**बेंगलुरु :** कर्नाटक में मंकीपॉक्स बीमारी का एक मामला सामने आया है। हाल ही में दुबई से आया 40 वर्षीय एक व्यक्ति जांच में वायरस से संक्रमित पाया गया। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी बृहस्पतिवार को दी। अधिकारियों ने कहा कि यह राज्य में इस साल मंकीपॉक्स का पहला मामला है। स्वास्थ्य विभाग ने एक बयान में कहा, ''22 जनवरी, 2025 को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी), पुणे द्वारा करकला (उडुपी जिले) के मूल निवासी 40 वर्षीय पुरुष में मंकीपॉक्स (एमपॉक्स) की पुष्टि हुई है।'' वह पिछले 19 वर्षों से दुबई में रह रहा था और 17 जनवरी, 2025 को मंगलुरु आया था। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, उसके यहां पहुंचने पर, उसमें चकत्ते के लक्षण दिखे और दो दिन पहले उसे बुखार भी हुआ था। विभाग के अनुसार उसे तुरंत एक निजी अस्पताल में पृथक रखा गया और उसका नमूना बैंगलोर मेडिकल कॉलेज (बीएमसी) और उसके बाद एनआईवी, पुणे भेजा गया। व्यक्ति की हालत स्थिर है और उसे जल्द ही छुट्टी मिल सकती है। विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि वे बीमारी की प्रकृति और इसकी बहुत कम संक्रामकता को देखते हुए मामले की जानकारी देने में घबराएं नहीं। विभाग ने कहा, ''लेकिन उन्हें सलाह दी जाती है कि वे बीमारी से जुड़े सामान्य लक्षणों जैसे बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, ठंड लगना, पसीना आना, गले में खराश और खांसी के साथ त्वचा पर चकत्ते आदि पर नजर रखें और जांच करवाएं, खासकर यदि उन्होंने इस वायरस के लिए उच्च जोखिम वाले देशों की यात्रा की है या यदि वे एम-पॉक्स से प्रभावित व्यक्तियों के निकट संपर्क में रहे हैं।''

## अंग्रेजों ने माना कि नेताजी ने भारत में उनके शासन अवधि को कम कर दिया : माझी

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बृहस्पतिवार को कहा कि अंग्रेजों ने स्वीकार किया है कि यदि नेताजी सुभाष चंद्र बोस और उनकी आजाद हिंद फौज नहीं होती तो वे भारत पर लंबे समय तक शासन कर सकते थे।



माझी ने स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती के अवसर पर कटक के ऐतिहासिक बाराबती किले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय पराक्रम दिवस समारोह का उद्घाटन करने के बाद यह टिप्पणी की। यद्यपि देश वर्ष 2021 से पराक्रम दिवस मना रहा है, लेकिन यह पहली बार है जब यह कार्यक्रम नेताजी की जन्मस्थली कटक में आयोजित किया जा रहा है। माझी ने कहा, ओडिशा और कटक को नेताजी पर गर्व है, जो एक महान राष्ट्रवादी और सच्चे देशभक्त के रूप में उभरे। भारतीय इतिहास की पुस्तकों में नेताजी के बारे में सीमित चर्चा पर चिंता व्यक्त करते हुए माझी ने कहा, अंग्रेज और कुछ इतिहासकार मानते हैं कि अगर नेताजी का सशस्त्र संघर्ष और उनकी आजाद हिंद फौज नहीं होती, तो वे (अंग्रेज) कुछ और वर्षों तक भारत पर शासन करते।

## केंद्र की ओर से उपलब्ध कराई गई 1,200 इलेक्ट्रिक बसें दिल्ली में चल रही हैं: प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि कार्बन उत्सर्जन कम करने के व्यापक प्रयासों के तहत राष्ट्रीय राजधानी में केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई 1,200 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें राष्ट्रीय राजधानी में चल रही हैं। उन्होंने घरों की छत पर सोलर पैनलों को बढ़ावा देने के कार्यक्रम को भी कार्बन उत्सर्जन की दिशा में की सरकार की ओर से उठाया गया एक अन्य कदम बताया। मोदी ने संविधान सदन (पुराने संसद भवन) के केंद्रीय कक्ष में छात्रों के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। प्रधानमंत्री के अलावा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई अन्य नेत-



ाओं ने स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मोदी ने जब एक छात्रा से पूछा कि बोस का कौन सा नारा उसे सर्वाधिक प्रेरित करता है तो उसने कहा, ''तुम मुझे खून दो और मैं तुम्हें आजादी दूंगा।'' छात्रा ने आगे कहा, ''बोस ने सबसे ऊपर देश को प्राथमिकता दी और इससे बहुत प्रेरणा मिलती है हमें।'' प्रधानमंत्री ने जब पूछा कि उन्हें क्या-क्या प्रेरणा मिलती है, इसके जवाब में एक अन्य छात्रा ने कहा कि यह उन्हें राष्ट्र के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए प्रेरित करता है, जो सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) का एक हिस्सा है। प्रधानमंत्री ने पूछा कि कार्बन फुटप्रिंट कम करने के लिए क्या-क्या होता है तो इसके जवाब में उक्त छात्रा ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन तो आ ही गए हैं और अब बसें भी इलेक्ट्रिक हो गई हैं। मोदी ने जोर देकर कहा कि केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई 1,200 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें दिल्ली में चल रही हैं और कई और बसें शुरू की जाएंगी।

## न्यूज अपडेट

### सेंटरफ्रूट ने नई कैंपेन कैसी जीभ लपलपाई? के साथ स्वाद पर दिया ध्यान

**कोलकाता, समाज्ञा :** परफेटी वैन मेल के ब्रांड सेंटरफ्रूट ने अपनी नई कैंपेन कैसी जीभ लपलपाई? के साथ एक नया ट्रेंड सेट किया है। इस कैंपेन में ब्रांड के अटूट स्वाद पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जो उपभोक्ताओं को बार-बार आकर्षित करता है। नया टीवीसी मशहूर निर्देशक प्रसून पांडे द्वारा निर्देशित किया गया है, जिसमें एक महिला की कहानी है, जो एयरपोर्ट जल्दी पहुंचने के लिए बैलगाड़ी से यात्रा करती है और सेंटरफ्रूट के स्वाद की लालसा उसे एक रचनात्मक समाधान ढूंढने के लिए प्रेरित करती है। गुंजन खेतेन, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, परफेटी वैन मेल इंडिया ने कहा, यह कैंपेन सेंटरफ्रूट के अटूट स्वाद का प्रतीक है, जो उपभोक्ताओं को बार-बार खुशी का अनुभव प्रदान करता है। कैंपेन को ओगिल्वी वेस्ट के अनुराग अग्निहोत्री ने भी सराहा, जो इसे एक यादगार और मजेदार अनुभव मानते हैं।

### महाराष्ट्र में 2024 में 1.50 लाख बांग्लादेशियों ने फर्जी दस्तावेज हासिल किए: भाजपा नेता का दावा

**ठाणे :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता किरिट सोमैया ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि 2024 में महाराष्ट्र में 1.50 लाख से अधिक अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों ने भारतीय नागरिकता के लिए फर्जी दस्तावेज हासिल किए हैं। उन्होंने इस गड़बड़ी की गहन जांच और इसमें शामिल अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सोमैया ने यह भी कहा कि वर्तमान में राज्य में दो लाख अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों ने जन्म प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज फर्जीवाड़ा करके हासिल करने के लिए आवेदन किया है। पुलिस द्वारा हाल ही में 30 वर्षीय बांग्लादेशी नागरिक शरीफुल इस्लाम शहजाद मोहम्मद रोहिल्ला अमीन फकीर उर्फ विजय दास को अभिनेता सैफ अली खान पर मुंबई स्थित उनके आवास पर चाकू से हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया, जिसके बाद बांग्लादेशियों के भारत में अवैध रूप से घुसने और देश में रहने का मुद्दे ने जोर पकड़ लिया।

### नागपुर, जयपुर, लखनऊ देश के शीर्ष तीन उभरते हुए शहर: रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** भौतिक और सामाजिक बुनियादी ढांचे जैसे चार मापदंडों के आधार पर नागपुर, जयपुर एवं लखनऊ देश के शीर्ष तीन उभरते हुए शहर हैं। कोलियर्स इंडिया ने बृहस्पतिवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही। रियल एस्टेट परामर्शदाता कोलियर्स इंडिया ने उभरते शहरों के विकास चालकों का मूल्यांकन करने के लिए एक व्यापक मापदंड-आधारित विश्लेषण किया। यह विश्लेषण भौतिक बुनियादी ढांचा, सामाजिक बुनियादी ढांचा, जनसांख्यिकी वृद्धि एवं आर्थिक विकास के साथ रियल एस्टेट क्षेत्र की गतिशीलता पर आधारित था। इस आकलन में उन शहरों को अधिक अंक हासिल हुए जहां सरकारी एवं निजी क्षेत्रों की विकास पहलों से प्रेरित एक स्थापित पारिस्थितिकी और भविष्य में मजबूत वृद्धि की क्षमता मौजूद है। उभरते शहरों के बीच नागपुर शीर्ष प्रदर्शन करने वाले शहर के रूप में उभरा जबकि जयपुर दूसरे और लखनऊ तीसरे स्थान पर रहे। इन तीनों शहरों के आने वाले वर्षों में भारतीय रियल एस्टेट बाजार में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने की उम्मीद है। कोलियर्स इंडिया के प्रबंध निदेशक (सलाहकार सेवा) स्वप्निल अनिल ने कहा कि एक्सप्रेसवे मार्गों के विस्तार से न केवल आवागमन में सुधार होगा, बल्कि शहरी विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

### प्रियंका ने कोटा में बच्चों की खुदकुशी पर चिंता जताई, सरकार से ठोस कदम उठाने का आग्रह किया

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने राजस्थान के कोटा में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) और संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) की तैयारी कर रहे कुछ छात्र-छात्राओं की खुदकुशी पर बृहस्पतिवार को चिंता जताई और कहा कि सरकार को इसे रोकने की दिशा में ठोस कदम उठाना चाहिए। गुजरात की एक नीट आकांक्षी और जेईई की कोचिंग ले रहे असम के एक छात्र ने बुधवार को कोटा में दो घंटे के अंतराल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके साथ ही कोचिंग हब के नाम से मशहूर इस शहर में साल के पहले 22 दिनों में ऐसे छह मामले सामने आ चुके हैं। प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''कोटा में एक ही दिन में दो बच्चों के आत्महत्या का समाचार अत्यंत डरावना और हृदयविदारक है। यहां तीन हफ्ते के अंदर 5 छात्रों ने आत्महत्या की है, ये बहुत चिंताजनक है। यह समय शिक्षा संस्थानों, अभिभावकों और सरकारों के मिलकर सोचने और आत्मनिरीक्षण करने का है कि ऐसा क्यों हो रहा है?' उन्होंने सवाल किया, ''क्या हमारे बच्चों पर इतना दबाव पड़ रहा है कि वे झेल नहीं पा रहे हैं या समूचा वातावरण उनके अनुकूल नहीं है? प्रियंका गांधी ने कहा, ''सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाना चाहिए। ब

## शहरी क्षेत्रों में घटते भूजल स्तर का समाधान ढूंढने की जरूरत: शाह

**अहमदाबाद :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि शहरी क्षेत्रों में घटते भूजल स्तर का समाधान ढूंढने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से भूजल पुनर्भरण के लिए कुएं बनाने की सरकारी योजना का लाभ उठाने का आग्रह किया। शाह ने लोगों से एक अन्य सरकारी योजना के तहत बिजली पैदा करने के लिए अपने घरों की छतों पर सौर पैनल लगाने की भी अपील की। गांधीनगर सीट से लोकसभा सदस्य शाह अपने निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अहमदाबाद के राणिप इलाके के सरदार चौक पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने साबरमती और न्यू राणिप इलाके में



दो अंडरपास समेत कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने इस अवसर पर शहर के राणिप इलाके में 350 आवासीय सोसायटियों में वर्षा जल का उपयोग करके भूजल पुनर्भरण करने के लिए कुओं के निर्माण की एक परियोजना का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, ''हमें इसका समाधान खोजना होगा क्योंकि शहरी क्षेत्रों में भूजल स्तर घट रहा है क्योंकि बड़ी संख्या में लोग गांवों से यहां आ गए हैं। इसके परिणामस्वरूप हम जो पानी पी रहे हैं उसमें फ्लोराइड का स्तर भी बढ़ गया है।'' उन्होंने गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र की सभी हाउसिंग सोसाइटियों से अपील की कि वे आगे आएं और इस योजना का लाभ उठाएं, जिसमें राज्य सरकार सोसायटी परिसर में भूजल पुनर्भरण के लिए कुआं बनाने का पूरा खर्च वहन करेगी।

## सैफ अली खान की सुरक्षा बढ़ाई गई, घर के बाहर दो पालियों में दो सिपाही तैनात

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने अभिनेता सैफ अली खान के बांद्रा स्थित आवास के बाहर दो पालियों में दो सिपाही तैनात किए हैं। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सैफ पर 16 जनवरी को एक घुसपैठिए ने चाकू से हमला किया था। पुलिस के अनुसार, सैफ पर कथित रूप से बांग्लादेशी नागरिक शरीफुल इस्लाम शहजाद मोहम्मद रोहिल्ला अमीन फकीर (30) उर्फ विजय दास ने कई बार चाकू से वार किया था। विजय दास बांग्लादेश का नागरिक है, जो अवैध रूप से भारत में रह रहा था। अधिकारी ने बताया, हमने सैफ अली खान के बांद्रा पश्चिम स्थित सतगुरु शरण भवन के बाहर अस्थायी पुलिस सुरक्षा प्रदान

### सैफ अली खान हमला: हमले में इस्तेमाल चाकू का तीसरा हिस्सा बांद्रा झील के पास से बरामद

बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर 16 जनवरी को उनके बांद्रा स्थित घर में हुए हमले में इस्तेमाल चाकू का तीसरा टुकड़ा बरामद कर लिया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सैफ पर बांग्लादेशी नागरिक शरीफुल इस्लाम शहजाद मोहम्मद रोहिल्ला अमीन फकीर (30) उर्फ विजय दास ने कथित तौर पर हमला किया था, जो देश में अवैध रूप से रह रहा था।

## आरेडिका में आयकर के संबंध में सेमिनार का आयोजन

**रायबरेली, समाज्ञा :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में बुधवार को आरेडिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आयकर के संबंध में जानकारी देने के उद्देश्य से आरेडिका के प्रधान मुख्य वित्त सलाहकार बीएल मीना के नेतृत्व में रायबरेली एवं सुल्तानपुर के आयकर अधिकारियों के सहयोग से एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में बृजेश राजौरिया आयकर अधिकारी टीडीएस/सुल्तानपुर, प्रशांत कुमार आयकर अधिकारी/रायबरेली एवं प्रतीक सिंह कसेरा आदि ने आयकर की कटौती, कर समय से जमा करना, टीडीएस स्टेमेंट्स को



सावधानीपूर्वक समय से दाखिल करना एवं अनुचित आयकर रिफण्ड न लेना इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया और ऐसा न करने पर आयकर अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत लगने वाली शास्तियों, अभियोजन आदि के संबंध में कर्मचारियों का ज्ञानवर्धन किया। इस सेमीनार में आरेडिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की।

## मुख्यालय में सम्राट हैरिटेज लोको स्मारक का अनावरण

**जबलपुर , समाज्ञा :** ओल्ड इज गोल्ड की कहावत तो आप सभी ने सुनी होगी। भारतीय रेलवे भी अपनी पुरानी यादों को सहेज व संजोकर भविष्य में आने वाले पीढ़ी के लिए संरक्षित एवं सुरक्षित रखने में पीछे नही है। पश्चिम मध्य रेल ने भी अपनी प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए एक सराहनीय कार्य किया है। पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय कार्यालय के उद्यान में स्थापित भारतीय रेलवे की बहुमूल्य विरासत रेल इंजन सम्राट हेरिटेज लोको नं. 517 नऊव5 के बारे में उल्लेखनीय जानकारी है कि डीजल लोकोमोटिव नंबर 517 नऊव5 भारतीय रेलवे के कारखाना चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स (सीएलडब्लू) द्वारा वर्ष 1991 में निर्मित हुआ था। धौलपुर शेड के इस लोकोमोटिव ने 33 वर्षों तक भारतीय रेल के मध्य भारत के विभिन्न मार्गों पर निरंतर अपनी सेवायें प्रदान करते हुए देश के रेल परिवहन इतिहास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस



लोकोमोटिव में डीजल-इलेक्ट्रिक ट्रांसमिशन के साथ-साथ 450 एचपी का इंजन लगा था, जिससे यह लोकोमोटिव 50 किमी प्रति घंटे की गति से चलने में सक्षम था। उस समय यह नैरो गेज लोकोमोटिव विश्व में सबसे शक्तिशाली लोकोमोटिव के नाम से भी प्रचलित था। महाप्रबंधक कार्यालय उद्यान में पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के कर-कमलों द्वारा गुरुवार को सम्राट हैरिटेज लोको स्मारक का अनावरण किया गया। महाप्रबंधक ने कहा कि भारत की समृद्ध रेल विरासत को संजोये रखने के उद्देश्य से इस लोकोमोटिव को पश्चिम मध्य रेल, मुख्यालय में स्थापित किया गया है, यह लोको रेल कर्मचारियों के साथ-साथ आमजन को रेलवे के प्रति उत्सुकता के लिए प्रेरित करेगा।

## भारत एआई में वैश्विक नेतृत्व के लिए तैयार, नवाचार और विनियमन के बीच संतुलन जरूरी: वैष्णव

**दावोस :** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत कृत्रिम नवाचार के क्षेत्र में ठीक उसी तरह दुनिया का नेतृत्व करने की स्थिति के लिए तैयार है, जैसे उसने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवाओं में अपनी क्षमता साबित की है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक के दौरान यहां पीटीआई-भाषा से बातचीत में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्री ने कहा कि नवाचार के साथ संतुलन बनाए रखते हुए कृत्रिम मेधा (एआई) के लिए सभी आवश्यक नियमन लागू किए जाएंगे। इस बार दावोस में एकीकृत भारत के चेहरे के बारे में वरिष्ठ मंत्री ने कहा,



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमें स्पष्ट रूप से कहा था कि इस बार दावोस में भारतीय मंडप में सभी राज्यों का एकीकरण होना चाहिए। उन्होंने कहा, इस बार देश की एकता की छवि के लिए बहुत अच्छा संकेत गया है। पांच-छह अलग-अलग दलों के नेता एक मंच पर साथ आए। वैष्णव ने कहा कि दुनियाभर के लोग अब यह समझ रहे हैं कि जब कई अन्य देश कर्ज में डूबे हुए हैं, तब भारत कैसे निरंतर वृद्धि पथ पर बना रह सकता है। डब्ल्यूईएफ द्वारा चिह्नित वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े खतरों के रूप में उभर रहे गलत सूचना और अविश्वास तथा एआई द्वारा उत्पन्न चुनौतियों पर उन्होंने कहा कि हमें निश्चित रूप से आवश्यक सुरक्षा उपाय करने की आवश्यकता होगी, लेकिन एआई द्वारा पेश अवसर भी बहुत बड़े हैं और उन्हें जिम्मेदारी से भुनाया जाना चाहिए। वैष्णव ने कहा, जिस तरह से भारत ने आईटी सेवाओं में अपनी क्षमता साबित की है, उसी तरह का अवसर एआई के मामले में भी मौजूद है। इसके लिए हमें अपने युवाओं को तैयार करने की जरूरत है। उन्होंने समझाते हुए कहा, जैसे हमने दूरसंचार के लिए 100 विश्वविद्यालयों में 5जी प्रयोगशालाएं शुरू कीं और जिस तरह हमने 250 विश्वविद्यालयों को नवीनतम सेमीकंडक्टर डिजायन उपकरणों से सुसज्जित किया, उसी तरह हम अपने युवाओं को एआई क्षेत्र में भारत के लिए नेतृत्व की स्थिति सुनिश्चित करने के लिए तैयार करने हेतु 200 विश्वविद्यालयों में एआई-तैयार पाठ्यक्रम शुरू कर रहे हैं। एआई के लिए नए नियमों के बारे में पूछे जाने पर वैष्णव ने कहा कि विनियमन और नवाचार के बीच संतुलन होना चाहिए ताकि दोनों एक साथ आगे बढ़ सकें।

## जलगांव ट्रेन दुर्घटना में जान गंवाने वाले 12 लोगों की पहचान हुई, मरने वालों में सात नेपाली : पुलिस

**मुंबई :** महाराष्ट्र के जलगांव रेल दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बृहस्पतिवार को 12 हो गई। अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि शुरू में एक सिर और धड़ जो अलग-अलग व्यक्तियों का माना जा रहा था, दरअसल एक ही व्यक्ति का निकला। राज्य सरकार के एक अधिकारी ने पहले बताया था कि दुर्घटना स्थल पर पटरियों के किनारे एक महिला का क्षत विक्षत शव बरामद होने के बाद दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई। पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति ने अंगों की पहचान करते हुए बताया कि ये हिस्से उसकी मां के हैं। दुर्घटना उत्तरी महाराष्ट्र के जलगांव जिले में बुधवार शाम हुई। मुंबई जा रही पुष्पक एक्सप्रेस में चेन खींचने की घटना के बाद कुछ यात्री ट्रेन से नीचे उतरे थे, और वह विपरीत दिशा से आ रही दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गए। पुलिस ने बताया, सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जलगांव) ने आधिकारिक तौर पर कहा है कि मृतकों की कुल संख्या 12 है, क्योंकि धड़ और शरीर एक ही मृतक (महिला) के हैं, जिसकी पहचान उसके बेटे ने की है। अधिकारी ने बताया कि सभी शवों की पहचान कर ली गई है और उन्हें उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। रेलवे बोर्ड ने बृहस्पतिवार को बताया कि रेलवे के पांच वरिष्ठ अधिकारियों की टीम ने ट्रेन दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।

### जलगांव रेल हादसे की पांच वरिष्ठ अधिकारियों की टीम ने जांच शुरू की: रेलवे बोर्ड

महाराष्ट्र के जलगांव में बुधवार शाम को हुए रेल हादसे और 13 लोगों की मौत मामले की पांच वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों की एक टीम ने जांच शुरू कर दी है। रेलवे बोर्ड ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बोर्ड ने बताया कि टीम में प्रधान मुख्य सुरक्षा अधिकारी (पीसीएसओ), प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त (पीसीएससी), प्रधान मुख्य विद्युत इंजीनियर (पीसीईई), प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (पीसीएमई) और प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक (पीसीसीएम) शामिल हैं और ये सभी अधिकारी मध्य रेलवे जोन से हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### आईसीसी अध्यक्ष जय शाह को विश्व क्रिकेट कनेक्ट्स सलाहकार बोर्ड में शामिल किया गया

**लंदन:** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह को नवगठित विश्व क्रिकेट कनेक्ट्स सलाहकार बोर्ड में शामिल किया गया है जो एक स्वतंत्र ग्रुप है जो सात और आठ जून को लॉर्ड्स में एक चर्चा के दौरान खेल में कई तरह की चुनौतियों और मौकों पर चर्चा करेगा।

विश्व क्रिकेट में सबसे प्रभावशाली व्यक्ति माने जाने वाले बीसीसीआई के पूर्व सचिव शाह ने पिछले साल एक दिसंबर को आईसीसी अध्यक्ष का पद संभाला था और 'विश्व क्रिकेट कनेक्ट्स' फोरम में उनका शामिला होना उनके लिए अपने विचारों को व्यापक मंच पर पहुंचाने का एक मौका है। क्रिकेट के नियमों के संरक्षक मैरीलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने मंगलवार को घोषणा की कि विश्व क्रिकेट कनेक्ट्स खेल के सबसे प्रमुख विचारकों और प्रभावशाली लोगों को एक साथ लाने वाला कार्यक्रम इस साल एक बार फिर आयोजित किया जाएगा।

### लक्ष्य सेन और सात्विक-चिराग की जोड़ी इंडोनेशिया मास्टर्स से बाहर

**जकार्ता :** भारत के बैडमिंटन खिलाड़ियों का अंतरराष्ट्रीय मंच पर निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा जिसमें लक्ष्य सेन तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी बृहस्पतिवार को यहां इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए। भारत के 10वीं रैंकिंग के खिलाड़ी लक्ष्य का अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर संघर्ष जारी रहा, उन्हें जापान के केंटा निशिमोटो से 50 मिनट में 16-21, 21-12, 21-23 से पराजय मिली। इतना ही काफी नहीं था, एशियाई खेलों के चैम्पियन सात्विक और चिराग भी टूर्नामेंट से बाहर हो गये। उन्हें थाईलैंड के किटिनुपोंग केद्रेन और देचापोल पुआवारानुक्रोह की जोड़ी से 20-22, 21-23 से हार का मुंह देखना पड़ा। इससे पहले ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी को भी दूसरे दौर में हार का मुंह देखना पड़ा।

# घरेलू क्रिकेट में वापसी में फ्लॉप रहे रोहित शर्मा, मुंबई ने पहली पारी में बढ़त गंवाई



**मुंबई :** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का लाल गेंद के क्रिकेट में खराब फॉर्म जारी रहा और गुरुवार को यहां रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप ए मैच में मुंबई ने जम्मू-कश्मीर के खिलाफ पहली पारी में बढ़त गंवा दी। तेज गेंदबाजों की मददगार विकेट पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी करना अजिंक्य रहाणे की अगुवाई वाली टीम के लिए महंगा साबित हुआ क्योंकि मुंबई की टीम महज 120 रन पर आउट हो गई और जवाब में जम्मू-कश्मीर ने पहले दिन स्टंप तक सात विकेट पर 174 रन बनाकर 54 रन की बढ़त हासिल की। मैच के पहले दिन में 17 विकेट गिरे। शार्दुल ठाकुर ने 57 गेंद में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 51 रन बनाकर मुंबई को सात विकेट पर 47 रन के स्कोर से संभालकर 100 रन के पार पहुंचाया। लगभग एक दशक के बाद रणजी ट्रॉफी में खेलने उतरे रोहित की मौजूदगी निराशाजनक साबित हुई क्योंकि वह फिर एक साधारण शॉट पर आउट हो गए। उनकी उपस्थिति को देखते हुए बड़ी संख्या में दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जम्मू-कश्मीर के उमर नजीर (41 रन देकर चार विकेट) की गेंद ने भारतीय कप्तान को चौंका दिया और भारतीय टेस्ट सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल के महज चार रन पर पगबाधा आउट होने के तुरंत बाद वह मिड-ऑफ पर पारस डोगरा को आसान कैच थमाकर पवेलियन पहुंच गये।

### रोहित के विकेट का जश्न नहीं मनाया क्योंकि उनका प्रशंसक हूं: जम्मू कश्मीर के तेज गेंदबाज नजीर

**मुंबई :** उमर नजीर मीर के लिए बृहस्पतिवार को यहां मुंबई के खिलाफ रणजी मैच में रोहित शर्मा को आउट करना 'एक बड़ी सफलता' थी लेकिन भारतीय टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान का प्रशंसक होने के कारण जम्मू कश्मीर के इस तेज गेंदबाज ने जश्न मनाने से परहेज किया। इस 31 साल के गेंदबाज ने मैच के शुरुआती दिन तेज गेंदबाजों की अनुकूल परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए 41 रन देकर चार विकेट लिये जिसमें रोहित के अलावा अजिंक्य रहाणे (12), शिवम दुबे (शून्य) और हार्दिक तामोरे (सात) जैसे बल्लेबाजों का विकेट शामिल है। गेंद को स्विंग करने की क्षमता से प्रभावित करने वाले नजीर ने मैच के बाद कहा, ' एक अच्छी गेंद, किसी भी खिलाड़ी के खिलाफ अच्छी गेंद होती है, आप खिलाड़ी का रूतबा नहीं देखते लेकिन रोहित शर्मा का विकेट बड़ा है, मैं खुश हूं।' उन्होंने कहा, 'उनको आउट करने के बाद मेरे मन में पहला विचार यह आया कि रोहित शर्मा का प्रशंसक होने के नाते मुझे जश्न नहीं मानना चाहिये। मुझे पता है कि वह बड़े खिलाड़ी है और मैंने उन्हें आउट किया। मैं रोहित शर्मा का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं।'

### एमसीए ने क्रिकेट गेंद से सबसे बड़ा वाक्य लिखने का 'गिनीज वर्ल्ड' रिकॉर्ड बनाया

**मुंबई :** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने बृहस्पतिवार को वानखेड़े स्टेडियम में 14,505 लाल और सफेद गेंदों का इस्तेमाल करके क्रिकेट बॉल से सबसे बड़ा वाक्य बनाने का 'गिनीज वर्ल्ड' रिकॉर्ड हासिल किया। भारत के प्रतिष्ठित क्रिकेट स्थलों में से एक वानखेड़े स्टेडियम के 50 साल पूरे होने के मौके पर एमसीए के भव्य समारोह के दौरान यह उपलब्धि हासिल की गई जिसमें क्रिकेट बॉल से सबसे बड़ा वाक्य 'फिफ्टी इयर्स ऑफ वानखेड़े स्टेडियम' बनाकर 'गिनीज वर्ल्ड' रिकॉर्ड हासिल किया गया। यह स्टेडियम भारतीय क्रिकेट के कुछ सुपरस्टार तैयार करने का स्थल भी रहा है, यहीं भारत ने 2011 में महान क्रिकेटर एमएस धोनी के नेतृत्व में अपना दूसरा 50 ओवर का विश्व कप खिताब जीता था। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा, 'हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मुंबई क्रिकेट संघ ने वानखेड़े स्टेडियम में 14,505 लाल और सफेद क्रिकेट गेंदों का उपयोग करके क्रिकेट बॉल से सबसे बड़ा वाक्य 'फिफ्टी इयर्स ऑफ वानखेड़े स्टेडियम' बनाकर 'गिनीज वर्ल्ड' रिकॉर्ड हासिल किया है।'

## न्यूज अपडेट

### गांगुली को पछाड़कर अंकित चटर्जी बंगाल के सबसे कम उम्र के रणजी खिलाड़ी बने



**कोलकाता :** अंकित चटर्जी ने बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी के अपने पदार्पण मैच में हरियाणा के अनुभवी तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज के खिलाफ शानदार कवर ड्राइव लगाकर अपना खाता खोला तो इससे पूर्व दिग्गज सौरव गांगुली की यादें ताजा हो गईं क्योंकि यह किशोर वामहस्त बल्लेबाज भारत के पूर्व कप्तान को पछाड़कर इस राज्य के लिए रणजी खेलने वाला सबसे युवा खिलाड़ी बन गया। अंकित ने 15 साल और 361 दिन की उम्र में रणजी पदार्पण किया जबकि गांगुली ने 17 साल की उम्र में बंगाल के लिए अपना पहला मैच 1989-90 में खेला था। यह मैच रणजी ट्रॉफी का फाइनल था जिसमें बंगाल ने दिल्ली को शिकस्त दी थी। बनगांव हाई स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र अंकित की इस पल तक की यात्रा बलिदान और अथक समर्पण से भरी रही है। वह कोलकाता मैदान पहुंचने के लिए वह पिछले तीन साल से लगभग हर रोज सुबह साढ़े तीन बजे उठ रहे हैं और 4:25 बजे की बोंगांव-सियालदह लोकल ट्रेन से दो घंटे की यात्रा के बाद आधे घंटे पैदल चलकर कोलकाता मैदान पहुंचते थे। उनकी दिनचर्या रात के नौ या 10 बजे खत्म होती है।

### जडेजा के पांच विकेट से सौराष्ट्र ने दिल्ली पर कसा शिकंजा, पंत ने किया निराश



**राजकोट :** भारतीय हरफनमौला रविंद्र जडेजा (पांच विकेट और 38 रन) के शानदार खेल सौराष्ट्र ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच में बृहस्पतिवार को शुरुआती दिन दिल्ली की पहली पारी को 188 रन पर समेटने के बाद पांच विकेट पर 163 रन बनाकर बढ़त लेने की ओर कदम बढ़ा दिये। दिल्ली की रणजी टीम में वापसी कर रहे भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 10 गेंद की पारी में सिर्फ एक रन ही बना सके। दिल्ली ने कप्तान आयुष बडोनी (60) और यश ढुल (44) की उपयोगी पारियों खेली लेकिन दोनों अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। रविंद्र जडेजा ने 66 रन देकर पांच विकेट चटकाये और उन्हें को टीम के एक अन्य बायें हाथ के स्पिनर धर्मेंद्र सिंह जडेजा का अच्छा साथ मिला जिन्होंने पंत सहित तीन बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखायी। सौराष्ट्र ने दिन का खेल खत्म होने तक पांच विकेट पर 163 रन बना लिये। एक छोर से विकेटों के पतन के बीच सलामी बल्लेबाज हार्विक देसाई 120 गेंद में आठ चौके की मदद से 93 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। उन्होंने रविंद्र जडेजा के साथ चौथे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की। रविंद्र जडेजा ने 36 गेंद की पारी में दो चौके और तीन छक्के जड़े। सौराष्ट्र दिल्ली से अभी 25 रन पीछे हैं और उसके पांच विकेट बचे हुए है। जमशेदपुर में खेले जा रहे मैच में ऑफ स्पिनर उत्कर्ष सिंह के पांच विकेट से झारखंड ने छत्तीसगढ़ की पहली पारी को 230 रन पर समेट दिया। उत्कर्ष ने 19.3 ओवर में 50 रन देकर पांच विकेट चटकाये। छत्तीसगढ़ के सलामी बल्लेबाज अनुज तिवारी नाबाद रहते हुए एक रन से शतक पूरा करने से चूक गये। तिवारी ने 225 गेंद की नाबाद पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाकर टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचाने में अहम योगदान दिया। दिन का खेल खत्म होने तक झारखंड ने बिना किसी नुकसान के 11 रन बना लिये थे। तमिलनाडु ने सालेम में खेले जा रहे ग्रुप के एक अन्य मैच में चंडीगढ़ के खिलाफ अपनी पहली पारी में 301 रन बनाये। आंद्रे सिद्धार्थ (106) ने शतकीय पारी खेली जबकि एन जगदीसन (63) ने अर्धशतक जड़ा।

## जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में खेल का विकास करना हमारी सरकार की प्राथमिकता : प्रधानमंत्री मोदी



**लेह :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी सरकार की प्राथमिकता देश भर में विशेषकर जम्मू-कश्मीर और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में खेलों का विकास करना है। यहां खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 के उद्घाटन समारोह के दौरान एक संदेश में मोदी ने पूरे भारत में खेल गतिविधियों को फैलाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि कैसे लद्दाख और जम्मू-कश्मीर ने सिर्फ 'हमारे देश में खेल की संस्कृति को ही आगे नहीं बढ़ाया है बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है जो देश की सुंदरता और विविधता को प्रदर्शित करता है।' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'हमारी सरकार लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में खेल विकास को पहली प्राथमिकता देती है। जम्मू-कश्मीर में 100 खेलो इंडिया केंद्रों और लद्दाख में तीन केंद्रों से हमारे प्रयास इस क्षेत्र को खेल उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में आकार दे रहे हैं।'

उन्होंने कहा, 'खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 हमारी खेल उत्कृष्टता को अगले स्तर तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।' बर्फीली सुबह में खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 का बृहस्पतिवार को यहां प्रतिष्ठित एनडीएस स्टेडियम में शानदार आगाज हुआ। खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 का पहला हिस्सा 27 जनवरी तक केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख द्वारा आयोजित किया जा रहा है। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर 22-25 फरवरी तक इन खेलों के दूसरे चरण की मेजबानी करेगा। दिल्ली से आने वाली फ्लाइट खराब मौसम के कारण लेह के कुशोक बकुला रिम्पोछे हवाई अड्डे पर नहीं उतर सकी जिसमें खेल मंत्री मनसुख मांडविया आ रहे थे जिन्हें इन खेलों के उद्घाटन समारोह में शामिल होना था। उद्घाटन समारोह में लद्दाख के उपराज्यपाल ब्रिगेडियर डॉ बीडी मिश्रा सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। मांडविया ने उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं हो पाने पर निराशा व्यक्त की लेकिन सभी हितधारकों को प्रोत्साहित किया। खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 की शुरुआत बृहस्पतिवार को एनडीएस परिसर और लद्दाख स्काउट्स रेजिमेंटल सेंटर में आइस हॉकी मैचों के साथ हुई।

## अंडर-19 विश्व कप: भारत ने श्रीलंका को 60 रन से हराकर सुपर सिक्स में जगह पक्की की



**कुआलालंपुर:** सलामी बल्लेबाज जी तृषा की 49 रन की पारी और तेज गेंदबाजों की नयी गेंद से शानदार गेंदबाजी से भारत ने बृहस्पतिवार को यहां श्रीलंका पर 60 रन की एकतरफा जीत के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर रहते हुए आईसीसी अंडर-19 टी20 महिला विश्व कप के सुपर सिक्स में प्रवेश किया। बल्लेबाजी के लिए मुश्किल परिस्थितियों में त्रिशा ने 44 गेंदों की पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया जिससे भारत को नौ विकेट पर 118 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। मिथिला विनोद (10 गेंद में 16 रन) और वीजे जोशीथा (नौ गेंद में 14 रन) ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाये। इसके बाद तेज गेंदबाज जोशीथा (17 रन पर दो विकेट) और शबनम शकील (नौ रन पर दो विकेट) ने शुरुआती चार ओवर में दो-दो विकेट झटक कर श्रीलंका का स्कोर चार विकेट परनौ रन कर दिया। अगले ओवर में कप्तान मनुडी नानायककारा के रन आउट होने से उसकी 12 रन तक आधी टीम पवेलियन पहुंच गयी।श्रीलंका की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 58 रन ही बना सकी। भारत ने ग्रुप चरण के अपने अभियान को तीन मैचों में तीन जीत के साथ खत्म किया। श्रीलंका के लिए रश्मिका सेवांडी (12 गेंद में 15 रन) ही दोहरे अंक में रन बना सकी।



## आईटी शेयरों के दम पर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 115 अंक चढ़ा



**मुंबई :** वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुझान के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), टिकाऊ उपभोक्ता और जिंस शेयरों में खरीदारी आने से बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 115 अंक चढ़ा जबकि निफ्टी में 50 अंकों की तेजी रही। विश्लेषकों ने कहा कि उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में निवेशकों ने चुनिंदा खंडों को लेकर भरोसा दिखाया। हालांकि बैंकों के शेयरों में बिकवाली का दबाव दिखा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 115.39 अंक यानी 0.15 प्रतिशत बढ़कर 76,520.38 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 338.55 अंक चढ़कर 76,743.54 के उच्च स्तर पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 50 अंक यानी 0.22 प्रतिशत बढ़कर 23,205.35 पर बंद हुआ। यह शेयर बाजार में तेजी का लगातार दूसरा दिन रहा। बुधवार को सेंसेक्स 566.63 अंक बढ़कर 76,404.99 अंक और निफ्टी 130.70 अंक बढ़कर 23,155.35 अंक पर बंद हुआ था। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मास्युटिकल, जोमैटो, टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, टाइटन, आईटीसी और बजाज फाइनेंस के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी रही। इसके उलट, कोटक महिंद्रा बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, पावरग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंडसइंड बैंक, नेस्ले इंडिया और एक्सिस बैंक में गिरावट दर्ज की गई। जियोजत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बाजार में अमेरिकी सरकार के फैसलों से वैश्विक व्यापार प्रभावित होने, मुद्रास्फीति तेज होने और मुद्राओं में उतार-चढ़ाव की अनिश्चितता बनी हुई है।

### वॉलमार्ट ने भारत स्थित तीन स्टार्टअप के साथ शुरुआती रणनीतिक कार्यक्रमों की घोषणा की

**वाशिंगटन :** खुदरा क्षेत्र की प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनी वॉलमार्ट ने अपनी अमेरिकी आपूर्ति श्रृंखला तथा 'सोर्सिंग' परिचालन के लिए समाधान प्रदान करने के वास्ते भारत स्थित तीन स्टार्टअप के साथ शुरुआती स्तर के रणनीतिक कार्यक्रमों की घोषणा की है। वॉलमार्ट के उपाध्यक्ष (सोर्सिंग इनोवेशन एंड सप्लाई एश्योरेंस) काइल कार्लाइल ने कहा, 'प्रौद्योगिकी नवाचार ही वह चीज है जो वैश्विक स्तर पर मजबूत आपूर्ति श्रृंखला को आगे बढ़ाने के लिए वास्तविक दुनिया के समाधानों को प्रेरित करती है। वैश्विक नवप्रवर्तकों के साथ सहयोग कर हम अधिक मजबूत आपूर्ति तंत्र का निर्माण करने के लिए नए विचारों पर गौर कर रहे हैं।' प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस शुरुआती कार्यक्रमों के लिए तीन स्टार्टअप पुणे स्थित केबीकोल्स साइंसेज, चेन्नई स्थित ग्रीनपॉड लैब्स और बेंगलुरु स्थित क्रॉपिन का चुना गया है। इन कंपनियों ने पिछले साल 'वॉलमार्ट ग्रोथ समिट' में हिस्सा लिया था।

# भारतीय रुपया दक्षिण-पूर्व एशिया की सबसे कमजोर प्रदर्शन वाली मुद्राः मूडीज



**नयी दिल्ली :** मूडीज रेटिंग्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले दो वर्षों में भारतीय मुद्रा लगभग पांच प्रतिशत और पिछले पांच वर्षों में 20 प्रतिशत गिरकर दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया की सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाली मुद्राओं में से एक बन गई है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में लगातार गिरावट देखने को मिली है। हाल ही में रुपया 86.70 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक आ गया था। इसे लेकर आर्थिक जगत में खासी चिंता देखी जा रही है। मूडीज ने गिरते रुपये के प्रभावों को समझने के लिए भारत की 23 कंपनियों का आकलन किया है। इसके आधार पर मूडीज ने पाया कि इनमें से केवल छह कंपनियों पर ही डॉलर की मजबूती का असर पड़ रहा है। हालांकि मूडीज ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इन कंपनियों के पास भी असर को कम करने वाले कारक मौजूद हैं। मूडीज के आकलन में शामिल इन कंपनियों में भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (बीपीसीएल), हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (एचपीसीएल), इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), अल्ट्राटेक सीमेंट, भारती एयरटेल और एएनआई टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। मूडीज ने 'दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया उभरते बाजारों की कंपनियों पर जारी अपनी रिपोर्ट में कहा, पिछले दो वर्षों में रुपये में केवल पांच प्रतिशत की ही गिरावट आई है, लेकिन जनवरी, 2020 से अब तक यह 20 प्रतिशत से अधिक गिर चुका है। इस तरह यह दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया में सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाली मुद्राओं में से एक बन गई है।

## मारुति सुजुकी इंडिया एक फरवरी से वाहनों के दाम 32,500 रुपये तक बढ़ाएगी




**नयी दिल्ली :** प्रमुख वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) एक फरवरी से अपने विभिन्न मॉडल के दाम 32,500 रुपये तक बढ़ाएगी। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बताया कि इससे कच्चे माल की लागत वृद्धि के असर को कुछ हद तक कम करने में मदद मिलेगी। मारुति सुजुकी इंडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, कच्चे माल की बढ़ती लागत और परिचालन व्यय के कारण कंपनी एक फरवरी, 2025 से कार की कीमतें बढ़ाने की योजना बना रही है। कंपनी ने कहा, हालांकि, कंपनी लागत को अनुकूलतम बनाने और ग्राहकों पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है, फिर भी हम बढ़े हुए खर्चों का कुछ हिस्सा बाजार पर डालने के लिए मजबूर हैं। संशोधित कीमतों के तहत कंपनी की कॉम्पैक्ट कार सेलेरियो की शोरूम कीमत 32,500 रुपये तक बढ़ जाएगी, जबकि प्रीमियम मॉडल इनविक्टो की कीमत में 30,000 रुपये तक की वृद्धि होगी। कंपनी के लोकप्रिय मॉडल वैगन-आर की कीमत 15,000 रुपये जबकि स्विफ्ट की कीमत 5,000 रुपये तक बढ़ जाएगी। एसयूवी ब्रेजा और ग्रैंड विटारा की कीमतों में क्रमशः 20,000 रुपये और 25,000 रुपये तक की बढ़ोतरी होगी। कंपनी ने बताया कि शुरुआती स्तर की छोटी कारों... ऑल्टो के10 की कीमत 19,500 रुपये तक और एस-प्रेसो की कीमत 5,000 रुपये तक बढ़ जाएगी। प्रीमियम कॉम्पैक्ट मॉडल बलेनो की कीमत 9,000 रुपये तक, कॉम्पैक्ट एसयूवी फ्रोंक्स की कीमत 5,500 रुपये तक और कॉम्पैक्ट सेडान डिजायर की कीमत 10,000 रुपये तक बढ़ जाएगी।

## रूस के खिलाफ प्रतिबंधों का कोई बड़ा असर नहीं होगा, तेल कीमतें 75-80 डॉलर पर स्थिर रहेंगी: आईओसी




**दावोस :** सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के चेयरमैन अरविंदर सिंह साहनी ने बृहस्पतिवार को कहा कि रूस के खिलाफ किसी भी और प्रतिबंध का भारत की कच्चे तेल की जरूरतों पर कोई असर नहीं पड़ेगा और वैश्विक कीमतें 75-80 डॉलर प्रति बैरल के दायरे में स्थिर रहेंगी। उन्होंने कहा कि इसका कारण हमें पहले से ही प्रतिबंध की आशंका थी। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक के दौरान यहां पीटीआई-भाषा से बातचीत में उन्होंने कहा कि ऐसे कई ऊर्जा स्रोत हैं जिनका उपयोग किसी भी आपात स्थिति में भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए किया जा सकता है। दावोस में भारत की भागीदारी के बारे में पूछे जाने पर साहनी ने कहा कि यहां भारत की बड़ी उपस्थिति देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा, इससे बहुत मदद मिलती है क्योंकि हम यहां एक ही स्थान पर कई वैश्विक कंपनियों से मिल सकते हैं। हम उन सभी के साथ विचारों का आदान-प्रदान कर सकते हैं, और यह कंपनी और अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा है। डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका का दूसरी बार राष्ट्रपति बनने और भारत पर इसके प्रभाव के बारे में उन्होंने कहा कि यह ऊर्जा क्षेत्र के लिए सकारात्मक होना चाहिए, क्योंकि 'उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि हमें अधिक ऊर्जा का उत्पादन करना होगा और हम अधिक ऊर्जा स्रोतों के खिलाफ नहीं हैं। अधिक से अधिक ऊर्जा स्रोत होना हमेशा बेहतर होता है।' उन्होंने कहा कि भारत कच्चे तेल का लगभग 87 प्रतिशत आयात करता है और अगर देश को एक से अधिक स्रोत मिलें तो यह बेहतर होगा।

## न्यूज अपडेट

### सोना 82,900 रुपये के नये रिकॉर्ड स्तर पर, चांदी 500 रुपये टूटी

**नयी दिल्ली :** सकारात्मक वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 170 रुपये बढ़कर 82,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। बुधवार को सोना 82,730 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। सोने का भाव करीब एक साल में 20,180 रुपये यानी 32.17 प्रतिशत बढ़कर 82,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। 23 फरवरी, 2024 को यह 62,720 रुपये प्रति 10 ग्राम था।

### अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे टूटकर 86.44 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई :** अमेरिकी डॉलर में मजबूती और विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर निकासी के बीच बृहस्पतिवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले नौ पैसे टूटकर 86.44 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि हालांकि, सकारात्मक घरेलू शेयर बाजारों और कच्चे तेल की कम कीमतों ने भारतीय मुद्रा को निचले स्तर पर समर्थन दिया।

### भारत, अमेरिका, पश्चिम एशिया 2025 में 100 गीगावाट सौर क्षमता जोड़ेंगे; चीन बना रहेगा अग्रणी

**नयी दिल्ली :** भारत, अमेरिका और पश्चिम एशिया मिलकर 2025 में 100 गीगावाट सौर क्षमता जोड़ सकते हैं, जबकि चीन इस क्षेत्र में अगुवा बना रहेगा। वुड मैकेंजी की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर पर दो वर्षों तक सौर पैनल के अधिक संख्या में उपलब्ध होने से इसकी कीमतें कम रहने के बाद इस वर्ष मॉड्यूल की कीमतों में भी वृद्धि होगी। इससे विनिर्माताओं के मुनाफे में होने वाली भारी हानि की भरपाई हो सकेगी। अनुसंधान एवं परामर्श कंपनी वुड मैकेंजी ने कहा, 'भारत, अमेरिका और पश्चिम एशिया पूर्व के उभरते केंद्रों से वैश्विक सौर विनिर्माण क्षमता में कम से कम 100 गीगावाट की वृद्धि के आसार हैं।' रिपोर्ट में कहा गया है, 'चीन प्रमुख विनिर्माण केन्द्र बना रहेगा। चीन प्रमुख मॉड्यूल घटकों के लिए वैश्विक परिचालन क्षमता के 75 प्रतिशत (1.2 टेरावाट) के साथ विश्व का सौर विनिर्माण केंद्र बना रहेगा।' वुड मैकेंजी ने कहा, 'भारत में डेवलपर और विनिर्माता घरेलू मॉड्यूल और 'अपस्ट्रीम' घटकों की उच्च लागत से जूझ रहे हैं और नीतियां परियोजना की समयसीमा तथा आर्थिक व्यवहार्यता को प्रभावित करती हैं, जिससे 2024 में देखी जाने वाली वृद्धि में बाधा आने का अनुमान है।' नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, भारत की कुल स्वच्छ ईंधन आधारित क्षमता 20 जनवरी तक 217.62 गीगावाट के स्तर पर पहुंच गई थी।

### खाद्य सुरक्षा नियामक ने पतंजलि फूड्स को लाल मिर्च पाउडर के एक बैच को वापस मंगाने को कहा

**नयी दिल्ली :** पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को कहा कि खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने कंपनी को खाद्य सुरक्षा मानदंडों के अनुरूप न होने के कारण पैक किए गए लाल मिर्च पाउडर के एक खास बैच को वापस मंगाने का निर्देश दिया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने 13 जनवरी को इस संबंध में एक आदेश जारी किया है। नियामकीय सूचना में कहा गया है कि खाद्य सुरक्षा नियामक ने 'खाद्य सुरक्षा और मानक (संदूषक, विषाक्त पदार्थ और अवशेष) विनियम, 2011 का अनुपालन न करने के कारण पतंजलि फूड्स को बैच संख्या - एजेडी2400012 के शामिल खाद्य (यानी लाल मिर्च पाउडर (पैक) के पूरे बैच को वापस बुलाने का निर्देश दिया है।' वर्ष 1986 में बनी, बाबा रामदेव के नेतृत्व वाली पतंजलि आयुर्वेद समूह की फर्म, पतंजलि फूड्स (पूर्व में रुचि सोया) भारत की दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) शीर्ष कंपनियों में से एक है।

वर्ष 9, पूर्णांक 4129 अंक 279, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in